www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, गुरुवार, 7 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-332 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए

वर्तमान युग में पर्याप्त अवसर मौजूद : ओम बिरला 02
■ दिल्ली के बजट में हर तबके का रखा ख्याल : आप
■ सोमनाथ भारती महिला विरोधी मानसिकता ... 03
■ जयशंकर ने की 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त ...
■ बंधकों की रिहाई के लिए स्थायी युद्धविराम चाहता है हमास 07
अनुपम खेर की पोस्ट पर कंगना ने लिखा, ... 10

## सार संक्षेप

### हाईकोर्ट ने सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद्द किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने बजट सत्र की शुरुआत में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण को बाधित करने के लिए सात भाजपा विधायकों को निलंबित कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने विधानसभा के इस आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता की याचिकाओं पर 27 फरवरी को आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया।

### गुना में ट्रेनिंग प्लेन दुर्घटनाग्रस्त, महिला पायलट घायल




**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक ट्रेनिंग प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस विमान की महिला पायलट घायल हुई हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब तकनीकी खराबी के चलते प्लेन को गुना हवाई पट्टी पर उतारने की कोशिश हो रही थी। बताया गया है कि इस प्लेन ने सागर की हवाई पट्टी से उड़ान भरी। इसे महिला प्रशिक्षु पायलट चला रही थीं।

### रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट के आरोपी की तस्वीर जारी



**बंगलुरु।** रामेश्वरम कैफे बम ब्लास्ट मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने ब्लास्ट को अंजाम देने वाले संदिग्ध आरोपी की तस्वीर जारी की है। इसके अलावा जो कोई भी उसके बारे में जानकारी देगा, उसे 10 लाख रुपए का इनाम भी दिए जाने का ऐलान किया गया है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, जांच एजेंसी को मामले की जांच के दौरान एक अहम सुराग हाथ लगा है।

### पेपर लीक मामले में छह आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में छह आरोपियों को मेरठ जिले के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के नगलातांशी इलाके से गिरफ्तार किया। एसटीएफ के अनुसार उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की 17 एवं 18 फरवरी को आयोजित सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक कराने के मामले में छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

### मिनिकॉय द्वीप में नौसेना बेस जटायु का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप में नौसेना बेस जटायु का लोकार्पण किया। इस मौके पर लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल के पटेल मौजूद थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोले राहुल

# हरित क्रांति जैसा कदम साबित होगी जातिगत जनगणना

■ सरकार में आते ही जातिगत जनगणना कराएंगे ■ आदिवासी इस देश के है असली मालिक

**भोपाल**, 6 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वडनगर, बदनावर, सैलाना और रतलाम की जनसभा में बुधवार को कहा कि कांग्रेस के सरकार में आते ही जाति जनगणना कराई जाएगी। राहुल गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की जनसभा में कहा कि हरित क्रांति, श्वेत क्रांति जितना बड़ा कदम है जाति आधारित जनगणना। सरकार में आते ही हम इसे कराएंगे। बता दें कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ने मध्य प्रदेश में दो मार्च को प्रवेश किया था और बुधवार को राज्य में यात्रा का अंतिम दिन था। सैलाना में रात्रि विश्राम के बाद 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' गुरुवार को राजस्थान में प्रवेश करेगी। यात्रा के अंतिम दिन राहुल गांधी ने कहा कि इस मानसिकता के लोग आदिवासियों को आदिवासी की बजाय वनवासी कहते हैं, क्योंकि वे यदि आदिवासी कहेंगे तो उन्हें मानना पड़ेगा कि आदिवासी इस देश के असली मालिक हैं और भाजपा यह मानना नहीं चाहती।



### आज राजस्थान में प्रवेश करेगी यात्रा

जयपुर। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' गुरुवार को बांसवाड़ा जिले के दानपुर से राजस्थान में प्रवेश करेगी। कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने कहा, 'यात्रा सुबह करीब 10.30 बजे राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रवेश करेगी और फिर गुजरात जाएगी।' प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा व्यवस्थाओं की समीक्षा करने, सभा स्थल और यात्रा के मार्ग का जायजा लेने के लिए बुधवार को बांसवाड़ा पहुंचे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता भी यात्रा में शामिल होंगे।

### जल, जंगल और जमीन पर कब्जा नहीं होने देंगे : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनसभा में कहा कि आज देश को आवश्यकता है कि सभी एक साथ आएं और इस बात का संकल्प लें कि हमारे जल, जंगल और जमीन का कब्जा नहीं होने देंगे। हम हमारी जमीन नहीं बेचने देंगे। भाजपा सरकार ने 3 लाख से अधिक वन अधिकार पट्टे खारिज किए। एक आदिवासी समाज के व्यक्ति को प्रताड़ित किया गया और शिवराज सिंह चौहान ने उसके पैर धोए, आज पैर धोने की बजाय अछूतपन की मानसिकता मन से हटाने की आवश्यकता है।



## श्रीकांत जेना फिर कांग्रेस में लौटे

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं ओडिशा के कद्दावर नेता श्रीकांत जेना घर वापसी करते हुए फिर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस के ओडिशा के प्रभारी महासचिव डॉ. अजय कुमार ने यहां पार्टी मुख्यालय में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में श्री जेना को अंगवस्त्र पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। डॉ. कुमार ने कहा कि श्री जेना ओडिशा के कद्दावर नेता हैं और उनकी गैरमौजूदगी कांग्रेस के लिए न सिर्फ उनके क्षेत्र बालेश्वर में, बल्कि पूरे ओडिशा में परेशानी पैदा कर रही थी लेकिन खुशी की बात यह है कि श्री जेना फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और उन्हें पार्टी से जो गिले शिकवे थे, उन सबको दूर कर लिया गया है।

चुनाव आयोग ने राहुल को भेजी एडवायजरी

### मोदी के खिलाफ बयानबाजी में सतर्कता बरते

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी को जनसभाओं के दौरान बयानबाजी के लिए सतर्कता बरतने की एडवायजरी जारी की है। चुनाव आयोग ने भविष्य में जनसभाओं के दौरान अधिक सतर्क व सावधान होने के लिए कहा है। राहुल ने पिछले साल भाजपा नेताओं के खिलाफ भाषण देते हुए जेबकतरा और पनौती जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था।

## 10 को चार घंटे का होगा 'रेल रोको' आंदोलन : पंधेर

**चंडीगढ़**, 6 मार्च (एजेंसियां)। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र ने किसानों को राजधानी पहुंचने से रोकने के लिए दिल्ली और आसपास के इलाकों में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती कर खुद स्वीकार कर लिया है कि किसान आंदोलन राष्ट्रव्यापी है। उन्होंने 10 मार्च को चार घंटे के 'रेल रोको' प्रदर्शन में भी शामिल होने की लोगों से अपील की है।

अंबाला के नजदीक पंजाब-हरियाणा की शंभू सीमा पर मीडिया से बातचीत करते हुए पंधेर ने कहा, ' दिल्ली में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती कर सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि विरोध प्रदर्शन राष्ट्रव्यापी है और यह पंजाब एवं हरियाणा तक सीमित नहीं है।' पंधेर ने दावा किया कि राजस्थान में करीब 100 किसानों को तब हिरासत में लिया गया जब वे दिल्ली जा रहे थे। किसान नेता पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने गत रविवार को देशभर के किसानों से आह्वान किया था कि वे छह मार्च को दिल्ली पहुंचे जबकि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर । फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गांरटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते



■ किसान नेता ने कहा, सरकार ने माना किसान आंदोलन राष्ट्रव्यापी

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएमए) ने 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं।

**दिल्ली के अन्य हिस्सों में निषेधाज्ञा क्यों लगाई**

पंधेर ने कहा, 'हमने फैसला किया कि अन्य राज्यों के किसान रेलगाड़ी या अन्य माध्यमों से दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए पहुंच सकते हैं। सरकार कह रही है कि यह प्रदर्शन पंजाब तक सीमित है। हम पूछना चाहते हैं कि क्यों धारा-144 के तहत 'जंतर मंतर' और दिल्ली के अन्य हिस्सों में निषेधाज्ञा लगाई गई है, क्यों टिकरी और सिंघू बॉर्डर पर अवरोधक लगाए गए हैं? इसका अभिप्राय है कि केंद्र ने स्वीकार कर लिया है कि यह प्रदर्शन देशव्यापी है।'

## पुलिस ने सीबीआई को सौंपा शेख शाहजहां

**कोलकाता,** 6 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार शाम करीब पौने सात बजे संदेशखाली के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) को सौंप दिया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार सवा चार बजे तक शाहजहां को सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया था. हालांकि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोर्ट की डेडलाइन के करीब ढाई घंटे बाद शाहजहां की कस्टडी सीबीआई को सौंपी। कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश के मुताबिक सीबीआई की टीम बुधवार को सवा चार बजे के पहले ही कोलकाता स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंच गई थी। इससे पहले जब बंगाल पुलिस ने मंगलवार को शेख शाहजहां की कस्टडी सीबीआई को नहीं सौंपी थी तो ये मामला फिर से बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचा। कलकत्ता हाई कोर्ट की जस्टिस हरीश टंडन और जस्टिस हिरण्यमय भट्टाचार्य की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए इसे कोर्ट के आदेश की अवमानना बताया। साथ ही कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल पुलिस को नोटिस जारी करते हुए 2 सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा।



■ कलकत्ता हाई कोर्ट ने दिया था निर्देश
■ पुलिस को 2 सप्ताह में जवाब देना होगा

### ममता सरकार पहुंची थी सुप्रीम कोर्ट

मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए राज्य की ममता बनर्जी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की जल्द सुनवाई की मांग की गई तो जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद यह तय हो गया था कि पुलिस को शेख को सीबीआई को सौंपना होगा।

## चिराग की चुप्पी से गहराने लगे सवाल

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार की सियासत में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुखिया चिराग पासवान की चुप्पी के चलते सवाल गहराने लगे हैं। माना जा रहा है कि नीतीश की एनडीए में वापसी उन्हें राय नहीं आ रही है। इसके अलावा चाचा पशुपति कुमार पारस के साथ सीटो को लेकर टकराव बना हुआ है।

**तेजस्वी साथ आने का प्रस्ताव दे सकते है**

इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाओं से उनकी दूरी को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। इसे उनकी एनडीए के साथ नाराजगी से जोडकर देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अगर सीट बटवारे को लेकर चिराग की मांग पूरी नहीं हुई तो वे अकेले भी चुनाव लड़ने का फैसला कर सकते हैं। हालाकि राजद भी चिराग पासवान पर नजर बनाए हुए है। अगर वे एनडीए से हटते हैं तो तेजस्वी उन्हें साथ आने का प्रस्ताव दे सकते हैं। बताया जा रहा है कि एनडीए में सीट बटवारे को लेकर चिराग पासवान 2019 के फार्मूले की तरह इस बार भी बिहार में 6 लोकसभा सीटों की मांग कर रहे हैं। जबकि भाजपा की ओर उनकी इस मांग को पूरा किया जाना मुश्किल लग रहा है। क्योंकि लोजपा की टूट के बाद 5 सांसद पशुपति कुमार पारस के साथ चले गए हैं। लेकिन चिराग और पारस दोनों 6-6 सीटों की मांग कर रहे हैं। जबकि भाजपा दोनों गुटों को एककर 6 सीट देना चाहती है। फिलहाल चिराग चाचा के साथ अपनी शर्तों पर ही समझौता करना चाहते हैं। ऐसे में अगर बात नहीं बनी उनकी राह अलग हो सकती है।



■ एनडीए में नीतीश की वापसी से हैं नाराज
■ मोदी की सभाओं से भी बना रहे हैं दूरी

### ओडिशा में भाजपा व बीजेडी के बीच गठबंधन तय

लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। ओडिशा में भाजपा और बीजेडी के बीच गठबंधन तकरीबन तय हो गया हैं। माना जा रहा है कि 12 मार्च को भुवनेश्वर में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। मालूम हो कि बीजेडी ने हाल के राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अश्विनी वैष्णव का समर्थन किया था। इसके बाद बीते 5 मार्च को जब प्रधानमंत्री ने ओडिशा दौरे में नवीन पटनायक को लोकप्रिय मुख्यमंत्री बताया,तभी से दोनों दलों बीच गठबंधन होने की उम्मीद जताई जा रही थी।

## साहित्य अकादेमी करेगी विश्व का सबसे बड़ा 'साहित्योत्सव'

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय साहित्य संस्था साहित्य अकादेमी स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने पर अपना वार्षिक 'साहित्योत्सव' इस बार विश्व के सबसे बड़े साहित्य महोत्सव रूप में आयोजित करेगी जिसमें 175 से अधिक भाषाओं के 1100 से अधिक लेखक और कवि भाग लेंगे। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस वर्ष साहित्योत्सव 11 मार्च से 16 मार्च तक रवींद्र भवन परिसर में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में 190 से अधिक सत्रों में 1100 से अधिक प्रसिद्ध लेखक और विद्वान भाग ले रहे हैं। इसमें देश की 175 से अधिक भाषाओं का भी प्रतिनिधित्व होगा।

उन्होंने बताया कि इस साहित्योत्सव में तीन राज्यों केरल के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री सी.वी. आनंद बोस विशेष रूप से भाग ले रहे हैं। इस पुरस्कार-अर्पण समारोह की मुख्य अतिथि प्रख्यात ओड़िया लेखिका प्रतिभा राय होंगी। प्रतिष्ठित संवत्सर व्याख्यान प्रख्यात उर्दू लेखक एवं गीतकार गुलज़ार देंगे। साहित्योत्सव में 'साहित्य एवं कूटनीति' पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन भी होगा।

श्री श्रीनिवासराव ने बताया कि साहित्योत्सव की शुरुआत अकादेमी की वर्षभर की प्रमुख गतिविधियों की प्रदर्शनी से होगा। साहित्योत्सव का मुख्य आकर्षण साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2023 अर्पण समारोह होगा। साहित्य अकादेमी के महत्तर सदस्यों का अभिनंदन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छह दिन तक चलने वाले इस साहित्योत्सव में हिंदी एवं विभिन्न भारतीय भाषाओं के कुछ महत्वपूर्ण लेखक एवं विद्वान भाग ले रहे हैं।

साहित्य अकादेमी

■ 1100 से अधिक लेखक और कवि भाग लेंगे
■ 175 से अधिक भाषाओं का होगा प्रतिनिधित्व

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा

**जौनपुर,** 6 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपर सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में सात साल की सजा सुनाई। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायमूर्ति शरद त्रिपाठी ने मंगलवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को दोषी करार दिया था। इस सजा के बाद धनंजय अब आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष सांसद-विधायक कोर्ट के न्यायमूर्ति शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को कोर्ट ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा सुनाई। अधिवक्ता ने बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइनबाजार थाने में अपहरण, रंगदारी तथा अन्य धाराओं में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम पर भारतीय दंड संहिता की धारा 364, 386, 504, 506 तथा 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।



■ लोकसभा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे
■ सहयोगी को भी दोषी ठहराया था

## उप्र से 8 भाजपा सांसदों का टिकट कटना तय!

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने भले ही अभी लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। लेकिन राजनीतिक दल उम्मीदवारों की घोषणा में लग गए है। भाजपा ने उप्र से 51 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें 47 सीटों पर मौजूदा सांसदों को ही उतारा गया है,जबकि हारी हुई 4 सीटो पर नए प्रत्याशी उतारे गए है। लेकिन दूसरी सूची में 8 मौजूदा सांसदों पर टिकट कटने की तलवार लटक रही है। इसमें, पीलीभीत से वरुण गांधी, कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह, बदायूं से संघमित्रा मौर्या, प्रयागराज से रीता बहुगुणा जोशी, कानुपर से सत्यदेव पचौरी,भदोही से रमेश बिंद, मछलीशहर से वीपी सरोज व देवरिया से डॉ. रमापति राम त्रिपाठी के नाम तकरीबन तय है।

**हारी हुई 4 सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे**

उम्मीद — *सिर्फ शिवरात्रि की परंपराओं को ही सहेज सकें विस्थापित पंडित*

## 34 साल से शिवरात्रि पर वापसी की दुआ कर रहे कश्मीरी

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 6 मार्च(देशबन्धु)। महाशिवरात्रि का त्योहार 8 मार्च शुक्रवार को पूरे देश में मनाया जाएगा। कश्मीरी पंडितों का यह सबसे बड़ा त्योहार होता है और देश के अन्य हिस्सों की अपेक्षा इसे यहां ज्यादा धूमधाम से मनाया जाएगा। कश्मीरी पंडित इसे हेरथ के रूप में मनाते हैं। हेरथ शब्द संस्कृत भाषा से लिया गया है जिसका हिंदी अर्थ हररात्रि या शिवरात्रि होता है।**

हेरथ को कश्मीरी संस्कृति के आंतरिक और सकारात्मक मूल्यों को संरक्षित रखने का पर्व भी माना जाता है। इसके साथ ही यह लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कश्मीरी पंडित महाशिवरात्रि पर भगवान शिव सहित उनके परिवार की स्थापना घरों में करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से वटुकनाथ घरों में मेहमान बनकर रहते हैं। करीब एक महीने पहले से इसे मनाने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। कहने को 34 साल का अरसा बहुत लंबा होता है और अगर यह अरसा कोई विस्थापित रूप में बिताए तो उससे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेज कर रख पाएगा। पर कश्मीरी पंडित विस्थापितों के साथ ऐसा नहीं है जो बाकी परंपराओं को तो सहेज कर नहीं रख पाए लेकिन शिवरात्रि की परंपराओं को फिलहाल नहीं भूले हैं।



■ सकारात्मक मूल्यों को संरक्षित रखने का पर्व भी माना जाता है

### पिछले एक हफ्ते से हो रही तैयारी

जम्मू स्थित कश्मीरी पंडितों की सबसे बड़ी कॉलोनी जगती और समूचे जम्मू में बसे कश्मीरी पंडितों के घर-घर में पिछले एक हफ्ते से ही पूजा की तैयारी शुरू हो चुकी हैं। लोग घर की साफ-सफाई और पूजन सामग्री एकत्रित करने में व्यस्त हैं। कश्मीर घाटी में बर्फ से ढके पहाड़ और सेब तथा अखरोट के दरख्तों के बीच मनोरम प्राकृतिक वातावरण में यह पर्व मनाने वाले कश्मीरी पंडित अब छोटे-छोटे सरकारी क्वार्टरों और जम्मू की तंग बस्तियों में धार्मिक अनुष्ठान करते हैं।

# देश

उवाच "

टिपरा मोथा, केंद्र और त्रिपुरा सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते में स्पष्टता की कमी है और यह इस बात पर प्रकाश डालने में विफल रहा है कि भविष्य में चीजें किस दिशा में आगे बढ़ेंगी।

-सुदीप रॉय बर्मन, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 10.0 |
| मुंबई | 27.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 24.0 |

# वर्तमान युग में पर्याप्त अवसर मौजूद : ओम बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के समापन समारोह को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के समापन

■ **युवाओं को भविष्य की बाधाओं का सामना साहस के साथ करने के लिए किया प्रोत्साहित**

समारोह को संबोधित किया। वर्ष 2047 तक देश को समृद्ध, पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने में छात्रों की क्षमता पर भरोसा जताते हुए ओम बिरला ने उनसे वैश्विक विकास में भारत को अग्रणी बनाने के लिए अपने कौशल का उपयोग करने का आग्रह किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह भी कहा कि वर्तमान युग में पर्याप्त अवसर मौजूद हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर देख रहा है । युवाओं को भविष्य की बाधाओं का सामना साहस के साथ करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका दृढ़ संकल्प एक मजबूत और सशक्त भारत की नींव रखेगा। बिरला





ने यह भी कहा कि विश्व का नेतृत्व करने के लिए युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करने की आवश्यकता है।

**विश्व का नेतृत्व करने के लिए युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करने की आवश्यकता : ओम बिरला**

**21वीं सदी भारत की**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि 21वीं सदी भारत की है, और इसी क्रम में उन्होंने युवाओं से निष्ठा, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट प्रयासों के साथ इस सपने को साकार करने का आह्वान किया। बिरला ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के राष्ट्रीय विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर केंद्रीय खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंतिम राउन्ड में पहुंचने वाले प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई देते हुए ओम बिरला ने युवा सभा के उत्साह की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि स्पष्ट सोच वाले कुशल वक्ताओं को देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई और वह आश्वस्त हैं कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की जिम्मेदारी बहुत सक्षम हाथों में है।

युवा संसद के समापन के लिए चुने गए स्थान के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बिरला ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए संविधान सदन, विशेष रूप से इसके प्रतिष्ठित केंद्रीय कक्ष की उपयुक्तता पर बल दिया। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि इस पवित्र कक्ष ने भारत की राष्ट्र-निर्माण की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह कक्ष विदेशी अधीनता से आजाद होकर देश में लोकतंत्र और गणतंत्र की स्थापना का प्रतीक है। युवा प्रतिभागियों से इस पावन स्थल से जुड़ी विरासत पर गर्व करने का आग्रह करते हुए बिरला ने संविधान सभा के सदस्यों के बारे में उन्हें बताया जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए अधिकार, समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए और एक सशक्त संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए इसी स्थान पर विचार-विमर्श किया था।

### कॉफी टेबल बुक पार्लियामेंट आर्ट का किया विमोचन



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन (संसद की नई इमारत) में मौजूद अद्वितीय कला और मूर्तिकला का परिचय देने वाली कॉफी टेबल बुक पार्लियामेंट आर्ट का विमोचन किया। इस कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) द्वारा किया गया है। इस अवसर पर आईजीएनसीए के प्रयासों की सराहना करते हुए, लोकसभा अध्यक्ष ने संसद के नए भवन को भारतीय संस्कृति की विविधता को प्रतिबिंबित करने वाला एक अद्वितीय भवन बनाने में इस संगठन के अमूल्य योगदान की सराहना की। बिरला ने कहा कि आईजीएनसीए द्वारा उपलब्ध कराई गई कलाकृतियों और मूर्तियों में हमारे देश की आत्मा बसी है और इनके माध्यम से एक विशिष्ट भारतीयता को बनाए रखते हुए देश की अनूठी विविधता को दर्शाया गया है। उन्होंने इस बात का उल्लेख भी किया कि भवन के डिजाइन में प्राचीन भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं के साथ ही निर्वाचन जैसे आधुनिक लोकतांत्रिक साधनों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव, डॉ. सच्चिदानंद जोशी और परियोजना समन्वयकर्ता, श्रीमती प्रियंका मिश्रा सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे।

# आजाद ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार किया घोषित

## उधमपुर-डोडा सीट से जीएम सरूरी लड़ेंगे चुनाव

**श्रीनगर,** 6 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उधमपुर-डोडा सीट से जी.एम.सरूरी को अपना उम्मीदवार घोषित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री आजाद ने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के चरार-ए-शरीफ में एक सार्वजनिक रैली में उम्मीदवार के नाम की घोषणा की। पूर्व मुख्यमंत्री आजाद ने संवाददाताओं से कहा कि उधमपुर-डोडा के लिए, जी. एम. सरूरी चुनाव लड़ेंगे क्योंकि वह सबसे वरिष्ठ नेता, चार बार के विधायक और हमारी पार्टी के उपाध्यक्ष हैं।

उन्होंने कहा कि सरूरी उपयुक्त उम्मीदवार हैं और पार्टी ने अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है लेकिन सरूरी के नाम पर विचार कर लिया है। गुलाम मोहम्मद सरूरी लंबे समय से कांग्रेस के साथ जुड़े रहे। गुलाम नबी के साथ ही उन्होंने अगस्त 2022 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और डीपीएपी में शामिल हो गए थे। सरूरी 2002 से 2018 तक किश्तवाड़ जिले के इंदरवाल निर्वाचन क्षेत्र के विधायक रह चुके हैं। 2008 में, उन्हें पर्यटन, वन, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण और उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 2009-2010 तक मैकेनिकल इंजीनियरिंग और सड़क एवं



भवन मंत्री के रूप में भी कार्य किया था। वहीं देखा जाए तो भाजपा ने केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह पर तीसरी बार विश्वास जताया है। उन्हें जम्मू-कश्मीर की उधमपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारने का फैसला किया गया है। भाजपा की ओर से जारी की गई पहली सूची में इस बात का खुलासा हुआ है। साथ ही जम्मू की लोकसभा सीट से जुगल किशोर शर्मा प्रत्याशी बनाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने पूर्व के 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2014 में उधमपुर सीट पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने मौजूदा जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को हराया था। डॉ. जितेंद्र सिंह को 487,369 वोट मिले थे। जबकि, गुलाम नबी आजाद को 4,26,393 मिले थे। उस समय गुलाम नबी आजाद कांग्रेस के प्रत्याशी थे। अब गुलाम नबी ने कांग्रेस से अलग होकर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बनाई है। नेकां ने कश्मीर की सभी 3 लोकसभा सीटों पर गठबंधन छोड़ अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ने का एलान किया है।

## सार संक्षेप

### बेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, कोयंबटूर की यात्रा पर जाएंगे धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आठ मार्च, को बेंगलुरु (कर्नाटक), तिरुवनंतपुरम (केरल) और कोयंबटूर (तमिलनाडु) की यात्रा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को यहां बताया कि अपने एक दिवसीय यात्रा में बेंगलुरु में धनखड़ इसरो उपग्रह एकीकरण एवं परीक्षण प्रतिष्ठान (आईएसआईटीई), बेंगलुरु का दौरा करेंगे और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिक समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। धनखड़ केरल के तिरुवनंतपुरम में राजनका पुरस्कार प्रदान करने के अवसर पर मुख्य अतिथि भी होंगे। उपराष्ट्रपति महाशिवरात्रि समारोह में तमिलनाडु के कोयंबटूर में ईशा योग केंद्र का भी दौरा करेंगे।

### अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अपराध शाखा ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर और एक स्थानीय राजनेता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुणे में एक 31 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी एक सप्ताह पहले साइबर थाना में दर्ज एक शिकायत के बाद हुई है। बीड के मूल निवासी अश्रुबा कदम ने अपने परिवार को सूचित किया था कि वह यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली जाने की सोच रहा था, लेकिन समाजशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, वह पुणे चला गया और एक गैरेज में काम करने लगा। इस संबंध में एक शिकायत दर्ज की गई और बाद में आरोपी को पुणे में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को यहां अदालत में पेश किया गया।

### जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश, हिमपात के आसार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की बारिश और हिमपात के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक इन दिनों आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं तथा जम्मू-कश्मीर में आज रात से सात मार्च की दोपहर तक छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश, हिमपात का अनुमान है।

### गुना में प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट घायल

**गुना।** मध्य प्रदेश की गुना हवाईपट्टी पर बुधवार को एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार महिला पायलट घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने प्रारंभिक सूचना के हवाले से बताया कि प्रशिक्षु विमान राज्य के नीमच से सागर जिले के ढाना तक की उड़ान पर था। बताया गया कि उड़ान के दौरान महिला पायलट को कुछ तकनीकी परेशानी प्रतीत हुई। इसके बाद उसने गुना हवाई पट्टी पर अनुमति के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई।

# बीआरएस को लोकसभा चुनावों में नहीं मिलेगी एक भी सीट : रेड्डी



**यदाद्रि भुवनागिरी,** 6 मार्च (एजेंसियां)। तेलंगाना के सड़क एवं भवन मंत्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी ने बुधवार को दावा किया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को आगामी लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिलेगी। कोमती रेड्डी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य में सभी वर्ग के लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजाओं का बेहतर लाभ मिल रहा है और वे कांग्रेस शासन से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख को वेतन मिल रहा है और उनके विकास के लिए विभिन्न कार्य योजनाएं बनायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) निर्माण में इस तरह से आवश्यक परिवर्तन किए जाएंगे कि इससे किसी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने चंद्रशेखर राव के विधानसभा सत्र में अनुपस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि बीआरएस आगामी लोकसभा चुनावों में एक भी सीट बचा नहीं पाएगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि कांग्रेस पार्टी 13-14 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के परिवार के देश के लिए किये गये बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि अगर वे तेलंगाना में चुनाव लड़ेंगे तो अवश्य जीतेंगे।

बेतिया में आयोजित जनसभा में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# बिहार ने सदियों तक किया देश का नेतृत्व

**पटना/बेतिया,** 6 मार्च (देशबन्धु)। बेतिया की धरती से 12 हजार 800 करोड़ की विकास योजनाओं का उपहार पीएम मोदी ने दिया। इस दौरान उन्होंने करीब आधे घंटे तक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद के दशकों में बिहार की एक बहुत बड़ी चुनौती यहां से युवाओं का पलायन रही है। जब बिहार में जंगलराज आया तब ये पलायन और ज्यादा बढ़ गया। जंगलराज लाने वाले लोगों ने सिर्फ अपने परिवार की चिंता की। बिहार के लाखों बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया। उन्होंने कहा कि बिहार वो धरती है, जिसने सदियों तक देश का नेतृत्व किया है। बिहार वो धरती है, जिसने एक से बढ़कर एक प्रतिभावान व्यक्तित्व मां भारती को दिए हैं। ये सच्चाई है कि जब-जब बिहार समृद्ध रहा है, तब भारत समृद्ध रहा है। इसलिए विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना भी उतना ही जरूरी है। बिहार में जंगलराज



**बिहार के लाखों नौजवानों से उनका भाग्य जंगलराज लाने वाले परिवार ने छीना : मोदी**

लाने वाला परिवार यहां के युवाओं का सबसे बड़ा गुनाहगार है। जंगलराज के जिम्मेदार परिवार ने बिहार के लाखों नौजवानों से उनका भाग्य छीन लिया। ये एनडीए सरकार है, जो इस जंगलराज से बिहार को बचाकर इतना आगे लाई है। एनडीए की डबल इंजन सरकार का प्रयास है कि बिहार के युवा को यहीं बिहार में नौकरी मिले, रोजगार मिले। आज जिन हजारों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है, उसके मूल में भी यही भावना है। बिहार से दूसरे शहरों में रोजी-रोटी के लिए जाते रहे और यहां एक ही परिवार फलता फूलता रहा किस तरह एक एक नौकरी के बदले जमीनों पर कब्जा किया गया। क्या कोई भी व्यक्ति इस प्रकार से लूटने वालों को माफ कर सकता है क्या? बिहार में जंगल राज लाने वाला परिवार बिहार के युवाओं का सबसे बड़ा गुनहगार है। जंगल राज के जिम्मेदार परिवार ने बिहार के लाखों नौजवानों से उनका भाग्य छीन लिया।

मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार है जो जंगल राज से बिहार को बचाकर इतना आगे लाई है। एनडीए की डबल इंजन सरकार का प्रयास है की बिहार के युवा को यही बिहार में नौकरी मिले यही बिहार में रोजगार मिले।

### *12 हजार 800 करोड़ की विकास योजनाओं का दिया तोहफा*

*बेतिया की धरती से 12 हजार 800 करोड़ की विकास योजनाओं का उपहार पीएम मोदी दिया। मार्च महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दूसरा बिहार दौरा है। इससे पहले 2 मार्च को वे औरंगाबाद और बेगूसराय आए थे। जहां कई विकास योजनाओं का उन्होंने उद्घाटन और शिलान्यास किया था। औरंगाबाद में 21 हजार करोड़ की परियाजनाओं का उद्दाटन एवं शिलान्यास करने के बाद पीएम मोदी ने बेगूसराय में बिहार सहित पूरे देश के लिए 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण किया था। आज पीएम मोदी बेतिया पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। बेतिया से उन्होंने 12 हजार 800 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया।*

# बिहार में एनडीए में सीट बंटवारे का फार्मूला जल्द होगा तय : मांझी

## अगले दो-तीन दिन में बैठक की जताई संभावना

**पटना,** 6 मार्च (देशबन्धु)। बिहार में एनडीए में सीट बंटवारे की तस्वीर अभी तक साफ नहीं हुई है। लेकिन, अब इस मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल नेता ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने यह साफ कर दिया है कि बिहार एनडीए से सीट का बंटवारा कब तक होगा और इसके साथ ही उन्होंने बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी पूरी जानकारी दी है। दरअसल, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने पटना में मीडिया के सवालों जा जवाब देते हुए कहा कि एनडीए की बैठक होगी और उसमें तय होगा कि कौन कहां से किस सीट पर चुनाव लड़ेगा और कितने सीट पर कौन सी पार्टी चुनाव मैदान में होगी। यह बैठक अभी नहीं हुई है, लेकिन



अगले दो-तीन दिन में यह बैठक हो जाएगी। वहीं, तेजस्वी के तरफ से बिहार में सीट बंटवारे में हो रही देरी पर सवाल उठाते हुए यह कहा जाना कि उनसे पहले हम अपना कैंडिडेट बता देंगे पर जवाब देते हुए मांझी ने कहा कि इसमें कौन सी बड़ी बात है। वो राज्य की पार्टी हैं और हमारे साथ ऐसी पार्टी है और राज्य और देश दोनों जगह सरकार चला रही है तो सारी बातों को ध्यान में रखकर सबकुछ तय किया जाता है न, इसलिए वो हमसे पहले बता देंगे तो कोई बड़ी बात नहीं है। उधर, बिहार कैबिनेट विस्तार में हो रही देरी के सवाल पर मांझी ने कहा कि कोई देरी नहीं हो रहा है।

### सभी सीटों पर चुनाव जीतने का किया दावा

इसके साथ ही हम पार्टी के लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर किए गए सवाल पर मांझी ने कहा कि फिलहाल इस पर कुछ नहीं कहना है, मीटिंग हो जाने के बाद ही इस पर कुछ भी कहना उचित होगा, अब एक-दो दीन में मीटिंग हैं तो उसके बाद भी इस पर कुछ कहना ठीक होगा। हम लोग सभी 40 सीटों पर चुनाव जीत रहें इससे अच्छी बात क्या होगी।

# प.बंगाल में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का पारिश्रमिक बढ़ा

**कोलकाता,** 6 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलने वाले पारिश्रमिक में 750 रुपए बढ़ाने की घोषणा की। बनर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि अप्रैल, 2024 से हमारी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को हर महीने 750 रुपए का बढ़ा हुआ पारिश्रमिक मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त, हमने अपनी आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए मासिक पारिश्रमिक में 500 रुपये की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। बनर्जी ने कहा कि हमारे ऊपर वित्तीय बोझ पड़ने के बावजूद, हम यह सुनिश्चित करने में प्रतिबद्ध हैं कि हमारे लोग सुखी और समृद्ध जीवन जीएं।

# शाहजहां शेख की 12 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क

## हत्या, जबरन वसूली व जमीन हड़पने सहित विभिन्न आरोपों में की कार्रवाई

**कोलकाता,** 6 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की 12.78 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुर्क की है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईडी ने बताया कि यह कुर्की हत्या, जबरन वसूली और जमीन हड़पने सहित विभिन्न आरोपों में शाहजहां शेख और अन्य के खिलाफ चल रही जांच के संबंध में हुई है। ईडी की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा पश्चिम बंगाल राज्य राजमार्ग अधिनियम सहित कई धाराओं के तहत पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों के आधार पर जांच शुरू की है। शाहजहां शेख और



अन्य पर मारपीट की धमकी, हत्या, हत्या का प्रयास, जबरन वसूली और आम लोगों की जमीन हड़पना आदि जैसे जघन्य अपराधों के मामले में प्राथमिकी की गयी है।

ईडी ने अपराध से अर्जित 12.78 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्ति जब्त की है। इनमें ग्राम सरबेरिया, संदेशखाली और कोलकाता में अपार्टमेंट, कृषि भूमि, मत्स्य पालन के लिए भूमि, भूमि और भवन आदि की प्रकृति की 14 अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने बताया कि दो बैंक खाते भी सील किए गए हैं।

चौकसी | *प्रधानमंत्री मोदी की श्रीनगर में रैली को लेकर चौकसी कड़ी*

# श्रीनगर में विभिन्न विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 6 मार्च (देशबन्धु)। गुरुवार को श्रीनगर के एतिहासिक बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर पूरा श्रीनगर उनके रंग में रंगता नजर आ रहा है। बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 10 हजार से अधिक बड़े बैनर श्रीनगर को भाजपा का शहर बना रहे थे। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर।**

के दो टुकड़े कर उसकी पहचान खत्म करने की कवायद के बाद नरेंद्र मोदी की कश्मीर में यह पहली रैली है जिसमें वे लोकसभा चुनावों का बिगुल भी बजाने जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा नेता कहते थे कि तैयारियां चल रही हैं और सुरक्षाधिकारी कहते थे कि पूरी कश्मीर घाटी, विशेषकर श्रीनगर में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं, बख्शी स्टेडियम के आसपास की प्रमुख इमारतों और आवासीय क्षेत्रों को सुरक्षा बलों ने साफ कर दिया है। अस्थायी बंकर स्थापित किए



■ **त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में बख्शी स्टेडियम**

गए हैं और कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। वे कहते थे कि रैली में भाग लेने वालों के लिए कड़ी सत्यापन प्रक्रियाएं लागू की जाएंगी, जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी के विवरण को विभिन्न चौनलों के माध्यम से क्रॉस-चेक किया जाएगा। उचित सत्यापन और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन, भाजपा नेतृत्व के साथ, पुलिस के साथ सहयोग कर रहा है। वे कहते थे कि कड़ी सतर्कता के साथ, अधिकारी पीएम के रैली स्थल की सुरक्षा के लिए हवाई निगरानी ग्रिड, ड्रोन और शार्पशूटर सहित परिष्कृत तकनीकों को तैनात कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा नेताओं ने बताया कि नरेंद्र मोदी सात मार्च को श्रीनगर रैली के दौरान जम्मू-कश्मीर को कई परियोजनाओं का तोहफा देंगे। इसके तहत जम्मू-कश्मीर में समन्वित कृषि कार्यक्रम (एचएडीपी) देश को समर्पित करेंगे।

साथ ही प्रसाद योजना के तहत हजरतबल के समन्वित विकास व सोनमर्ग में स्की ड्रैग लिफ्ट का शुभारंभ करेंगे। इस बीच जम्मू और कश्मीर बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने मंगलवार को 10वीं कक्षा की व्यावसायिक विषयों की 7 मार्च को होने वाली वार्षिक परीक्षा स्थगित कर दी। बोर्ड ने कहा कि सॉफ्ट जोन में मार्च-7 को होने वाली वोकेशनल परीक्षा अप्रैल-4 को आयोजित की जाएगी। इस बीच सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए लाल चौक और आसपास के कुछ स्कूलों ने भी बुधवार और बृहस्पतिवार को छुट्टी की घोषणा कर दी है। प्रधानमंत्री श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा इस दौरान जम्मू-कश्मीर में कृषि-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5000 करोड़ रुपए के समग्र कृषि विकास कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। वह स्वदेश दर्शन और प्रसाद (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन ड्राइव) योजना के तहत 1400 करोड़ रुपये से अधिक की पर्यटन क्षेत्र से संबंधित कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे, जिसमें हजरतबल तीर्थ का एकीकृत विकास परियोजना भी शामिल है।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।

पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# दिल्ली के बजट में हर तबके का रखा ख्याल : आप

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा में बुधवार को दूसरे दिन भी बजट पर चर्चा जारी रही। आप विधायकों ने कहा कि बजट में हर तबके, हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। महिलाओं को ताकत देने की कोशिश दी गई है। वहीं, सदन में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष की तरफ से कोई मौजूद नहीं था। चर्चा के बाद विधायकों की मांग पर शिवरात्रि पर कार्यकर्मों के चलते सदन की कार्यवाही को 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। बुधवार को सदन की कार्यवाही नियम 280 के तहत चर्चा के दौरान शुरू हुई। आप विधायकों ने पहले अपने-अपने इलाके में स्थानीय समस्याओं को उठाया। आप विधायक प्रहलाद सिंह साहनी ने अपने यहां एक पार्क में रखरखाव की कमी से हो रही चोरी और बंजर होते पार्क का मुद्दा उठाया। वहीं, राजेश गुप्ता ने अपने इलाके में जल बोर्ड के कामों में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने भी जल बोर्ड की रुकी योजनाओं का मुद्दा पेश किया। संजीव झा ने इलेक्ट्रिक बस डिपो बनने के बाद बढ़ी जाम की समस्या का मुद्दा रखा।



**भाजपा ने दोहरा चरित्र दिखाया : सोमनाथ भारती**

**दिल्ली विधानसभा में बजट पर चर्चा हुई**

सोमनाथ भारती ने बजट पर चर्चा के दौरान भाजपा और एलजी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा का दोहरा चरित्र सामने दिख रहा है। एलजी साहब बुराड़ी, किराड़ी जाकर फोटो दिखाते है कि अरविंद केजरीवाल काम नहीं कर रहे। दूसरी तरफ काम रुकवाने के लिए अधिकारियों पर दबाव डालते हैं। मुख्यमंत्री ने एलजी की शिकायतों पर तुरंत मुख्य सचिव को सात दिन में समाधान करने को कहा है। अगर फिर भी अधिकारी काम नहीं करते तो साफ है कि दिल्ली सरकार का काम भाजपा रुकवा रही है। चोर दरवाजे से एलजी के जरिए काम को रुकवाया जा रहा है।

**महिला सम्मान निधि योजना सबसे चर्चित**

वजीराबाद से विधायक राजेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का ना सिर्फ यह बजट, बल्कि पिछले सभी 9 बजट रामराज्य की अवधारणा पर आधारित हैं। बजट में हर वर्ग, हर तबके और हर क्षेत्र का ख्याल रखा गया है। महिला सम्मान निधि योजना की सबसे अधिक चर्चा है। वहीं, आप विधायक सोमनाथ भारती ने सदन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तुलना श्रीराम से कर डाली। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ही है जो भगवान राम की तरह अपने हर वचन को निभाते हैं। इतनी अड़चनों के बाद भी बीते 9 साल में सरकार के सभी कामों को पूरा किया।

## नगर निगम ने मध्य जोन में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ की कार्रवाई

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने अनधिकृत निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मध्य ज़ोन के अबुल फजल एन्क्लेव 1 और शाहीन बाग क्षेत्र में सीलिंग अभियान चलाया। बेईमान बिल्डरों को हतोत्साहित करने के लिए इस अभियान के दौरान अबुल फज़ल एन्कालवे-1, शाहीन बाग, जामिया नगर, जाकिर नगर, बटला हाउस में 25 संपत्तियों को सील कर दिया है। मध्य क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ सीलिंग अभियान गुरुवार को भी जारी रहेगा। दिल्ली नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार दिल्ली नगर निगम अवैध निर्माण को लेकर जीरो टॉलरेंस का अनुसरण कर रहा है और निगम अवैध प्लाटिंग, कॉलोनाइजेशन के खिलाफ तोड़फोड़, सीलिंग की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखेगा।

## श्री कृष्ण चेतना पर आधारित बालाजी डर्मा सेंटर की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। बालाजी डर्मा सेंटर बीडीसी ने अपने नए अध्याय की शुरुआत के साथ, एक नया अद्भुत और उत्सवपूर्ण महोत्सव मनाया। बालाजी डर्मा सेंटर का उद्घाटन पूर्व उत्तर क्षेत्र संघचालक डॉ. बजरंग लाल गुप्ता और प्रोफेसर डॉ. महेश वर्मा, वाइस चांसलर, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने किया। डॉ. राजीव गुप्ता, बालाजी डर्मा सेंटर के संस्थापक, एक प्रमुख क्लिनिशियन हैं। उन्हें उत्कृष्टता और अद्वितीय सेवा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। बालाजी डर्मा सेंटर का उद्घाटन एक नई यात्रा की शुरुआत है, जो सौंदर्य के रहस्यमय और मूल्यवान स्थानों को खोजने के लिए आमंत्रित करती है। इस स्थान के उत्कृष्ट वातावरण में, वास्तव में यहां की देखभाल और चिकित्सा सेवाओं में लिप्त होती है। बालाजी डर्मा सेंटर के सभी कर्मचारी, ग्राहकों, और विशेष मेहमानों ने इस अद्वितीय स्थान की प्रशंसा की, जो डर्मा और कॉस्मेटोलॉजी सेवाओं से भरा हुआ है।

## सोमनाथ भारती महिला विरोधी मानसिकता के व्यक्ति : प्रवीण शंकर

### चुनाव में दिखने के लिए बेतुकी ब्यानबाजी करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की सोमनाथ भारती चुनाव से पहले हार मान चुकी पार्टी के एक निराश हताश प्रत्याशी हैं जो चुनाव में दिखने के लिए बेतुकी ब्यानबाजी कर रहे हैं। कपूर ने कहा है की आम आदमी पार्टी के पास दिल्ली में सरकार एवं नगर निगम में सत्ता है पर उसके पास लोकसभा की 7 सीटें खुद लड़ने का अस्तित्व नही है, वह कांग्रेस के रहमो करम पर चुनाव में उतर रही है, लगभग हर दिन आम आदमी पार्टी के नेता कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की सोमनाथ भारती एक महिला विरोधी मानसिकता के व्यक्ति हैं जिनपर पत्नी से विवाद से लेकर ना जाने कितने महिला उत्पीड़न के आरोप हैं और आज भी खुद उनकी पार्टी के पार्षद अंकुश नारंग द्वारा पटेल नगर में एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न पर सोमनाथ भारती की चुप्पी उनके महिला विरोधी चरित्र का एक और प्रमाण है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की भाजपा द्वारा बांसुरी स्वराज जैसी प्रखर वकील एवं प्रवक्ता को नई दिल्ली से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती पूरी तरह बौखला



गये हैं और खुद को अभी से चुनाव आखेड़े के बाहर पा रहे हैं। बांसुरी स्वराज के नामांकन की घोषणा के बाद नई दिल्ली के लोग उनके प्रति मन बना चुके हैं, खासकर महिलाए एवं युवा और इसी से हताश सोमनाथ भारती अब एक ऐसे विषय पर जिसका सार्वजनिक जवाब अगस्त 2015 में संसद के पटल पर दिया जा चुका है उस पर बेतुकी ब्यानबाजी करके खुद को अखबार की खबरों में जिंदा रखना चाह रहे हैं। कपूर ने कहा है की अगर सोमनाथ भारती अपनी बेतुकी ब्यानबाजी बंद नही करेंगे तो शीघ्र दिल्ली की महिलाए अरविंद केजरीवाल से सोमनाथ भारती के महिला विरोधी चरित्र पर सवाल पूछेंगी।

## सार संक्षेप

### मात्र दो रुपए में मिलेगा पांच सौ मिली पैकेज्ड पेयजल

**नई दिल्ली।** भारत में पैकेज्ड पेयजल के अग्रणी ब्रांड वाहटर ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपनी इनोवेटिव कार्ट सर्विस लॉन्च की है। इससे किफायती दाम में पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। छात्रों, बच्चों एवं हाशिए पर जी रहे समुदायों को ध्यान में रखते हुए वाहटर बाजार मूल्य से 80 प्रतिशत कम में प्रीमियम क्वॉलिटी पैकेज्ड पेयजल उपलब्ध कराएगी। वाहटर ने 250 मिली पानी की बोतल की कीमत 1 रुपये और 500 मिली की कीमत मात्र 2 रुपए रखी है। इससे स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं किफायत को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता दिखाई देती है। वाहटर के सह-संस्थापक अमित नेनवानी ने कहा ये कार्ट मात्र एक डिस्ट्रीब्यूशन मैकेनिज्म नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ पेयजल तक पहुंच की व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। कम कीमत पर अपना पैकेज्ड पेयजल उपलब्ध कराते हुए हम एनसीआर के प्रत्येक कोने में लोगों को स्वच्छ पेयजल पाने में सक्षम बना रहे हैं। कम कीमत पर पैकेज्ड पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एडवेंट इन नोएडा, नोएडा फिल्म सिटी, इंडिया गेट, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम में हुडा सेक्टर 44, नेताजी सुभाष प्लेस मेट्रो स्टेशन, कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन, गुरुग्राम के यूनीटेक साइबर पार्क, डीएलएफ गुरुग्राम के मॉडर्न बाजार और चाणक्यपुरी के यशवंत प्लेस पर वाहटर के कार्ट लगाए गए हैं।

### केएसबी लिमिटेड ने दर्ज किया 2247 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व

**नई दिल्ली।** भारत में अग्रणी पंप और वाल्व निर्माताओं में से एक, केएसबी लिमिटेड ने चौथी तिमाही और 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में 2247 करोड़ रुपये का सेल्स रिवेन्यु दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.3 प्रतिशत अधिक है। कम्पनी के अनुसार चौथी तिमाही के सेल्स रिवेन्यु में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 602.6 करोड़ रुपये के सेल्स रिवेन्यु के साथ तिमाही को बंद कर रही है। बिजनेस हाइलाइट्स का सारांश देते हुए, केएसबी लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग वाईस प्रेसिडेंट प्रशांत कुमार ने कहा कि इस साल हमने 23.3 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ असाधारण सेल्स रिवेन्यु दर्ज किया है। हमने ऊर्जा, सौर, वाल्व, सामान्य उद्योग, जल और वेस्टवाटर, और बिल्डिंग सर्विस सहित सभी सेगमेंट में ऑर्डर इनफ्लो में वृद्धि देखी है, और अपने सफलता पर केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, हम आने वाले वर्ष में अपने सभी सेगमेंट में और गहराई से उतरने के के लिए तैयार हैं। चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर महेश भावे ने कहा कि, बाजार में चल रही अनिश्चितताओं के बावजूद हमनें काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

### द्वारका में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला के छावला एरिया में मंगलवार सुबह बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। खुद को घिरता देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। एक गोली हवलदार भूपेंद्र सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी तो जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चला दी। टीम की ओर से चलाई गई गोली से बदमाश जख्मी हो गया। टांग में गोली लगने के बाद फौरन आरोपी रवि शर्मा (26) को काबू कर लिया। बाद में उसे आरटीआरएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को आरोपी के पास से एक पिस्टल, दो कारतूस व खोखा और वारदात में इस्तेमाल एक बाइक बरामद हुई है। आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस ने एएसआई बहादुर सिंह के बयान पर हत्या के प्रयास, सरकारी काम में बाधा और ड्यूटी के दौरान हमला करने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने इसी साल सात फरवरी को घुम्मनहेड़ा गांव में फायरिंग की थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# शिक्षा के आधारभूत ढांचे को करेंगे उन्नत : शैली

## मेयर ने दिल्ली नगर निगम के प्रथम बाल मेला समारोह का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रथम बाल मेले का उद्घाटन किया। बाल मेला समारोह-2023-24 का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, दिल्ली गेट में किया गया। इसमें दिल्ली नगर निगम के सभी 12 जोनों के निगम स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बाल मेला समारोह का आयोजन बच्चों की सह पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों, खेलों, सांस्कृतिक प्रतिभा का जश्न मनाने और बच्चों को इसमें उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि आज दिल्ली के सभी निगम स्कूलों के बच्चे एक प्लेटफॉर्म पर जमा हुए हैं।

दिल्ली नगर निगम के स्कूलों के बच्चों द्वारा इतना भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पिछले 25 सालों में दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा किया गया यह सबसे भव्य कार्यक्रम है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सपना है कि नगर निगम स्कूलों में शिक्षा के स्तर को दिल्ली सरकार के



- **केजरीवाल का सपना निगम स्कूलों को भी दिल्ली के स्कूलों की तरह बेहतर बनाने का है**
- **कार्यक्रम में डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल व नेता सदन मुकेश गोयल ने भी की शिरकत**

स्कूलों की तरह ही उत्कृष्ट बनाना है। हम आने वाले समय में दिल्ली नगर निगम के स्कूलों को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। हम शिक्षा के आधारभूत ढांचे को उन्नत करेंगे। इसके बाद हम शिक्षा के विभिन्न टूल्स के सहारे बच्चों का शैक्षणिक विकास करेंगे। हम बच्चों को म्यूजिक, खेल, सांस्कृतिक विषय आदि विधाओं में भी पारंगत करेंगे।

**बच्चे ही वास्तविक जीवन के सितारे : इकबाल**

डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि बच्चे ही वास्तविक जीवन के सितारे हैं। कम उम्र के बच्चों ने जिस स्तर की सांस्कृतिक प्रस्तुति दी वह ने केवल मनमोहक है बल्कि हैरान करने वाली भी है। दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर होता जा रहा है। निगम स्कूलों के बच्चे अब प्राइवेट स्कूलों से आगे हैं। यह शिक्षा विभाग के सतत प्रयासों का परिणाम है। मुझे उम्मीद है कि निगम स्कूलों के ये बच्चे भविष्य में दिल्ली और देश की शान बनेंगे।

**मेले के माध्यम से बच्चों को प्रतिभा दिखाने का मिला मौका : मुकेश गोयल**

नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा पहली बार बाल मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले के माध्यम से निगम स्कूलों के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। पिछले 27 सालों के अपने राजनीतिक जीवन में मैंने निगम स्कूलों के बच्चों द्वारा इतनी मनमोहक प्रस्तुति पहली बार देखी है। निगम स्कूलों के बच्चों में प्रतिभा और जज्बे की कोई कमी नहीं है लेकिन हमें इस प्रतिभा को निखारना होगा।

## केजरीवाल ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एशियन गेम्स-2022 में पदक जीत कर भारत का नाम रौशन करने वाले राजधानी के 11 खिलाड़ियों एवं तीन कोच को सम्मानित किया। केजरीवाल ने कैश इंसेंटिव स्कीम के तहत स्वर्ण पदक लाने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़, सिल्वर को 75 लाख और कांस्य को 50 लाख रुपए का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खिलाड़ियों को हर स्तर पर मदद करेगी। हमने दिल्ली में देश की सबसे बेहतरीन खेल नीति बनाई है और अब इसमें कुछ और सुधार करेंगे। उन्होंने कहा कि पदक जीतने के बाद तो हर कोई खिलाड़ियों को सम्मान देने के लिए आगे आता है, लेकिन जब ये खिलाड़ी संघर्ष कर रहे होते हैं, तब उनकी मदद करने कोई नहीं आता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार प्ले एंड प्रोग्रेस और मिशन एक्सिलेंस स्कीम के तहत आर्थिक मदद देकर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए तैयार करती है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने पूरी दुनिया में भारत और दिल्ली का नाम रौशन किया है। आप लोग साल दर साल दिल्ली और देश के लिए पदक ला रहे हैं। हमारे साथ-साथ पूरे देश को आप पर गर्व है। आप लोगों ने इसके लिए बहुत संघर्ष, त्याग और तपस्या की है, तब जाकर यह सब हासिल किया है।

## प्रधानमंत्री योजना लाभार्थी उत्सव में बांटे उज्ज्वला कनेक्शन



**नई दिल्ली,** 6 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री के गले में जो कमल का हार सुशोभित होगा लोक सभा चुनाव के बाद उसमें दिल्ली भाजपा की तरफ से भी सात कमल के फूलों को समर्पित किया जाएगा। ये बात दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोकलपुर में पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली की तरफ से अयोजित विशाल प्रधानमन्त्री योजना लाभार्थी उत्सव में कही। उन्होंने उत्तरपूर्वी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवार मनोज तिवारी को विजयी बनाने की अपील की। भाजपा के उम्मीदवार मनोज तिवारी ने उपस्थित जन समूह के बीच कहा कि हम सब भी मोदी के परिवार हैं हजारों की भीड़ में गूंज उठा कि हम भी मोदी के परिवार। मनोज तिवारी ने बताया कि भारत को विकसित बनाने के लिए दिल्ली सहित पूरे देश में भाजपा को जिताएं। पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी जी ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए भ्रष्ट केजरीवाल और भ्रष्ट कांग्रेस के गठबंधन पर करारा प्रहार किया।

**भारत को विकसित बनाने के लिए भाजपा की जीत का किया आह्वान**


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 28.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/संपदा-II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/एस पी मार्ग के कार्य क्षेत्र में टाइप-V और VI बंगलों में छत के प्लास्टर प्रवेश शेड और भंडारण कक्ष की पैरापेट दीवार में सुधार अन्य संबद्ध कार्यों के साथ-साथ आवासीय भवन और सेवा भवन में कीट नियंत्रण और दीमक के प्रावधान हेतु। | रुपये 16440541.94 | रुपये 232200.00 | 08 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/एस पी मार्ग के कार्य क्षेत्र में टाइप V से VII बंगलों के सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार और अन्य संबद्ध कार्य हेतु। | रुपये 9685824.69 | रुपये 193700.00 | 12 महीने |
| सी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-I के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/सैन मार्टिन मार्ग के कार्य क्षेत्र में टाइप-V, टाइप-VI की मरम्मत एवं सदस्य बंगला एवं अन्य संबद्ध कार्य हेतु। | रुपये 10624373.75 | रुपये 203100.00 | 12 महीने |
| डी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/एम.एन.टी.बी के कार्य क्षेत्र में महाबत खान रोड पर ब्लॉक नंबर 1 ई से 36 ई, 126-127 और एम.एन.टी.बी रेलवे कॉलोनी में 118 से 122, 150-151, 167-168 की मरम्मत | रुपये 12682702.13 | रुपये 213400.00 | 08 महीने |

1. निविदा दिनांक: 28.03.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

पत्र संख्या :- 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/23-24/डब्लयू-ई/टेंडर. न: 51 (ए.बी.सी.डी.) दिनांक : 05.03.2024 708/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद**

पत्रांक: 45/पंचायत/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/निविदा/2023-24 दिनांक 06-03-2024

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी विकास खण्ड लोनी में निम्न कार्य हेतु पंचम राज्य वित्त आयोग/15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत शील्ड बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म अपनी निविदायें शील्डबन्द लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 07-03- 2024 से दिनांक 12-03-2024 दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदायें दिनांक 12-03-2024 को सॉय 3 बजे उसी दिन अधिकारी/आपूर्तिकर्ताओं के सम्मुख खोली जायेगी ।

| क्र. सं- | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की लागत (18% GST सहित) | अर्नेस्ट मनी (10%) | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी में महीपाल के मकान से बारात घर नाली निर्माण कार्य | ल. -115.00 मीट | 151900.00 | 15190.00 | 160.00 | 15 दिन |
| 2 | ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी में शिवकुमार के प्लॉट से 2 हतेवा मन्दिर तक सपोर्ट वॉल व इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य | ल. -87.00 मीट | 696800.00 | 69680.00 | 700.00 | 15 दिन |
| 3 | ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी में ग्राम अफजलनगर सिती में सतीश शर्मा के मकान से दिनेश शर्मा के मकान तकः नाली व इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य | ल. -45.00 मीट | 340800.00 | 34080.00 | 350.00 | 15 दिन |
| 4 | ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी में संपूर्ण साफ-सफाई का कार्य | 1.00 जॉब | 40500.00 | 4050.00 | 50.00 | 15 दिन |

1- अर्नेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन०एस०सीध्एफ०डी० आर के रूप में जमा की जा सकती है जो सचिव ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी के नाम से बंधक होगी।

2- कार्य पी0डब्लूडी की विशिष्टियों के अनुरूप होगा ।

3- नियमानुसार सभी शासकीय कटौतियां की जायेंगी।

4- निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

5- कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा लोनी से ली जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचाय-मुर्तजाबाद भूपखेडी**
**वि.ख. लोनी गा. बाद।**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत - मुर्तजाबाद भूपखेडी**
**वि.ख. लोनी गा. बाद।**

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

पूरे देश की जनता नौजवान व किसान को संविधान का खतरा लगता है, ये संविधान मंथन हो रहा है, एक वे लोग हैं जो संविधान बचाना चाह रहे हैं, दूसरी तरफवे लोग हैं जो संविधान के अधिकारों को छीनना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव में जनता की जीत होगी, भाजपा कहीं विधायकों को तोड़ने का काम चल रहा है। भाजपा इस समय घबरायी हुई है, इस समय जो परीक्षाएं हो रही हैं, उसको जानबूझकर पेपर लीक कराया जा रहा है : **अखिलेश यादव**

## नमो भारत ट्रेन जल्द ही मेरठ तक देगी सेवाएं : वीके सिंह

**गाजियाबाद**, 6 मार्च (देशबन्धु)। मोदी सरकार के अब अत्याधुनिक नमो भारत ट्रेन का परिचालन अब दुहाई से आगे बढ़कर साहिबाबाद से मोदीनगर तक होगा। बुधवार को देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुहाई से मोदीनगर सेक्शन का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान मोदीनगर तक ट्रेन के परिचालन के लिए हरी झंडी भी दिखाई गई।

वर्चुअल उद्घाटन के दौरान मुरादनगर स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया गया । उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह मुरादनगर विधायक अजीजपाल त्यागी, मेरठ सांसद राजेंद्र अग्रवाल बागपत सांसद सतपाल सिंह ,मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच मुरादनगर रैपिड रेलवे स्टेशन पहुंचे।

एनसीआरटीसी ने प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि शुक्रवार से यात्री नमो भारत ट्रेन में मोदीनगर तक सफर कर सकेंगे। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर प्रायोरिटी सेक्शन से आगे दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक का 17 किमी लंबा अतिरिक्त सेक्शन नमो भारत ट्रेनों का परिचालन के लिए तैयार हुआ है और इस सेक्शन में मुरादनगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ तीन स्टेशन शामिल हैं। इस सेक्शन के उद्घाटन से नमो भारत सेवाएं दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 34 किमी के सेक्शन पर निर्बाध रूप से उपलब्ध हो गयी हैं, जिसमें साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक कुल आठ स्टेशन हो गए हैं।



शुक्रवार से यात्री नमो भारत ट्रेन में मोदीनगर तक सफर कर सकेंगे

दिल्ली को मेरठ से जोड़ने वाले भारत के प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर की आधारशिला मार्च 2019 में प्रधान मंत्री द्वारा रखी गई थी। इसके 17 किमी लंबे प्रायोरिटी सेक्शन को 20 अक्टूबर 2023 में प्रधान मंत्री द्वारा यात्री परिचालन के लिए हरी झंडी दिखाई गई थी।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम केन्द्रीय मंत्री डॉ.जनरल विजय कुमार सिंह गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान आरआरटीएस के प्रबंधक विनय कुमार सिंह द्वारा सभी मुख्य अतिथियों, वशिष्ठ अतिथियों, अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित करते हुए पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री डॉ.जनरल विजय कुमार सिंह ने कहा कि नमो भारत ट्रेन जल्द ही मेरठ तक शुरू हो जायेगी। अभी साहिबाबाद से मोदीनगर तक कि यात्रा सुखद, आरामदायक और समयापयोगी हो गयी है और जल्द ही यह सेवा दिल्ली से मेरठ तक शुरू हो जायेगी।

केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं में गति से प्रगति का जीता जागता उदाहरण है ।

## पुलिस ने किसानों के खिलाफ दायर की चार्जशीट

**नोएडा**, 6 मार्च(देशबन्धु)। भारतीय किसान परिषद ने नोएडा प्राधिकरण पर मांगों को लेकर 2021 में चार महीने के धरना दिया था। इस दौरान किसानों ने प्राधिकरण की तालाबंदी भी की थी। इस दौरान किसानों पर 11 मुकदमे और 2022 से 2024 तक हुए 4 मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस ने आश्वासन दिया था कि किसानों द्वारा धरना स्थगित करने पर पुलिस प्रशासन द्वारा सभी केस को खत्म कर दिया जाएगा।

धरना समाप्त होने के बाद अब भारतीय किसान परिषद के लोगों को जानकारी मिली कि 2021 के 11 मुकदमों में किसानों के खिलाफ चार्जशीट लगाई गई है। इसके विरोध में भारतीय किसान परिषद द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में किसानों को यहां आयुक्त कार्यालय के हॉल में बैठाया गया। वहीं पर पुलिस आयुक्त से बातचीत की गई। जिसमें उनको सभी पुराने वादों को याद दिला कर किसानों ने सभी मामलों में न्याय करने की बात कही। संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने पुराने सभी मामलों में किसान के साथ न्याय करने की बात कही एवं जल्द ही मामले को सुलझा कर रिपोर्ट को प्रेषित करने की बात कही। पुलिस आयुक्त ने अगले 10 दिन में हाई पावर कमिटी की मीटिंग कराने की बात कही। किसान आश्वासन से संतुष्ट हुए। इस मामले में भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि यदि किसानों के मुकदमे वापस नहीं लिए जाते तो मजबूरन हमे अपना कदम उठाना पड़ेगा। फिलहाल पुलिस आयुक्त से बातचीत करने के बाद किसान संतुष्ट है। सुखवीर खलीफा ने कहा कि हाई लेवल कमेटी की बैठक भी 10 मार्च के पहले होगी। इसमें नोएडा प्राधिकरण से संबंधित मांगों के साथ इन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। क्योंकि 11 या 12 मार्च को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हो सकती है। ऐसे में कुछ एजेंडे भी इसमें शामिल किए जा सकते है।



- किसानों ने पुलिस आयुक्त के साथ की बैठक
- सकारात्मक रहने का मिला आश्वासन

## सार संक्षेप

### इस्कॉन मंदिर के पास सर्विस रोड से कार चोरी

**नोएडा।** इस्कॉन मंदिर के पास सर्विस रोड से एक व्यक्ति की कार चोरी हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब कार नहीं मिली तो पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-24 पुलिस से की। शिकायत में राजस्थान के जयपुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि बीते दिनों शाम सवा सात बजे के करीब उन्होंने अपनी कार सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर की सर्विस रोड पर खड़ी की थी। करीब दो घंटे बाद मनोज जब लौटे तो कार सर्विस रोड से गायब थी। कार में तमाम दस्तावेज, पर्स, नकदी, किताबें और कपड़े समेत अन्य सामान रखे हुए थे। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है। एक फुटेज में सर्विस रोड की तरफ आते हुए दो संदिग्ध दिखे हैं।

### अवैध संबंधों के चलते पत्नी को मार डाला



**नोएडा।** चोटपुर कॉलोनी स्थित घर में रविवार को बिस्तर पर मृत अवस्था में मिली महिला की हत्या की गई थी। उसका वायर से गला घोटा गया था। पुलिस ने बुधवार हत्यारोपी पति देवपाल को चोटपुर कालोनी के पास से गिरफ्तार कर लिया। देवपाल ने पूछताछ में बताया कि उसकी पत्नी पूजा के अवैध संबंधन थे। जिसके चलते वो कई बार अपनी पत्नी को समझा चुका था। इस कारण देवपाल व मृतका का अक्सर झगड़ा व मारपीट होती थी। देवपाल चोटपुर स्थित अपने मकान को बेचकर पत्नी के साथ रायपुर जनपद बदांयू ले जाना चाहता था। लेकिन उसकी पत्नी मकान बेचने नही दे रही थी।

### देशी शराब के साथ तस्कर किया गिरफ्तार

**नोएडा।** एक्सप्रेस वे थाना पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान अवैध शराब के साथ एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम थाना क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इस दौरान मिली एक सूचना पर नंगली वाजिदपुर से अमित को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 48 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्त में आया आरोपी शातिर किस्म का तस्कर है। जो दूसरे राज्यों से अवैध शराब लाकर शहर में तस्कर कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### किशोरों को घायल करने वाले चालक पर केस दर्ज

**नोएडा।** सेक्टर 14 ए में साइकिल से जा रहे दो किशोरों को टक्कर मार गंभीर रूप से घायल करने वाले वाहन चालक के खिलाफ फेज वन थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस को दी गई शिकायत में सेक्टर पांच निवासी कृष्ण सिंह ने बताया कि तीन फरवरी को उनका बेटा आदित्य अपने दोस्त के साथ साइकिल से जा रहा था। इस दौरान जब वह सेक्टर 14 ए के पास पहुंचा तो एक कार चालक ने तेजी से कार चलाते हुए टक्कर मार दी।

## संविधान बचाने व अधिकार छीनने वालों के बीच है लड़ाई : अखिलेश

**ग्रेटर नोएडा**,6 मार्च(देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ग्रेटर नोएडा के चौगानपुर गांव पहुंचने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में सूरजपुर गोलचक्कर पर स्वागत किया। अखिलेश यादव ग्रेटर नोएडा में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्रेटर नोएडा आये थे। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पूरे देश की जनता नौजवान व किसान को संविधान का खतरा लगता है, ये संविधान मंथन हो रहा है, एक वे लोग हैं जो संविधान बचाना चाह रहे हैं, दूसरी तरफवे लोग हैं जो संविधान के अधिकारों को छीनना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव में जनता की जीत होगी, भाजपा कहीं विधायकों को तोड़ने का काम चल रहा है। भाजपा इस समय घबरायी हुई है, इस समय जो परीक्षाएं हो रही हैं, उसको जानबूझकर पेपर लीक कराया जा रहा है। पूरे प्रदेश में बहुत से नौजवान हर विधान सभा हैं , नौजवान नाराज हैं सभी भाजपा का विरोध कर रहे हैं, भाजपा कहीं बची नहीं है। इसी के साथ सपा के कार्यकर्ता डीएनडी फ्लाईओवर पहुंचे। डीएनडी फ्लाईओवर पर अखिलेश यादव का काफिला पहुंचते ही स्वागत करने वालो का हुजूम उमड़ पड़ा।



- पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे

## एसटीएफ ने वायु सेना के बर्खास्त कर्मी को पकड़ा

**नोएडा**,6 मार्च(देशबन्धु)। पुलिस परीक्षा भर्ती में पेपल लीक मामले में एक आरोपी को नोएडा पुलिस ने एसटीएफ की मदद से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान प्रमोद कुमार पाठक हुई है। नोएडा के सेक्टर-37 में रहता है। इसके पास से एक फर्जी आधार कार्ड, एक वायुसेना फर्जी की आईडी, 26 एडमिट कार्ड , 38 बैंक चेक , 14 पुलिस भर्ती से संबंधित प्रश्नपत्र मिले है।

17 और 18 फरवरी को उप्र पुलिस भर्ती के दौरान पेपर लीक हो गया था। इस कारण भर्ती निरस्त कर दी गई थी। 5 मार्च 2023 को मुखबीर से सूचना मिली कि मोनू पंडित निवासी मथुरा उसका एक साथी इस परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह का सरगना दिल्ली के मुखर्जी नगर में रह रहा है। ये मुखर्जी नगर में पेपर दे रहे लड़कों को साल्वर के तौर पर बैठाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस मुखर्जी नगर पहुंची। यहां एक तिराहे पर तीन युवक खड़े थे। मुखबीर के इशारा करते ही प्रमोद कुमार पाठक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय उसने बताया कि वो एयरफोर्स में कारपोरल के पद पर है। उसने एयरफोर्स की आईडी भी दिखाई। जिसके बाद उच्च अधिकारियों से संपर्क किया गया। पूछताछ में पहले उसने पेपर लीक वाले गैंग और उसके सदस्यों से न तो कोई संपर्क है और न ही वह उनमें से किसी को जनता है। इसके बाद उसके दोनों मोबाइल चेक करने के लिए मांगा।



- पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में गिरफ्तारी
- मुखर्जी नगर से उपलब्ध कराता था साल्वर

मोबाइल चेक करने उसमें पेपर लीक कराने से संबंधित कई एसएमएस मिले। साथ ही एक एसएमएस में खुद का नंबर ट्रेस पर लगे होने की बात कही गई। मैसेज करने वाला व्यक्ति सीपीसीबी की परीक्षा में काम हो जाने की बात पूछ रहा है। जिस पर प्रमोद परीक्षा टीसीएस द्वारा कराए जाने की बात बोल रहा है।

सघन पूछताछ में बताया कि स्वयं को वायु सेना में कार्यरत बताकर परीक्षा में बैठने वाले युवकों को पेपर लीक कर देने की एवज में 3 लाख से लेकर 14-15 लाख रुपए तक लेता है। उसने बताया कि मेरा चचेरा साला मोहन, निवासी अलीगढ़, झांसी के मुकदमें में वांछित मोनू पंडित , गौरव , अशीष पालीवाल के साथ मिलकर पेपर लीक कराने और साल्वर बैठाने का काम करते है।

यही नहीं उसने बताया कि वायु सेना से 2022 में बर्खास्त हो गया था। उससे प्राप्त की गई आईडी आरिजनल आईडी कार्ड का कलर स्कैन कराया हुआ है। इस कार्ड को फर्जी तरीके से प्रयोग कर रहा था। उसने बताया कि मेरे पास पेपर बनारस के अखिलेश यादव और लखनऊ के राहुल ने भेजा था। यही नहीं शास्त्री से भी एक युवक को आरओ का पेपर कराने की एवज में पैसे के लेन देन की बात हो रही थी। उसके घर से जो 14 एडमिट कार्ड मिले वो सभी हरियाण स्टाफ सलेक्शन परीक्षा से संबंधित कार्ड है। इसके पास से एक लाल डायरी भी बरामद किया गया है।

## झांसा देकर शिक्षिका को किया प्रताड़ित

**नोएडा**, 6 मार्च(देशबन्धु)। सेक्टर 132 स्थित एक निजी स्कूल की शिक्षिका ने अज्ञात व्यक्ति पर उनके नाम पर मुंबई में मुकदमा दर्ज होने का झांसा देकर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर महिला शिक्षिका ने सेक्टर 126 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में महिला शिक्षिका ने बताया कि वह सेक्टर 132 स्थित एक नामी निजी स्कूल में बतौर शिक्षिका के पद पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि चार मार्च की सुबह उनके पास एक फोन कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को मुंबई स्थित टेलीकम्यूनिकेशन विभाग में अधिकारी होने की बात कही। जिसके बाद आरोपी ने बताया कि उनके नाम से मुंबई में एक मुकदमा दर्ज हुआ है। इसको लेकर उनसे पूछताछ की जानी है। इस दौरान आरोपी ने महिला शिक्षिका को काफी देर तक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इस दौरान पीड़िता शिक्षिका ने उनसे कहा कि वह कभी मुंबई गई ही नहीं है। उनके नाम से दर्ज हुआ मामला फर्जी है। इस दौरान आरोपी पीड़िता शिक्षिका को धमकाने लगे और रुपये की मांग किए। तभी महिला शिक्षिका को उन पर संदेह हो गया। जिसके बाद शिक्षिका ने तुरंत फोन काट दिया। इसके साथ ही इसको लेकर पुलिस से शिकायत की।

## नोएडा की नेक्सजेन एनर्जिया गुजरात में करेगी निवेश

**नोएडा**, 6 मार्च(देशबन्धु)। प्रतिवर्ष फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण के समाधान के लिए नोएडा स्थित नेक्सजेन एनर्जिया कंपनी गुजरात में निवेश करने जा रही है। इस कड़ी में बुधवार को नेक्सजेन एनर्जिया के एमडी पीयूष द्रीवेदी ने गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल से एक सम्मेलन के दौरान मुलाकात की और विस्तार से चर्चा की। नेक्सजेन एनर्जिया यहां 3000 करोड़ से ज्यादा का निवेश करेगी। यहां सीएनजी कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट लगाएगी। इसके अलावा ईवी यूनिट और कई अन्य यूनिट भी लगाएगी। कंपनी ने इसका प्रस्ताव दिया है। जल्द ही कंपनी के साथ गुजरात सरकार के प्रशासनिक अमला एमओयू साइन करेगा। इससे पहले कंपनी पंजाब, हरियाणा यूपी में सीबीजी प्लांट लगाए है। यहीं नहीं हाल ही में उप्र में इंवेस्टर्स समिट के दौरान नेक्सजेन एनर्जिया ने 13 हजार 900 करोड़ के निवेश करने को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। दरअसल सीबीजी प्लांट के जरिए पराली और कचरे से सीएनजी गैस बनाने के प्रोसेस में जैविक खाद भी मिलेगी। इसके लिए किसानों से पराली ली जाएगी और उन्हें जैविक खाद उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी के एमडी डा पीयूष द्विवेदी का कहना है कि इस प्रोजेक्ट के साथ अन्य प्रोजेक्ट मिलाकर 3000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने बताया कि यहां सीबीजी प्लांट शुरू होने के साथ ही सीएनजी कंप्रेस्ड बायोगैस सीधे सीएनजी पंपों को आपूर्ति शुरू करेंगे।



- 3000 करोड़ निवेश का दिया प्रस्ताव, सीएम से की मुलाकात
- लगाएंगे सीबीजी प्लांट व ईवी यूनिट

## बीआईटी में सेमिनार का आयोजन

**नोएडा**,6 मार्च(देशबन्धु)। प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ने के बावजूद लोग बड़े अपार्टमेंट की तलाश कर रहे हैं। फिक्की-एनारॉक कंज्यूमर सेंटीमेंट सर्वे से पता चला है कि बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और दिल्ली-एनसीआर जैसे शहरों में 50 फीसदी होम बॉयर्स 3-बीएचके फ्लैट पसंद करते हैं। एनारॉक रिसर्च कंपनी ने जुलाई-दिसंबर 2023 तक ऑनलाइन सर्वे किया, जिसमें 5,510 प्रतिभागियों ने ईमेल कैंपेन, वेब लिंक और संदेशों सहित विभिन्न डिजिटल स्त्रोतों के जरिये अपनी प्रतिक्रिया दी है। ये सर्वे 14 शहरों में किया गया। सर्वेक्षण के दौरान प्रतिभागियों की आयु 22-76 वर्ष के बीच थी। इस सर्वे के निष्कर्ष 5 मार्च को दिल्ली में फिक्की रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन में सामने आए।

सर्वे में पाया गया है कि 50 फीसदी लोग 3 बीएचके चाहते थे, जबकि 38 फीसदी लोग 2 बीएचके के पक्ष में थे। हालांकि, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन और पुणे में ज्यादातर लोग अभी भी छोटे घर पसंद करते हैं। प्रॉपर्टी की बढ़ती दरों के बावजूद बड़े अपार्टमेंट की मांग लगातार बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, बड़े अपार्टमेंट के लिए बढ़ती प्राथमिकता के अनुरूप 1.5 करोड़ रुपये की कीमत वाले लक्जरी घरों की मांग में भी तेजी आई है। वहीं किफायती आवास की मांग और कम हो गई है। फिक्की-एनारॉक कंज्यूमर सेंटीमेंट सर्वे में वर्ष 2021 में यह मांग 25 फीसदी था जो वर्ष 2023 में 21 फीसदी तक पहुंच गया। वर्ष 2020 में यह आंकड़ा 40 फीसदी था। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, बड़े घरों की आपूर्ति उनकी मांग के अनुरूप हो रही है। एनारॉक डेटा के अनुसार, शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का आकार पिछले साल सालाना 11 फीसदी बढ़ गया है जो 2022 में 1,175 वर्ग फुट था। बढ़कर 2023 में 1,300 वर्ग फुट तक पहुंच गया। सर्वे से पता चला कि पहली बार लॉन्च हुए नए घरों की तुलना में रेडी-टू-मूव घरों की मांग कम है।

- प्रॉपर्टी महंगी होने के बाद भी बढ़ रहा बड़े घरों का क्रेज
- एनारॉक रिसर्च से बात आई सामने, 5510 प्रतिभागियों ने लिया था हिस्सा

## गाजियाबाद से नोएडा जाने वालों का सफर होगा आसान



**गाजियाबाद**, 6 मार्च(देशबन्धु)। 15वें वित से एनएच -9 से तिगड़ी गोल चक्कर तक 12.5 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया। इस मार्ग से लगभग कई हजारों की संख्या में आगंतुक आवागमन करते हैं। इसका मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। मुख्य अभियंता एन के चौधरी द्वारा बताया कि विजयनगर जोन में अनेकों कार्य निर्माण विभाग द्वारा कराए गए हैं आंतरिक सड़कों के साथ-साथ मुख्य मार्गों पर भी कार्य जारी है जिसमें 12.5 मीटर लंबी तथा लगभग 7.5 मीटर चौड़ी सड़क एनएच 9 से तिगड़ी गोल चक्कर तक बनाई जा रही है। जिसकी लगातार गुणवत्ता की मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

**तिगड़ी गोल चक्कर तक सड़क का निगम ने कराया निर्माण**

## नगर निगम के बजट फॉरमेट को लेकर नगर आयुक्त ने किया अधिकारियों व एनजीओ के साथ मंथन

**गाजियाबाद**, 6 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम के समस्त विभागीय अधिकारियों तथा जनाग्रह एनजीओ के साथ बजट प्रारूप को लेकर बैठक हुई। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम के बजट का फॉर्मेट को लेकर समीक्षा की गई।। बैठक में नगर आयुक्त के माध्यम से शहर के विकास में कराए जा रहे कार्यों पर होने वाले व्यय तथा निगम को होने वाली आय पर वार्ता की गई। सहायक लेखा अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि निगम के बजट फॉर्मेटिंग को लेकर समीक्षा हुई जिसमें जनाग्रह एनजीओ के पदाधिकारी द्वारा बेहतर कार्य करने के लिए अपने मुख्य बिंदुओं को प्रस्तुत किया। जिसमें हर विभाग द्वारा आय व्यय के प्रस्तुतीकरण पर चर्चा की गई। जनहित में किए जा रहे निगम खर्चे से किस क्षेत्र को लाभ पहुंच रहा है। इसका विवरण भी बजट फॉर्मेटिंग में विस्तार से लिखा जाए चर्चा हुई। इसके अलावा शासन के निर्देश अनुसार पूरे उत्तर प्रदेश के नगर निकायों का एक ही बजट फॉर्मेटिंग हो बताया गया जिसमें गाजियाबाद नगर निगम वाराणसी नगर निगम तथा लखनऊ नगर निगम पर कार्य कराया जा रहा है।



नगर आयुक्त ने1 सभी विभागीय अधिकारियों से एक सप्ताह में अपने-अपने विभागों से संबंधित होने वाले विकास कार्यों की प्लानिंग को बजट के साथ प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए, शहर हित में किस प्रकार बजट को व्यवस्थित करते हुए बेहतर कार्य किया जा सकता है अधिकारियों से नगर आयुक्त द्वारा विचार विमर्श भी किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष का बजट लगभग 2100 करोड़ है जिसके लिए निगम अधिकारी बेहतर प्लानिंग से कार्य करने में जुटे हुए हैं। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, डॉक्टर मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ संजीव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, पल्लवी सिंह संपत्ति प्रभारी, सहायक अधिशासी अभियंता एफ ज़ैदी, एमएनएलपी विवेक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मसूरी में जीडीए ने तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त की

### एक निर्माण भी हुआ सील



**गाजियाबाद**, 6 मार्च(देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर बुधवार को प्रवर्तन जोन- 5 के मसूरी इलाके में चला। वहां पर तीन कॉलोनीयों को ध्वस्त किया गया जबकि औद्योगिक शेड बनाकर किए गए निर्माण को भी सील किया गया। प्रवर्तन जोन- 5 की प्रभारी गुंजा सिंह के नेतृत् इर

व में प्रवर्तन दल आज गंग नहर के किनारे पहुंचा और वहां पर बिलाल अली व रविंद्र सिंह द्वारा वर्धा एंक्लेव के नाम से बनाई जा रही अवैध कॉलोनी में 10 मकान 6 दुकान और साइट ऑफिस को तहस नहस कर दिया गया। इसके अलावा पिपलहड़ा गांव में 20 बीघा जमीन पर आरिफ अली द्वारा बसाई जा रही कॉलोनी को भी तोड़ दिया गया। वहीं वाहिद द्वारा 800 मीटर भूमि में तीन से डालकर किए जा रहे कब्जे को भी सील कर दिया इस दौरान स्थानीय लोगों ने टीम का विरोध किया लेकिन जीडीए की टीम के सख्त रुख के आगे उन्हें बैरंग लौटना पड़ा।

उवाच

यह परंपरा हम सब की जिम्मेदारी है, हम सभी को मिलकर के संजोए रखना है। पूर्व में गुरुकुल के माध्यम से एवं हमें यहां पढ़ने वाले बच्चों से धर्म संबंधी उपदेश यथा योग्य ज्ञान, यहां आने वाले महापुरुषों का सहयोग हम सभी के जीवन को निश्चित रूप से ही सफल बनाने में सहायक होगा:- **चौ. तेजवीर सिंह, राज्यसभा सांसद**



# ग्रेनो प्राधिकरण में अब क्यूआर कोड से हो सकेगा चालान का सत्यापन

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मार्च(देशबन्धु)। आवंटित संपत्ति के एवज में किए गए भुगतान का चालान सही है या फिर कोई गड़बड़ी है, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अब इसका पता आसानी से चल जाएगा। प्राधिकरण ने एचडीएफसी बैंक के सहयोग से हाई सिक्योरिटी क्यूआर कोड तैयार कराया है, जिसे बुधवार को लांच कर दिया गया। अब हर चालान पर दो क्यूआर कोड बने होंगे, जिसे स्कैन करते ही चालान का वेरीफिकेशन हो जाएगा।

वित्तीय लेनदेन को और सुरक्षित बनाने तथा चालान में गड़बड़ी को रोकने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर एचडीएफसी बैंक के सहयोग से हाई सिक्योरिटी क्यूआर कोड तैयार किया गया है। बुधवार को प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. व एसीईओ सुनील कुमार सिंह और एचडीएफसी बैंक की टीम की मौजूदगी में इसे लांच कर दिया गया। एचडीएफसी बैंक के सर्कल प्रमुख तापस दास और क्लस्टर प्रमुख हेमंत नंदा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में वित्तीय लेनदेन को और सुरक्षित बनाने के लिए यह पहल की गई है। प्राधिकरण के पेमेंट गेटवे के माध्यम से लेन-देन की सभी रसीदों और चालान पर हाई सिक्योरिटी फीचर्स से लैस क्यूआर कोड तैयार किया गया है। आवंटी भुगतान के लिए जब भी चालान जनरेट करेगा, उस पर क्यूआर कोड अंकित रहेगा। चालान की एक कॉपी प्राधिकरण के रिकॉर्ड में भी लगा दी जाएगी। इसी क्यूआर कोड से जब चाहें, वेरीफिक्रेशन हो जाएगा। चालान पर दो क्यूआर कोड होगा। एक क्यू आर कोड से भुगतान की सामान्य डिटेल आ जाएगी और दूसरे क्यूआर से रीयल टाइम पेमेंट, भुगतान का मोड सहित अन्य जरूरी जानकारी अंकित रहेगा। इससे चालान में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकेगा। बैंक का दावा है कि हाई सिक्योरिटी फीचर्स से लैस क्यूआर कोड के जरिए वित्तीय चालान का वेरीफिक्रेशन करने वाला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रदेष में पहला सरकारी विभाग बन गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा कि वित्तीय लेनदेन का वेरीफिकेशन करने के लिए यह सबसे कारगर तरीका साबित होगा। इसका फ़ायदा सभी को मिलेगा। अगर किसी ने गलत चालान लगाया तो क्यूआर कोड से तत्काल पकड़ में आ जाएगा। साथ ही वेरीफिकेशन में लगने वाला समय भी बचेगा। इस दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम वित्त विनोद कुमार, डीजीएम अभिषेक जैन, जीएम प्लानिंग लीनू सहगल, ओएसडी हिमांशु वर्मा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण और एचडीएफसी बैंक से गौरव सिंह व एसपी सिंह भी मौजूद रहे।





- डिजिटल पेमेंट को सुरक्षित बनाने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने बनवाया हाई सिक्योरिटी क्यूआर कोड
- क्यूआर कोड से चालान वेरिफिकेशन कराने वाला ग्रेनो पहला प्राधिकरण बना

# विमानों के उड़ान भरने से पहले औद्योगिक सेक्टरों की रोड कनेक्टिविटी होगी मजबूत

किसानों के कोर्ट चले जाने या अतिक्रमण की वजह से 32 से अधिक स्थानों पर रोड का निर्माण नहीं हो पा रहा था। समस्या का निस्तारण करते हुए रोड का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है : **डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**



- 32 में से 18 स्थानों पर आ रही बाधाओं को किया दूर
- रोड कनेक्टिविटी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए किसानों से की जा रही वार्ता

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मार्च(देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टरों में पहुंचना आसान हो सके, इसके लिए इंटरनल रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने का विशेष अभियान शुरू किया गया है। अधिग्रहित जमीन पर अतिक्रमण और किसानों के कोर्ट चले जाने से 30 से अधिक स्थानों पर इंटरनल रोड का निर्माण पिछले कई सालों से अधूरा पड़ा हुआ था। औद्योगिक सेक्टरों में धीरे- धीरे गतिविधि बढ़ने लगी है,इसको देखते हुए बाधाओं को दूर कर निर्माण कार्य तेज कर दिया गया है। इंटरनल कनेक्टिविटी की राह में आ रही बाधाओं में से अब तक 18 को दूर किया जा चुका है। उम्मीद है कि अगले 2- 3 माह में रोड कनेकिक्टविटी को मजबूत कर दिया जाएगा। वहीं यीडा सिटी के सबसे पुराने सेक्टर- 18 व 20 की रोड कनेक्टिविटी को भी दुरूस्त किया जा रहा है।

दरअसल नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आगामी सितंबर माह से उड़ान भरने के साथ यीडा सिटी के औद्योगिक सेक्टरों- 28, 32 व 33 में गतिविधियां बढ़ जाएंगी। इसको देखते हुए यमुना प्राधिकरण ने इंटरनल रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने का कार्य तेज कर दिया है। इसकी राह में आ रही बाधाओं को दूर कर रोड का निर्माण किया जा रहा है। पिछले एक माह के दौरान टुकड़ों में 9 किमी सड़क का निर्माण किया गया।

इन सेक्टरों समेत यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड 32 स्थान ऐसे चिन्हित किए गए थे, जहां टुकड़ों में सड़क का काम अधूरा पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से आवंटियों को अपने प्लॉट तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है। इसको देखते हुए 18 स्थानों से अवैध निर्माण हटाया जा चुका है। अभी कुरैब व तिरथली गांव के पास 12 स्थान और शेष बचे हैं, जहां प्रस्तावित रोड के स्थान पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है या फिर फसल बो रखी है। यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर दयानतपुर के पास हुए अतिक्रमण को कुछ दिन पहले ही दूर किया गया था। अब जीरो प्वाइंट से जेवर तक सर्विस रोड का निर्माण पूरा हो सकेगा। हालांकि कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से अभी भी अवरोध है, जिसे दूर किया जा रहा है। इसके लिए किसानों से वार्ता की जा रही है।

### फसल कटने के बाद किया जाएगा रोड का निर्माण

प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित की गई जमीन पर कुछ किसानों ने फसल की बुआई कर रखी है। ऐसे में रोड का निर्माण करने में दिक्कत आ रही है। फसल की कटाई पूरी होने के बाद रोड का निर्माण किया जाएगा।

### यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड का अधूरा काम किया जाएगा पूरा

ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट से जेवर तक बनने वाली 60 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का अधूरा पड़ा काम अगले कुछ माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दयानतपुर व साबौता के पास अतिक्रमण होने से निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया था। साथ ही कुछ स्थानों पर किसान कोर्ट चले गए थे। 64घ् 7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा व अन्य लाभ दिए पर किसानों ने केस वापस ले लिया है।

सर्विस रोड का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से जेवर व आसपास के गांवों के लोगों को यमुना एक्सप्रेसवे पर चढ़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। टोल टैक्स की झंझट से छुटकारा मिल जाएगा।

# एनआईईटी संस्थान ने लॉन्च किया अपना नया लोगो

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एनआईईटी) ग्रेटर नोएडा ने अपना नया लोगो (प्रतीक चिन्ह) लॉन्च किया। संस्थान के एमडी डॉ. ओपी अग्रवाल ने भव्यकार्यक्रम में लोगो का अनावरण किया। इस दौरान ओ.पी. अग्रवाल ने शैक्षिक अतीत के प्रगति को रखा, जो सभी के लिए प्रेरणा श्रोत रहा। इस अवसर पर प्रेस वार्ता में ईवीपी, डॉ. रमन बत्रा ने कहा कि लोगो को बदलने की आवश्यकता महसूस की गई, क्योंकि वैश्विक स्तर पर और भारत में भी उच्च शिक्षा में पिछले 5 पांच वर्षों में भारी बदलाव देखा गया है। उन्होंने नए लोगों के पीछे की अवधारणा और दर्शन के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि लोगों के लिए लाल रंग इस लिए चुना गया है क्योंकि लाल रंग जुनून, क्रिया, शक्ति, ऊर्जा, प्रेम और खुशी से जुड़ा है जबकि सफेद रंग पवित्रता और काला रंग लालित्य और प्रभाव को दर्शाता है, शील्ड समूह की सुरक्षा, देखभाल, परंपरा और विरासत के प्रति संस्थान के समर्पण को दर्शाती है, पक्षी पर्यावरण को बढ़ावा देने और पोषण करने के लिए सहयोग, स्वतंत्रता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है, सीढ़ी हमारे छात्रों के लिए एक सीढ़ी है और उनकी भविष्य की तैयारी को इंगित करती है। चक्र सूर्य से प्रेरित है जो वैश्विक पहुंच और हमारे गुरुओं द्वारा प्रदान किए गए ज्ञान का प्रतीक है। एएमडी, डॉ. नीमा अग्रवाल ने कहा कि जब अनलर्निंग, रीलर्निंग, अपस्किलिंग नौकरी, उद्योग के मानदंड बन रहे हैं, तो निरंतर सीखना शिक्षा का अभिन्न अंग बन गया है। इसने शैक्षणिक संस्थानों के संचालन के तरीके पर एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता पैदा की है।




- कार्यक्रम में संस्थान के प्रगति और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रखा

# नोएडा एयरपोर्ट में यात्रियों को मिलेगी विश्वस्तरीय लाउंज अनुभव

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मार्च(देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने ट्रैवल फूड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की घोषणा की है। लिमिटेड (टीएफएस), उन्हें दो प्रमुख रियायतें प्रदान कर रहा है। टीएफएस टर्मिनल के भीतर रेस्तरां, कैफे, बार और फ्रेंचाइजी सहित बहु-व्यंजन खाद्य दुकानों की एक श्रृंखला बनाकर और संचालित करके हवाई अड्डे के पाक परिदृश्य को बढ़ाएगा। इसके अलावा, वे यात्रियों को हवाई अड्डे पर उच्च स्तर का आराम और विलासिता प्रदान करते हुए एक विश्व स्तरीय लाउंज अनुभव प्रदान करेंगे।

ग्राहक एक रोमांचक पाक अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं, विशेष रूप से क्यूरेटेड विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ जो क्षेत्र की विविध और समृद्ध पाक परंपराओं का जश्न मनाते हुए जगह की भावना पैदा करती है। ये आउटलेट नवीनता और ताजगी की भावना प्रदान करते हुए एक महत्वाकांक्षी लेकिन किफायती भोजन अनुभव प्रदान करेंगे।



लाउंड व मल्टीकुजीन एफएंड वी विकल्प प्रदान करने के लिए टीएफएस के साथ की साझेदारी

# महिलाओं के स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर मिशन लक्ष्मी का शुभारंभ



**रबूपुरा,** 6 मार्च(देशबन्धु)। बुधवार को गांव मिर्जापुर में महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं को लेकर मिशन लक्ष्मी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए बीएन फाउंडेशन ने योगदान देते हुए संचालित कराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व बाल विकास योजना जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्या, सफाई, सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी दी और साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही मैत्री मंच संगठन के सचिव अमित कुमार,मानस रघुवंशी ने भी लोगों को सम्बोधित करते हुए विभिन्न जानकारी दीं और कहा कि मिशन लक्ष्मी महिला स्वास्थ्य स्मृद्धि की दिशा में कदम बढ़ रहा है। सैकड़ो महिलाओं को निशुल्क स्वच्छता किट देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व उत्सव में बच्चों ने दी भक्तिपूर्ण प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,**6 मार्च(देशबन्धु)। जी. डी. गोयंका स्कूल में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। प्री प्राइमरी छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की सुंदर बारात भी निकाली गई एवं शिव पार्वती के विवाह का भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा स्कूल में बच्चों को महाशिवरात्रि के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्रों ने महाशिवरात्रि पर्व बड़े भक्तिभाव और धूमधाम से मनाया। इस पर्व का उद्देश्य विद्यार्थियों में ईश्वर के प्रति आस्था-भाव दर्शाना, उनमें आध्यात्मिक गुणों का विकास करना था। नन्हें मुन्ने बच्चे शिव परिवार श्री गणेश, भगवान शिव व माता पार्वती की वेशभूषा में सजकर आए और उन्होंने ईश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा, विश्वास व आस्था का परिचय दिया। बच्चों ने भगवान शिव के भजनों पर बड़ा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से इस कार्यक्रम में भाग लेकर इस आयोजन में चार चांद लगा दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणु सहगल ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म में धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व को लेकर कुछ श्रद्धालु कावड़ के रूप में हरिद्वार से गंगाजल कावड़ के माध्यम से लाकर भगवान भोलेनाथ का गंगाजल के साथ अभिषेक करते हैं एवं उन्होंने छात्रों की प्रशंसा करते हुए महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी।



# महिला ने स्कूल पर लगाया बच्चे को प्रताड़ित करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा,**6 मार्च(देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में रहने वाली एक महिला ने एक स्कूल पर बच्चे के मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है, महिला का आरोप है स्कूल में बच्चों को पढ़ाया नहीं जाता, अगर बच्चे के प्रगित के बारे में पूछ लिया जाय को स्कूल से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। ग्रेनो वेस्ट स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली प्रीती गुप्ता का बेटा कक्षा-दो में चौतन्य टेक्नो स्कूल, गौर सिटी माल के पास ग्रेनो वेस्ट में पढ़ता था, लेकिन सितम्बर माह में बच्चे को स्कूल से बाहर कर दिया गया है। जिसको लेकर महिला ने जिलाधिकारी, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में शिकायत की है, आयोग ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर उचित कार्यवाई करने के लिए कहा लेकिन कोई कार्यवाई नहीं हुई। महिला प्रीति गुप्ता ने प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर अपनी बात रखी है।

स्कूल से बच्चे के प्रगति के बारे में पूछने पर किया बाहर



# जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को किया जागरुक

**ग्रेटर नोएडा,**6 मार्च(देशबन्धु)। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत विकास खंड दादरी में विभिन्न पांच गतिविधियों का शुभारंभ विकास खण्ड परिसर से किया गया। जिसका संचालन न्यू जेनेसीस दिल्ली की टीम द्वारा किया गया, जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से समुदाय को जागरुक करना, जल जांच की जो ग्राम पंचायत में पांच महिलाएं हैं उन्हीं के द्वारा ग्रामीणों का जल जांच करके पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दिया। आईसी मैटेरियल वितरण कर जागरूक करना, प्रदर्शनी तथा विभिन्न रंगों के माध्यम से सामाजिक मानचित्रण करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शामिल खंड विकास





**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 341/एस0टी0-एस0डी0एम0/2014 दिनांक 26.08.2015 स्व0 श्रीपाल पुत्र छिद्दा तथा परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 260/एस0टी0/एस0डी0एम0/2023 दिनांक 07.02.2023 सुमलेश पुत्री छिद्दा नि0 मौ0 अम्बेडकर नगर रबूपुरा परगना-जेवर, तहसील-जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर के पिता की मृत्यु दिनांक क्रमशः 09.04.2015, 14.06.2022 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 314 315 | स्व0 श्रीपाल पुत्र छिद्दा तथा सुमलेश पुत्री छिद्दा नि0 मौ0 अम्बेडकर नगर रबूपुरा परगना- जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | अनुज कुमार | पुत्र | 20 वर्ष | अविवाहित |
| | | | रोहित | पुत्र | 15 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण





**देशबन्धु**
पत्र नहीं मित्र
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः-0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



# गुरुकुलीय शिक्षा सिखाती है जीवन जीने की कला : चौ. तेजवीर सिंह



**ग्रेटर नोएडा,** 6 मार्च (देशबन्धु)। महर्षि पाणिनि वेद-वेदांग विद्यापीठ गुरुकुल, सेक्टर-ईटा-1, प्रांगण में आयोजित प्रधानमंत्री मोदी के नारी वंदन कार्यक्रम सुना तत्पश्चात समस्त मातृशक्ति के साथ यज्ञ, एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल राज्यसभा सांसद चौ. तेजवीर सिंह ने गुरुकुल सदस्यों के परिवारों को उद्बोधन करते हुए कहा यह परंपरा हम सब की जिम्मेदारी है, हम सभी को मिलकर के संजोए रखना है। पूर्व में गुरुकुल के माध्यम से एवं हमें यहां पढ़ने वाले बच्चों से धर्म संबंधी उपदेश यथा योग्य ज्ञान, यहां आने वाले महापुरुषों का सहयोग हम सभी के जीवन को निश्चित रूप से ही सफल बनाने में सहायक होगा। मेरा सभी से आग्रह है कि इस गुरुकुल को हम सबको तन-मन-धन से सहयोग करते रहना चाहिए। सांसद ने गुरुकुल में यथाशक्ति सहयोग देने का आश्वासन दिया और सभी का आह्वान किया कि संकल्प लेकर कुछ ना कुछ अवश्य गुरुकुल के लिए दें। प्राचीन शिक्षा पद्धति के महत्व पर बताया कि हम सभी को गुरुकुलीय शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तक व शिक्षा नहीं अपितु जीवन जीने की कला सिखाती है, समाज से उपेक्षित होने के कारण आज धर्म विशेष की भाषा संस्कृत रही है लेकिन ऐसा नहीं है हम सभी को इसके गौरव के लिए सार्थक प्रयास करना चाहिए। गुरुकुल के संस्थापक आचार्य रविकान्त दीक्षित ने सभी का धन्यवाद किया और सभी से आह्वान किया कि जो पौधा हमने लगाया है उसको हम सब मिलकर सीचें तो गुरुकुल कुछ समय बाद अपने पूर्ण स्वरूप में होगा। गुरुकुल संचालन समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने अपने विचार रखे। अंत में गुरुकुल के बटुकों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अखिलेश दुबे,उमेश, रविशंकर, ललित, रानी शर्मा, रेखा अग्रवाल, विनीत पाण्डेय, सुनील कुमार, जी.पी. गोस्वामी आदि महानुभाव उपस्थित रहे।

गुरुकुल को हम सबको तन-मन-धन से सहयोग करते रहना चाहिए : चौ. तेजवीर सिंह

# ओडीओपी व एमडीए योजना को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक



**ग्रेटर नोएडा,**6 मार्च(देशबन्धु)। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक जनपद एक उत्पादघ् एवं एमडीए योजना में प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले मेलाध्प्रदर्शिनियों में प्रतिभाग करने वाली इकाईयों के सापेक्ष 75 प्रतिशत अनुदान स्वीकृत किये के जाने को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसके अन्तर्गत 32 इकाईयों के सापेक्ष 33,22,005 (तैतिस लाख बाईस हजार पांच रुपए मात्र) का अनुदान स्वीकृत किया गया। बैठक में यूपीआईटीएस-2023, गारमेन्ट फेयर-2023 एवं आईएचजीएफ-2023 जैसे प्रमुख मेलों में प्रतिभाग किया गया। एक जनपद एक उत्पाद एमडीए योजनान्तर्गत पूर्व में भी जिला स्तरीय कमेटी गौतमबुद्ध नगर द्वारा 164 इकाईयों के सापेक्ष रू 1,81,17,748- का अनुदान स्वीकृत किया जा चुका है, जिसके सापेक्ष धनराशि रू 81,70,148- का बजट वितरित भी किया जा चुका है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार तथा औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लाट संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4 ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला-गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत M/s AR LANDCRAFT LLP भूखण्ड संख्या-REP-1, सैक्टर-27, ग्रेटर नोएडा को दिनांक 13.01.2017 को मानचित्र स्वीकृत प्रदान की गयी थी। तदोपरान्त विकासकर्ता द्वारा (Recreational Entertainment Park Project) का पुनरीक्षित मानचित्र हेतु आपके द्वारा आवेदन संख्या-FTS-12606 दिनांक 15.02.2024 के माध्यम से आवेदन किया गया है, जिसका आवेदन पत्र संख्या-FTS-15613 का सन्दर्भ ग्रहन करें। तत्क्रम में UP-Apartment Act &-2010, Amendment 2016 in Section-4 Sub Section-B के अन्तर्गत परियोजना के आवंटियो से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्रावधान है। इस सम्बन्ध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत स्वीकृति मानचित्र एवं Declarations as per UP Apartment Act-2010 परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 से सायं 600 बजे के मध्य नियोजन विभाग में तथा प्राधिकरण की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

अतः उपरोक्त परियोजना के आवंटियों द्वारा Sanction Map एवं Declarations as per UP Apartment Act-2010 के सम्बन्ध में सूचना प्रकाशित करने के 30 दिनों के अन्दर आपत्तिया/सुझाव आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त के निहितार्थ अपनी आपत्तिया लिखित रूप से अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या-1 नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा में स्थित महाप्रबन्धक नियोजन/वास्तु को सम्बोधित करते हुए सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों के अन्दर जमा करायी ज सकती है।

महाप्रबन्धक (नियो0/वास्तु0)
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण





**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप उपजिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 19/एस0टी0-एस0डी0एम0/2012 दिनांक 21.03.2012 के अनुसार मृतक श्रीमती स्व0 गुडडी पत्नी स्व0 जगत सिंह नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 17.10.2009 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज कर किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 377, 283/596 | स्व0 गुडडी पत्नी स्व0 जगत सिंह नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर | श्री सोनू उर्फ सुरेन्द्र | 25 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री नरेन्द्र उर्फ सिकन्दर | 23 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री आनन्द उर्फ गजेन्द्र | 21 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री विरेन्द्र | 19 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री सचिन | 17 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री कपिल | 15 वर्ष | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 7 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# लोकतंत्र के एक और स्तंभ में दरार

बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस विनय जी. जोशी और जस्टिस वाल्मीकि एस. मेनेजेस की खंडपीठ ने माओवादियों से कथित संबंध के एक मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफ़ेसर 54 साल के जीएन साईबाबा को बरी कर दिया है। साईबाबा के साथ पत्रकार प्रशांत राही, महेश तिर्की, हेम केशवदत्त मिश्रा और विजय एन. तिर्की भी अब सभी आरोपों से मुक्त कर दिए गए हैं। जबकि इसी मामले में छठे आरोपी पांडु नरोटे इस इंसाफ की राह देखते हुए अगस्त 2022 में ही इस दुनिया से चले गए। उन्हें इतनी मोहलत भी नहीं मिली कि वे आजाद हवा में अपनी आखिरी सांस ले पाते। 2017 से जेल में बंद पांडु नरोटे बीमार हो गए थे, उन्हें इलाज की पूरी सुविधा नहीं मिली और कैद में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वैसे ही जैसे फादर स्टेन स्वामी अपने बुढ़ापे और बीमारी के साथ कैद की यातना भुगतते हुए इस दुनिया से रुखसत हो गए। राष्ट्रीय अपराध रिपोर्ट ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, पर्याप्त चिकित्सा उपचार की कमी के कारण हर साल करीब 2000 लोग जेल में जान गंवा देते हैं। इनमें कुछ दोषी भी होंगे, जो अपने अपराधों की सजा काट रहे होंगे, कुछ आरोपी होंगे जो इंसाफ के इंतजार में बैठे होंगे और कुछ उमर खालिद की तरह भी होंगे, जिनकी रिहाई तो दूर की बात, जमानत पर सुनवाई तक के लिए अदालत के पास वक्त नहीं है। हर कोई गुरमीत राम रहीम जैसा ताकतवर तो नहीं होता है, जो हत्या और बलात्कार का दोषी होने के बाद 4 साल की जेल में 9 बार पैरोल पर बाहर आ सके। हमारी न्याय व्यवस्था जजों की कमी से जूझते हुए शायद इतना अधिक थक गई है कि वह यही तय नहीं कर पाई है कि समाज के लिए गुरमीत राम रहीम जैसे लोग ज्यादा घातक हैं, जो आध्यात्म की आड़ में हत्या, बलात्कार जैसे गंभीर अपराध करते हैं, या फिर वो लोग जो सरकार के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत रखते हैं, जो व्यवस्था में बदलाव के लिए क्रांतिकारी विचार रखते हैं।

2017 में गढ़चिरौली की सत्र अदालत ने साईबाबा समेत पांच लोगों को कथित माओवादी संबंधों और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया था। सरकार ने दावा किया था कि 2013 में साईबाबा के घर से जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में से कम से कम 247 पेज 'आपराधिक' पाए गए थे, मई 2014 में प्रो. जीएन साईबाबा को गिरफ्तार किया गया, तीन साल बाद इस पर मामला चला और अदालत ने नक्सली साहित्य रखने और उसे बांटकर हिंसा फैलाने की कोशिश के आरोप में सजा सुनाई। 2022 में हाइकोर्ट ने गढ़चिरौली सत्र अदालत के उस फैसले को पलट दिया था। लेकिन तब हाई कोर्ट के फ़ैसले के ख़िलाफ़ राज्य ने तुरंत सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जिसके बाद अक्टूबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के फ़ैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और मामले की दोबारा सुनवाई करने की बात कही थी। अब एक बार फिर हाईकोर्ट ने साईबाबा समेत सभी को आऱोपों से मुक्त करने का ही फैसला सुनाया है।

इस मामले में इंसाफ नजर तो आ रहा है, लेकिन उसके साथ फिर वही पुराना सवाल चस्पां है कि क्या देर से मिले इस इंसाफ को इंसाफ कहा जा सकता है। न्यायालय की लंबी प्रक्रिया में दो साल तो इसी बात में गुजर गए कि साईबाबा को आरोपों से मुक्त करने का फैसला सही था या नहीं। इसलिए 2022 में अपने पक्ष में फैसला आने पर उन्हें बाहर आने के लिए दो साल इंतजार करना पड़ा। और उससे पहले 9 साल जो जेल में गुजारे वो अलग। 54 साल के साईबाबा व्हीलचेयर से चलते हैं और 99 प्रतिशत विकलांग हैं, जिन्हें श्री मोदी के प्रभाव में अपनाई गई शब्दावली के अनुसार दिव्यांग कहा जा सकता है। देश में दिव्यांगों के लिए जीवन सामान्य तौर पर भी नारकीय पीड़ा से भरा हुआ है, ऐसे में समझा जा सकता है कि जेल में 11 साल प्रो. साईबाबा ने किन कष्टों के साथ बिताए होंगे। जेल में उनके बिगड़ते स्वास्थ्य पर उनके परिजनों ने कई बार चिंता जाहिर की, सवाल उठाए, लेकिन न अदालत को, न सरकार को इन चिंताओं के बारे में सोचनु की फुर्सत मिली। वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने बिल्कुल सही सवाल उठाए हैं कि 'साईबाबा बरी कर दिए गए हैं, लेकिन कितने समय बाद? उनके स्वास्थ्य को जो नुकसान हुआ उसे कौन लौटाएगा? कोर्ट? शर्म करिए। कितने और लोगों को ज़मानत के लिए इंतज़ार करना होगा? लोगों की आज़ादी को जिस तरह ख़त्म किया गया, उस नुकसान की क़ीमत कौन चुकाएगा?'

ये गंभीर सवाल हैं, जिन पर न्यायपालिका को सोचना चाहिए। लेकिन जब न्यायपालिका में सियासत अपना असर दिखाने लगे तो क्या इन सवालों पर ईमानदारी से विचार होगा, यह एक बड़ी चिंता है। वो दौर शायद बीत गया है जब न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के बाद ऐसे किसी भी पद को स्वीकार नहीं करते थे, जिससे उनके सेवाकाल के दौरान लिए गए फैसलों पर उंगली उठे। अब ऐसी आलोचनाओं से बेपरवाह होकर किसी राजनैतिक दल का हिस्सा बनने से भी गुरेज नहीं किया जा रहा। जस्टिस रंजन गोगोई राज्यसभा के सदस्य बन गए और अब कोलकाता हाईकोर्ट के जज के पद से इस्तीफा देकर जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने भाजपा में शामिल होने का ऐलान कर दिया है। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद, उसकी कार्यशैली, या जिस भी वजह से प्रभावित होकर जस्टिस गंगोपाध्याय ने राजनीति में जाने का फैसला लिया है, इससे यह संदेह तो उपजेगा ही कि न्यायाधीश की आसंदी पर बैठकर उन्होंने जो फैसले राज्य सरकार से जुड़े मामलों में लिए होंगे, उनमें कितनी निष्पक्षता रही होगी।

इस देश के सबसे साधारण और गरीब लोगों के लिए उम्मीद का सबसे बड़ा ठिकाना अदालतें ही हुआ करती हैं, जहां वे इंसाफ के लिए पहुंचते हैं। लेकिन फैसलों पर दल विशेष की विचारधारा का प्रभाव या देर से किए गए न्याय के कारण लोकतंत्र का यह अहम स्तंभ भी दरक रहा है।

# राहुल से सवाल और सरकार के सामने मुंह बंद

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

इजरायल में रोजगार के लिए गए तीन भारतीय बीते दिनों मिसाइल हमले का शिकार हुए, जिनमें दो घायल हैं, जबकि तीसरे व्यक्ति पैटनीबिन मैक्सवेल की मौत हो गई है। मैक्सवेल के पिता ने बताया है कि दो हफ्ते पहले भी इसी तरह का हमला हुआ था तो उन्होंने अपने बेटे को किसी सुरक्षित स्थान में जाने की सलाह दी थी, लेकिन उसके नियोक्ताओं ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। परसाई जी आज होते तो व्यंग्य में बताते कि ऐसे हालात पर लोग कहते देखो, मौत कहां खींच कर ले गई। लोग यह नहीं देखते कि मैक्सवेल के लिए मौत का बुलावा इजरायल से नहीं आया, बल्कि निकम्मी सरकार ने उसे मौत के मुंह में धकेला। अभी पिछले महीने ही खबर आई थी कि नौकरी का झांसा देकर कुछ भारतीयों को रूस ले जाया गया, फिर उन्हें रूसी सेना में जबरदस्ती भर्ती करके यूक्रेन के साथ लड़ाई में झोंक दिया गया। सरकार ने अगर देश में ही रोजगार और उद्यमों की संभावनाएं सभी के लिए उपलब्ध करवाई होतीं तो मजाल है कि मामूली नौकरियों के लिए लोगों की जान के सौदे किए जाते। लेकिन सरकार न नौकरी पर बात करना चाहती है, न हर साल दो करोड़ रोजगार के वादे का कोई जिक्र भूले से करती है, न उसे परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों की कोई फिक्र है, जिसमें लाखों नौजवानों का भविष्य तबाह हो रहा है। राहुल गांधी ने पिछले दिनों अपने एक ट्वीट में नौकरी की गारंटी को मोदी सरकार का झांसा बताया है और कहा है कि अगर संसद में पेश किए गए केंद्र सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 9 लाख 64 हज़ार पद खाली हैं। महत्वपूर्ण विभागों में ही देखें तो रेलवे में 2.93 लाख, गृह मंत्रालय में 1.43 लाख और रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं। इसके बाद राहुल गांधी नौजवानों से वादा करते हैं कि हमने नौकरियों के लिए ठोस प्लान तैयार किया है और इंडिया गठबंधन की सरकार आते ही हम युवाओं के लिए नौकरी के बंद द्वार खोल देंगे।

राहुल गांधी का इस तरह का वादा भाजपा को बहुत चुभता होगा, क्योंकि भाजपा ने तो तीसरी बार सत्ता में आने का मन बना लिया है। श्री मोदी को तीसरी बार भी लालकिले से झंडा फहराने का दावा मन की बात करने जैसा ही आसान लगता होगा। हालांकि तीसरी बार सत्ता में आकर भाजपा ऐसा क्या कर पाएगी, जो उसने 10 साल सत्ता में रहकर नहीं किया, इसका कोई ठोस प्लान भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पास नहीं होगा। उन्हें किसी प्लान-व्लान की जरूरत भी क्या है, जब उनका काम भावनाओं के ज्वार पर सवार होने से सध जाता है। लेकिन राहुल गांधी लोगों को भावनाओं में बहने से रोकने की कोशिश लगातार करते चले जा रहे हैं। इसलिए अब वे भाजपा ही नहीं, उसका साथ देने वाले मीडिया की नजरों में भी खटकने लगे हैं। राहुल गांधी बिना झिझके बोलते हैं कि युवाओं को सात-आठ घंटे मोबाइल देखने का नशा इस सरकार ने कराया है, लोगों से जय श्रीराम के नारे सरकार लगवा रही है, फिर चाहे वे भूख से क्यों न पीड़ित रहें। राहुल गांधी हमेशा से ऐसे ही रहे हैं, लेकिन उन्हें एक नौसिखिए, नासमझ, अहंकारी, वंशवादी राजनीति का प्रतीक बताने में मीडिया और भाजपा ने बखूबी जुगलबंदी की। पिछले 10 सालों में इसका असर ज्यादा दिखा, हालांकि यह काम राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से ही शुरु हो गया था। पहले उन्हें सोनिया गांधी का पुत्र होने के नाते कई बार निशाने पर लिया गया और जब राहुल गांधी ने गरीबों, आदिवासियों, वंचितों, किसानों के मुद्दों को मुख्यधारा के विमर्श में लाने की कोशिश की तो उद्योगपतियों की पूंजी से संचालित मीडिया ने उन पर कई तरह के हमले किए। एक राहुल गांधी के होने से देश की राजनीति का कितना बंटाधार हो रहा है, इस तरह की कहानियां लोगों के बीच खूब फैलाई गईं। यूपीए को दो बार सत्ता से बाहर कर लोगों ने भी बता दिया कि उन्हें मीडिया और भाजपा के गढ़े कथानक पर यकीन था। हालांकि अब शायद हालात बदल रहे हैं। नौकरी, परीक्षा, सेना में भर्ती, पेंशन, किसानों के मुद्दे, राज्यों के दर्जे, महिलाओं की स्थिति ऐसे अनेक सवालों पर देश के अलग-अलग राज्यों में भाजपा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की खबरें आने लगी हैं। मुख्यधारा के मीडिया में इन्हें न दिखाने की पूरी कोशिश की जाती है, लेकिन विश्वसनीयता का थोड़ा बहुत ख्याल रखना होता है, तो इन प्रदर्शनों और आंदोलनों को दिखाया जाता है। इसलिए शायद अब श्री मोदी को दुखी होकर यह कहना पड़ा है कि मीडिया में उनकी खबरें दबाई जाने लगी हैं। हालांकि इस बात में कोई सच्चाई नहीं है, लेकिन सोचिए जिस देश के प्रधानमंत्री यह कहे कि मीडिया उनकी खबर नहीं दिखाता है, वहां मीडिया की साख पर कितना बड़ा प्रश्नचिह्न लगा है।

**भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने इस बात की ओर अपनी लगभग हर प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि लोगों के हित से जुड़े मुद्दों को मीडिया नहीं दिखाता है, बल्कि वो ऐसे मुद्दों को उठाता है जिनसे लोगों का ध्यान भटके। मीडिया सिनेमा, क्रिकेट की बातें करता है या फिर हिंदू-मुस्लिम के बीच झगड़ों की कहानियां दिखाकर नफरत फैलाता है।**

राहुल गांधी मोदी सरकार की अनेक नाकामियों के अलावा अब खुलकर मीडिया में आए पतन पर भी बोलने लगे हैं। खासकर भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने इस बात की ओर अपनी लगभग हर प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि लोगों के हित से जुड़े मुद्दों को मीडिया नहीं दिखाता है, बल्कि वो ऐसे मुद्दों को उठाता है जिनसे लोगों का ध्यान भटके। मीडिया सिनेमा, क्रिकेट की बातें करता है या फिर हिंदू-मुस्लिम के बीच झगड़ों की कहानियां दिखाकर नफरत फैलाता है। अभी अंबानी परिवार में शादी के पहले किए गए समारोहों में करोड़ों रुपयों को पानी की तरह बहाया गया, देश की सुरक्षा की परवाह न करते हुए सरकार ने जामनगर के हवाई अड्डे को 10 दिन के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बना दिया, अंबानी परिवार ने हजारों एकड़ जमीन में वनतारा नाम की परियोजना शुरु की और उसमें कानूनों का उल्लंघन करते हुए जंगली जानवरों को रखा, तो इन सब पर मीडिया ने कोई सवाल नहीं किया, बल्कि खुद को नामी पत्रकार समझने वाले एक शख्स ने अंबानी के निजी चिड़ियाघर में हाथी के लिए बनी खिचड़ी और जूस का सेवन करने का आनंद लिया और पूरी बेशर्मी से उसे दिखाया भी। राहुल गांधी ने इस पर भी कहा कि मीडिया अंबानी की शादी को दिखाएगा, लेकिन भूख से पीड़ित लोगों को नहीं। बिना लाग-लपेट के ठेठ कबीराना अंदाज में राहुल गांधी ने मीडिया को आईना दिखाने का काम किया है। अगर मीडिया के लोगों को अपने पेशे की जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता की परवाह होती तो ऐसे आरोपों को गलत साबित करने की ईमानदार कोशिशें होतीं और आत्मनिरीक्षण किया जाता कि कहीं वाकई हम सत्ता और पूंजी के गुलाम तो नहीं बन गए हैं, क्या जनसरोकारों पर बात करने की जगह हमने अपनी कलम को चंद रुपयों के लिए गिरवी रख दिया है। लेकिन मीडिया ने ऐसा कुछ नहीं किया, बल्कि पूरी निर्लज्जता से राहुल गांधी को ही गलत साबित करने की कोशिश जारी रही। भूख, नौकरी और गरीबी की पीड़ा की जगह ग्लैमर की बात मीडिया करता है, इसका उदाहरण देने के लिए राहुल गांधी ने ऐश्वर्या राय का नाम बार-बार लिया, तो उन पर हमले शुरु हो गए, जबकि ऐश्वर्या राय केवल प्रतीक मात्र के तौर पर उनके बयानों में रहीं। इसी तरह पिछले दिनों मध्यप्रदेश में उन्होंने फिर यही कहा कि मीडिया अग्निवीर पर सवाल नहीं करेगा, इस पर बीबीसी के एक पत्रकार ने कहा कि हमने सवाल किया तो राहुल गांधी ने उन्हें कहा कि आप विदेशी कंपनी के लिए काम करते हैं, लेकिन देश का मीडिया इस पर कुछ नहीं कहता है। श्री गांधी ने बीबीसी के पत्रकार को पहचाना नहीं या उन्हें छोटा पत्रकार कहा, इस बात को फिर एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश हुई। उन्हें नसीहतें दी जाने लगीं कि सभी पत्रकारों को एक तरह से न परखें, गोदी मीडिया की भड़ास उन्हीं पर निकालें।

राहुल गांधी के हर बयान पर बाल की खाल निकालने वाले व्यवहार से हो सकता है उन्हें कुछ और वक्त के लिए बदनाम किया जा सकेगा। लेकिन इससे हकीकत नहीं बदल जाएगी। जब सरकार से यह सवाल होना चाहिए कि 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज की खैरात जारी रखने की जगह उनके लिए सम्मानजनक जीवन यापन की व्यवस्था क्यों नहीं की जाती, तब मीडिया या तो अंबानी परिवार की धन की फूहड़ नुमाइश को दिखा रहा है, या प्रधानमंत्री के एकालाप को सुना रहा है, जिसमें उन्होंने बताया कि युवावस्था में घर छोड़ने के बाद वे पूरे देश में घूमे लेकिन कहीं भी भूखे नहीं रहे, क्योंकि लोगों ने उन्हें खाना खिला दिया। क्या मीडिया को यह सवाल नहीं करना चाहिए कि किसी से मांगकर खाने से बेहतर क्या यह नहीं होता कि कोई स्थायी रोजगार होता। मीडिया ये सवाल सरकार से नहीं कर रहा है, वो राहुल गांधी से पूछ रहा है कि ऐश्वर्या राय का नाम क्यों लिया, बीबीसी के पत्रकार को छोटा क्यों कहा। जबकि राहुल गांधी जैसे लोगों के लिए ही शायद मीर तकी मीर लिख गए हैं-

मत सहल हमें जानो फिरता है फ़लक बरसों।
तब ख़ाक के पर्दे से इंसान निकलते हैं।।

यानी कमाल के लोग रोज़- रोज़ पैदा नहीं होते बल्कि जब आसमान बरसों मारा-मारा फिरता है, तब उन जैसे लोग पैदा होते हैं।

# सैन्य उपग्रहों की संख्या को लेकर भारत और चीन के बीच बड़ी प्रतिस्पर्धा

■ **गिरीश लिंगन्ना**

तेजी से जटिल होते सुरक्षा परिदृश्य के बीच, चीन और भारत जैसे देश सहित एशिया के कई अन्य देश सम्पूर्ण क्षेत्र के भीतर सैन्य गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए अपने उपग्रह नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं।

पृथ्वी से लगभग 500 किलोमीटर ऊपर स्थित ये टोही उपग्रह, सैनिकों की आवाजाही और मिसाइलों के प्रक्षेपण सहित कई सैन्य कार्रवाइयों पर नज़र रखने में सक्षम हैं। संघर्ष की स्थिति में प्रतिकूल संसाधनों को सटीक रूप से लक्षित करने के लिए यह डेटा महत्वपूर्ण है।

लंदन स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज की एक रिपोर्ट, जिसे निक्केई एशिया द्वारा उद्धृत किया गया है, के अनुसार, चीन ने अपने टोही उपग्रहों के बेड़े को 2019 में 66 से बढ़ाकर 2022 तक 136 कर दिया है।

पृथ्वी की सतह की इमेजिंग के लिए डिज़ाइन किये गये उपग्रहों के अलावा, बीजिंग इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस (एलिंट) और सिग्नल इंटेलिजेंस (सिगिंट) पर केंद्रित उपग्रहों के अपने संग्रह को भी बढ़ा रहा है, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक संचार को पकड़ने की क्षमता है।

**परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के साथ-साथ जासूसी उपग्रह उत्तर कोरिया की सर्वोच्च सैन्य प्राथमिकताओं में से एक हैं, जो देश को वास्तविक समय में अमेरिकी विमान वाहक पर नजर रखने में सक्षम बनाता है। हालांकि 2023 में दो उपग्रह प्रयास विफल रहे, नवंबर में एक सफल प्रक्षेपण हुआ। ये सैन्य उपग्रह जमीन पर छोटी वस्तुओं का पता लगाने में सक्षम हैं, जो युद्ध संचालन के लिए महत्वपूर्ण साबित होते हैं।**

अक्टूबर में जारी अमेरिकी रक्षा विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा संचालित खुफिया, निगरानी और टोही उपग्रहों का उपयोग वैश्विक स्तर पर अमेरिकी और सहयोगी बलों की निगरानी, ट्रैकिंग और लक्ष्यीकरण के लिए किया जा सकता है। इसका इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर विशेष जोर है।

रिपोर्ट में आगे उल्लेख किया गया है कि ये उपग्रह पीएलए को कोरियाई प्रायद्वीप, ताइवान, हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर जैसे संघर्ष के संभावित क्षेत्रों पर नजर रखने में सक्षम बनाते हैं।

परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के साथ-साथ जासूसी उपग्रह उत्तर कोरिया की सर्वोच्च सैन्य प्राथमिकताओं में से एक हैं, जो देश को वास्तविक समय में अमेरिकी विमान वाहक पर नजर रखने में सक्षम बनाता है। हालांकि 2023 में दो उपग्रह प्रयास विफल रहे, नवंबर में एक सफल प्रक्षेपण हुआ।

ये सैन्य उपग्रह जमीन पर छोटी वस्तुओं का पता लगाने में सक्षम हैं, जो युद्ध संचालन के लिए महत्वपूर्ण साबित होते हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका की उपग्रह छवियों ने कथित तौर पर रूसी आक्रमण के बाद यूक्रेन के प्रारंभिक युद्धाभ्यास में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चीन के साथ अपनी बढ़ती प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में, भारत ने अपने रडार इमेजिंग उपग्रह (आरआईएसएटी) समूह को 2019 में 12 से बढ़ाकर 16 कर दिया है। इसी तरह, जापान और दक्षिण कोरिया सक्रिय रूप से अपनी उपग्रह क्षमताओं को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं, और चीन और उत्तर कोरिया में हो रहे परिवर्तनों पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

2004 से जापान सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से संबंधित डेटा इकट्ठा करने के लिए उपग्रहों का उपयोग कर रहा है। देश का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2029 तक अपने उपग्रह नेटवर्क को मौजूदा पांच से बढ़ाकर नौ तक करना है।

शुक्रवार 12 जनवरी 2024 को, मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज ने एच-आईआईए रॉकेट के प्रक्षेपण को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जो एक नये उपग्रह को अपनी निर्धारित कक्षा में ले गया।

दक्षिण कोरिया ने दिसंबर में अपने उद्घाटन प्रक्षेपण के साथ अपने टोही उपग्रह कार्यक्रम की शुरुआत की। इसका लक्ष्य 2025 तक अपने रक्षा मंत्रालय के दायरे में जासूसी के लिए समर्पित कुल पांच उपग्रहों को रखना है। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल में और नवंबर में एक और प्रक्षेपण निर्धारित है।

उपग्रह संचालन को बनाये रखने में महत्वपूर्ण व्यय होता है। जापानी सरकार ने अपने सूचना-संग्रह उपग्रहों के विकास और रखरखाव के लिए 80अरब येन (लगभग 545 मिलियन) का वार्षिक बजट आवंटित किया है। जैसा कि कंपनी ने कहा है, स्पेस एक्स द्वारा एक विशिष्ट फाल्कन-9 रॉकेट लॉन्च की कीमत 670 लाख डॉलर है।

अपने दिसंबर उपग्रह प्रक्षेपण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए स्वदेशी रॉकेट विकसित करने में अपनी सेना के प्रयासों के बावजूद, दक्षिण कोरिया ने स्पेस एक्स के फाल्कन-9 रॉकेट का उपयोग करने का विकल्प चुना। वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं की उपलब्धता उपग्रह परिनियोजन के लिए लागत बाधा को कम कर रही है, और अधिक विकासशील देशों को विस्तारित उपग्रह क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

उपग्रहों के नेटवर्क का विस्तार राष्ट्रों को विशिष्ट क्षेत्रों की अधिक बारीकी से निगरानी करने में सक्षम बनायेगा। हालांकि, ऐसी निगरानी के फोकस में रहने वाले लोग इन टोही उपायों को दरकिनार करने के लिए आश्चर्यजनक हमलों के लिए क्षमताओं के विकास को तेजी से ट्रैक करने की संभावना रखते हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर कोरिया अपनी ठोस-ईंधन मिसाइल तकनीक को आगे बढ़ा रहा है, जो त्वरित प्रक्षेपण की अनुमति देती है, और पनडुब्बियों पर भी काम कर रहा है।

रक्षा बजट को अनियंत्रित रूप से बढ़ने से रोकने के लिए, राष्ट्रों को लागत प्रभावी तरीके से अपनी टोही क्षमताओं को बढ़ाना होगा। जापान और दक्षिण कोरिया उपग्रह तारा मंडल की अवधारणा पर विचार कर रहे हैं, जिसमें छोटे, अधिक किफायती उपग्रहों के नेटवर्क को एक साथ जोड़ना शामिल है।

अकादमिक अनुसंधान और औद्योगिक पहलों को बढ़ावा देने के लिए अंतरिक्ष रक्षा में प्रगति का उपयोग करना भी महत्वपूर्ण है। इसी के अनुरूप, दक्षिण कोरियाई सरकार ने नासा से प्रेरणा लेते हुए एक नयी अंतरिक्ष एजेंसी स्थापित करने के लिए कानून पारित किया है।

## पावन प्रसंग

# असली आस्तिकता

सोमनाथ से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ब्राह्मण निवास किया करते थे। वे बड़े ही दयालु और उदार थे। आशुतोष नामक उस ब्राह्मण ने बड़ा कठोर तप किया था। एक दिन शिवरात्रि का महापर्व था। आशुतोष वैसे तो नित्य रुद्राभिषेक करते ही थे, पर शिवरात्रि के दिन उन्होंने त्रिकाल रुद्राभिषेक संपन्न किया। बड़ी श्रद्धा भक्ति से उस दिन उन्होंने भगवान महादेव का ध्यान किया।

उस दिन रात्रि 10 बजे से प्रातः 3 बजे तक आशुतोष भगवान महादेव के ध्यान में ही डूबे रहे। उसके बाद विश्राम करते हुए वे गहरी निद्रा में चले गए। उनकी यह निद्रा भी मानो एक योगनिद्रा के समान ही थी। ध्यानाभ्यास से जब चित्तशुद्धि हो जाती है तब व्यक्ति का सोना-जागना सब ध्यान ही बन जाता है। उसके हर श्वांस के माध्यम से अजपा जप स्वयमेव होने लगता है। योगनिद्रा की उसी अवस्था में आशुतोष ने एक दिव्य स्वप्न देखा। उन्होंने देखा भगवान महादेव कह रहे हैं- 'हे भक्त! तुम्हारी भक्ति से मैं अति प्रसन्न हूं। बोलो, तुम्हें क्या चाहिए?'

भगवान महादेव के उस दिव्य रूप का दर्शन कर आशुतोष आह्लादित व आनंदित हो उठे। उनके नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। उन्होंने आंसुओं से भगवान महादेव के चरण धोए और उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- 'भगवन, आपने मुझे अपने दिव्य स्वरूप का दर्शन राया, इससे बढ़कर भला दूसरा सौभाग्य क्या हो सकता है? हे भगवन मैं कभी भी आपको भूलूं नहीं। संसार की कोई भी चीज मुझे आपसे अधिक प्रिय न हो व मैं सदा आपके चरणों का दास बना रहूं, मुझे यही आशीष प्रदान कीजिए।'

भगवान भोलेनाथ भक्त के इस भोलेपन को देख अति प्रसन्न हुए और बोले-'तुम यदि मेरी सचमुच सेवा करना चाहते हो, तो लोक-कल्याण का कार्य करो। हर जीव में शिव का दर्शन करो। जीवसेवा ही शिवसेवा है-इस सत्य को हमेशा याद रखना और अपने ज्ञान से जन-जन को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना।' इतना कहकर भगवान शिव अंतर्ध्यान हो गए और इधर आशुतोष की आंखें खुल गईं। सवेरा होने पर आशुतोष ने सारी बातें अपनी पत्नी ललिता को बताईं। दोनों आनंदित व आह्लादित हुए।

अगले दिन दोनों सोमनाथ भगवान के ज्योतिर्लिंग रूप का उन्होंने दर्शन किया, साथ ही शिव संकल्प भी किया कि उस दिन से सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की पीड़ा निवारण हेतु जनजागरण की शुरुआत करेंगे। आगे चलकर आशुतोष के एक पुत्र व एक पुत्री हुए। दोनों ही बड़े संस्कारवान थे। संस्कार तो मानो उन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिले थे। नित्य जप, तप, ध्यान, सत्संग, पाठ के कारण घर एक मंदिर का रूप ले चुका था। देखते ही देखते उनके गांव के हर घर में यज्ञ, जप, ध्यान, पाठ होने लगे और इस प्रकार पूरे गांव का वातावरण बड़ा ही दिव्य और अलौकिक हो उठा।

गांव के सभी लोग बड़े प्रेम से मिलजुल कर रहते, दुख की घड़ी में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते, सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ रखते। धीरे-धीरे पूरे गांव में संस्कारशाला, व्यायामशाला व वाचनालय प्रारंभ हो गए। आशुतोष प्रकृतिप्रेमी होने के साथ-साथ औषधीय पौधों का भी ज्ञान रखते थे, सो उन्होंने गांव के हर घर में औषधीय पौधे ही लगवाए, जैसे तुलसी, नीम, पीपल, आंवला आदि और देखते ही देखते वह गांव आदर्श गांव में तब्दील हो गया।

वास्तव में यही है असली आस्तिकता। जीव मात्र की सेवा ही शिवसेवा है। जो भगवान को सिर्फ मूर्तियों में, मंदिरों, मस्जिदों व गिरजाघरों में देखते हैं उनकी पूजा, चिह्न पूजा मात्र है, पर जो भगवान को कण-कण में, घर-घर में, हर जीवन में देखते व उनकी सेवा करते हैं, उनकी पूजा ही असली पूजा है। हम भी क्यों न जीवसेवा के द्वारा शिवसेवा प्रारंभ कर दें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# लाभार्थियों तक क्यों नहीं पहुंचती योजनाएं?

सरकार ने गरीब और वंचितों के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं तो चलाई हैं, लेकिन जिन्हें इन योजनाओं का लाभ मिलनी चाहिए उन्हें समय पर नहीं मिल पा रहा है। दरअसल जागरूकता का अभाव इस राह में सबसे बड़ी रुकावट है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी भी बनती है कि वह गांव में जो लोग सरकारी योजनाओं से वंचित हैं उनका इससे जुड़ाव कराए ताकि जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके और यह योजनाएं केवल नाम की न रह जाए।

देश में केंद्र हो या फिर राज्य सरकार, सभी नागरिकों के हितों में कई योजनाएं चला रही है। कुछ योजनाएं केंद्र द्वारा संचालित होती हैं तो कुछ योजनाएं राज्य सरकार भी अपने स्तर पर लागू करती हैं लेकिन सभी का अंतिम उद्देश्य समाज में गरीब, पिछड़े, आर्थिक रूप से कमज़ोर और हाशिये पर खड़े लोगों तक लाभ पहुंचना है ताकि वह भी स्वयं को समाज की मुख्यधारा से जुड़ा हुआ महसूस कर सकें। शहरी ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों की सबसे अधिक संख्या देश के ग्रामीण क्षेत्रों में होती है. जो अक्सर शिक्षा और जागरूकता के अभाव में अपनी मूलभूत बुनियादी सुविधाएं तक प्राप्त नहीं कर पाते हैं। यही कारण है कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक का फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक होता है। जो भी योजनाएं तैयार की जाती हैं उसे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के हितों को केंद्र में रखकर तैयार की जाती है।

लेकिन अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां के आधे से अधिक निवासी इन योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसा ही एक गांव लोयरा है। जो राजस्थान के उदयपुर जिला मुख्यालय से लगभग 8 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां पर लगभग 550 घरों की बस्ती निवास करती है। जिसकी कुल जनसंख्या करीब ढ़ाई हज़ार है। अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव में ज्यादातर गमेती समुदाय के लोग निवास करते हैं। इसके अतिरिक्त इसी जनजाति के डांगी समुदाय की संख्या है। इसके अतिरिक्त ओबीसी समाज की भी एक बड़ी आबादी इस गांव में निवास करती है। बाकी अनुसूचित जाति और सामान्य समुदाय के कुछ परिवार भी यहां निवास करते हैं। यहां से लोग ज्यादातर आसपास या उदयपुर शहर में मजदूरी करने जाते हैं। उच्च शिक्षा के प्रति विशेष रुचि नहीं होने और जागरूकता के अभाव में बहुत से ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। हालांकि गांव में उज्ज्वला योजना, पीएम किसान निधि योजना, शौचालय निर्माण योजना, पेंशन योजना, सुकन्या योजना, आवास योजना, जन वितरण प्रणाली योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना और चिरंजीवी जैसी अनेकों योजनाएं संचालित हैं। जिसका कुछ ग्रामीण संपूर्ण लाभ उठा रहे हैं तो कुछ को अभी भी इन योजनाओं से मिलने वाले लाभ का इंतज़ार है। गांव में एसटी समुदाय के 42 वर्षीय नाथूराम कहते हैं कि उन्हें अभी तक केवल प्रधानमंत्री बीमा योजना का ही लाभ मिल है। जबकि राशन कार्ड अभी तक नहीं बना है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना का उन्होंने दो बार फार्म भरा लेकिन अभी तक वह इस सुविधा का लाभ उठाने से वंचित हैं। जिसके बाद इन्होंने किसी प्रकार पैसों की व्यवस्था कर खुद ही अपना आवास बना लिया है।

जागरूकता के कारण धुली बाई का परिवार सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं का समुचित और समय पर लाभ उठाने में सफल रहा है। धुली बाई बताती हैं कि उन्हें न केवल शौचालय बनाने के पैसे मिले हैं बल्कि समय पर राशन कार्ड से गेहूं मिलते हैं और उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का लाभ भी मिलता है। वह बताती हैं कि इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए वह लगातार पंचायत कार्यालय जाती रही और सभी योजनाओं की न केवल जानकारी प्राप्त की बल्कि इसके आवेदन की सभी प्रक्रियाओं का भी समय पर पालन कर कागजात जमा करा दिया। वह अब गांव के अन्य जरूरतमंद परिवारों का भी आवेदन भरने में मार्गदर्शन करती हैं।

**मुकेश मेघवाल, उदयपुर राजस्थान**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## रूस ने सीमा के निकट फ्रांसीसी सैन्य विमानों को खदेड़ा

**मॉस्को।** रूसी सुखोई-27 लड़ाकू जेट ने काला सागर के ऊपर रूसी सीमा की तरफ बढ़ रहे तीन फ्रांसीसी सैन्य विमानों को खदेड़ दिया। सरकारी मीडिया ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह खबर दी है। सरकारी तास समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि काला सागर पर रूसी राडार ने देश की सीमा की ओर बढ़ रहे तीन हवाई लक्ष्यों का पता लगाया। इसके बाद वायु रक्षा बलों के ड्यूटी पर तैनात एक सुखोई-27 लड़ाकू विमान को रवाना किया गया।

# देश विदेश

# जयशंकर ने की 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की सह-अध्यक्षता

### दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ताए-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित



**त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की बात भी कही गई**

**नई दिल्ली/सोल,** 6 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ताए-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की। डॉ जयशंकर सोल पहुंचने के बाद बुधवार को दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके।


विदेश मंत्री ने कहा, दो देशों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने विचारों में बढ़ती समानता देखी। उन्होंने कहा, भारत-प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना एक अच्छा मसला है और इस क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि बनाएं रखना दोनों देशों का कर्तव्य है। उन्होंने अपने समकक्ष यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया।

## विदेश मंत्री ने अयोध्या से जुड़े कोरियाई शहर के मेयर से मुलाकात की

**सोल।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के गिम्हे शहर के मेयर होंग ताए-योंग से मुलाकात की और साझा सांस्कृतिक विरासत तथा लोगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों के बारे में बात की। विदेश मंत्री बुधवार को 10वें भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के बाद ताए-योंग से मिले। जयशंकर ने उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भी भेंट की। मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, आज मेयर होंग ताए-योंग से मिलकर खुशी हुई। गिम्हे-अयोध्या संपर्क हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत और लंबे समय से लोगों के बीच संबंधों का प्रमाण है। गिम्हे शहर के साथ अधिक सांस्कृतिक और शैक्षिक सहयोग पर चर्चा हुई।

# यूक्रेन ने 38 रूसी ड्रोन मार गिराए

**कीव,** 6 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन ने रूस के 42 अटैक ड्रोनों में से 38 को मार गिराया है। रूस ने बुधवार रात इन्हें लॉन्च किया था। कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी सैन्य बलों ने डोनेट्स्क क्षेत्र में रूस के कब्जे वाले हिस्सों से पांच एस-300 एंटी-एयरक्राफ्ट गाइडेड मिसाइलों से हमला किया। ड्रोन कब्जे वाले क्रीमिया, साथ ही कुर्स्क क्षेत्र और दक्षिणी क्रास्नोडार क्राय में रूस के बंदरगाह शहर प्रिमोर्सको-अख्तरस्क से लॉन्च किए गए थे। रूस को अटैक ड्रोन ईरान ने सप्लाई किए हैं। रूस इनका उपयोग यूक्रेन के अंदर मौजूद ठिकानों पर कर रहा है।




पांच एस-300 एंटी-एयरक्राफ्ट गाइडेड मिसाइलों से हमला किया

यूक्रेनी वायु सेना के मोबाइल फायर समूहों और विमान भेदी मिसाइल यूनिटों ने निप्रॉपेट्रोस, ओडेसा, खेरसॉन, खमेलनित्सकी, चर्कासी, खारकिव, वीन्नित्स्या और सुमी क्षेत्र पर हमले को विफल कर दिया। द कीव इंडिपेंडेंट ने क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के हवाले से बताया कि इससे पहले मंगलवार रात रूसी सेना ने यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी में हमले वाले ड्रोनों की एक श्रृंखला शुरू की, जिसमें शहर के कई इलाकों पर हमला किया गया। प्रशासन के अनुसार, सभी घायल व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है। लेकिन हताहतों की संख्या या क्षति के बारे में डिटेल नहीं दी गई है।

## सुडोकू 6488


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 6 | | | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 9 |
| 1 | 2 | | | | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | | | |
| 7 | 8 | | 5 | | 2 | | 6 | 3 |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| 2 | | | | | | | 9 | 8 |
| 5 | 9 | | | | 7 | | | |
| | | | | 3 | | 6 | | 7 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6488



**बायें से दायें:-**

१. पतली कमर वाली
४. हारा हुआ
६. कमल
७. शाही दरबार या अदालत, आस्था मंडप, राजा या बादशाह की बैठक, पुलिस-सिपाहिओं का उपनायर, वह पुस्तक जिसमें गजलें संग्रहित हों (उर्दू)
८. घोर युद्ध, भयानक मार-काट
१०. धोखा, छल, बनावटी व्यवहार
११. आसानी
१३. पाठ, अध्याय, सीख (उर्दू)
१४. पेशगी, आगामी
१५. पूजा, अर्चना
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. दोस्ती
२१. कमल
२२. पैरों की धूल
२४. अपने नाम के अनुरूप

**ऊपर से नीचे:-**

१. परिवर्तित (उर्दू)
२. दृष्टिगत (उर्दू)
३. विशिष्ट ढंग या दृष्टिकोण से सोचने की आदत
४. पानी भरने का घाट
५. जानने की इच्छा
९. पदचिन्ह (उर्दू)
११. आश्रय, आलंब, टेक
१२. शरमाना
१३. काल. अवसर
१४. किसी और जगह, दूसरी जगह
१५. जोड़ना, इकट्ठा करना
१६. अर्जुन
१८. सेवा-सुश्रुषा, हिफाजत (उर्दू)
१९. मेल होना, मुलाकात होना
२०. गरमी, उष्णता
२३. विश्व, दुनिया, संसार

### वर्ग पहेली-6487



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 7 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - घर, परिवार और संतान के मामले में आज आपको आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा। आज आप सगे- संबंधियों और मित्रों से घिरे रहेंगे। व्यापार को बढ़ाने के लिए कहीं जाना होगा। इसमें लाभ होगा।

वृषभ - विदेश में रहने वाले स्वजन या मित्रों का समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्नता का अनुभव करेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अनुकूल संयोग बनेंगे। लंबी दूरी की यात्रा करने का अवसर आएगा।

मिथुन - किसी भी प्रकार के अनिष्ट से बचने के लिए आज क्रोध की भावनाओं को नियंत्रण में रखने की जरूरत है। नई दवाई या चिकित्सा शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। खर्च बढ़ जाने से आर्थिक तंगी अनुभव होगी।

कर्क - आज मौज-शौक और मनोरंजन की प्रवृत्ति में आप सराबोर होंगे। मित्रों, परिवार के साथ मनोरंजन के स्थान या पर्यटन पर जाने का अवसर मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषण आदि की खरीदारी होगी।

सिंह - आज आपके परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर आप आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति और आनंद की प्राप्ति होगी।

कन्या - आज आपको किसी न किसी कारणवश से मन में चिंता रहेगी। विशेष रूप से संतान और स्वास्थ्य के बारे में आप अधिक चिंतित होंगे। पेट संबंधी बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में कठिनाइयां आएंगी।

तुला - अत्यधिक संवेदनशीलता और विचारों के बवंडर से आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। माता और महिलाओं के मामले में आपको चिंता रहेगी। यात्रा के लिए आज का दिन अनुकूल न होने से यात्रा करना टालें।

वृश्चिक - आज का दिन खुशी से व्यतीत करेंगे। नए काम की शुरुआत करेंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा। स्वजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। किसी छोटी यात्रा के योग हैं। आज आपके काम सफल होंगे।

धनु - आपका आज का दिन मध्यम फलदायी साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी पैदा होने के कारण मनमुटाव होगा। आज आपके व्यवहार में दृढ़ता कम होने से कोई भी निर्णय तेजी से नहीं ले सकेंगे।

मकर - आज निर्धारित कार्य सफलता से पूरे होंगे। ऑफिस या व्यवसायिक स्थल पर आपका वर्चस्व बढ़ेगा। गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

कुंभ - आज किसी का पक्ष ना लें। पैसे की लेन-देन से परहेज करें। खर्च में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिजनों के साथ वाद-विवाद से बचें। किसी के साथ गलतफहमी होने से झगड़ा होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखना पड़ेगा।

मीन - आज आपके लिए लाभदायक दिन है। नौकरी व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। बुजुर्ग और मित्रों की तरफ से आपको लाभ होगा। नए मित्र बनेंगे। इनसे मित्रता भविष्य के लिए लाभदायक साबित होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1906-फ़िनलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला।
1911-प्रसिद्ध हिंदी लेखक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का उत्तर प्रदेश में जन्म।
1949-भारतीय राजनीतिज्ञ गुलाम नबी आजाद का जन्म।
1952-वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी सर विवियन रिचडर्स का जन्म।
1955-भारतीय फिल्म अभिनेता अनुपम खेर का जन्म।
1961-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी गोविंद बल्लभ पंत का निधन।
1971-शेख मुजिब-उर-रहमान ने बंगलादेश की स्वतंत्रता का आह्वान किया।
1985-एड्स का पहली एंटीबॉडी परीक्षण एलिसा टाइप टेस्ट शुरु किया गया।
1987-टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में दस हजार रन पूरे किए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले बल्लेबाज बने।
1995-मृत्युदंड देने वाला न्यूयॉर्क दुनिया का 38वां राज्य है।
2001-फिजी में अंतरिम सरकार का इस्तीफ़ा।
2002-इस्लामाबाद में दक्षेस सूचना मंत्रियों का सम्मेलन शुरू, सम्मेलन के दौरान पाकिस्तानी राष्टपति परवेज मुशर्रफ़ ने पुन- द्विपक्षीय मुद्दे उठाये।
2003-राष्टपति फिदेल कास्त्रो को क्यूबा की संसद ने छठे कार्यकाल के लिए राष्टपति निर्वाचित किया, वे दुनिया के सबसे लम्बे समय तक शासन करने वाले शासनाध्यक्ष हैं।
2006-ईरान के राष्टपति ने देश की परमाणु गतिविधियों पर रोक के लिए संयुक्त राष्ट परमाणु एजेंसी से क्षतिपूर्ति की मांग की।

## हूथी विद्रोहियों का अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले का दावा

**सना,** 6 मार्च (एजेंसियां)। यमन के हूथी विद्रोहियों ने कहा है कि उसने मंगलवार रात लाल सागर में अमेरिकी नौसेना के दो युद्धपोतों पर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए।



हूथी सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने सैटेलाइट टीवी चैनल अल-मसीरा पर प्रसारित एक बयान में कहा, हमने लाल सागर में दो अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाते हुए एक सैन्य अभियान चलाया। यह ऑपरेशन कई नौसैनिक मिसाइलों और ड्रोनों के साथ किया गया। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बल गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के समर्थन में और हमारे देश (यमन) के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता के जवाब में सभी शत्रुतापूर्ण लक्ष्यों के खिलाफ हमलों का विस्तार करने में संकोच नहीं करेंगे।

# बंधकों की रिहाई के लिए स्थायी युद्धविराम चाहता है हमास

**तेल अवीव,** 6 मार्च (एजेंसियां)। हमास के वरिष्ठ नेता ओसामा हमदान ने कहा कि शेष 134 कैदियों को तभी रिहा किया जाएगा जब स्थायी युद्धविराम लागू हो जाएगा और इजराइली सेना गाजा से लौट जाएगी। हमादान ने मंगलवार को बेरूत में एक बयान में कहा कि पिछले दो दिनों में संगठन ने कतरी और मिस्र के मध्यस्थों के सामने स्पष्ट रूप से यह विचार रखे।

उन्होंने कहा कि हमास ने अपनी स्थिति की पुष्टि की है कि गाजा पट्टी से आईडीएफ की पूर्ण वापसी और विस्थापित फिलिस्तीनी परिवारों की उनके घरों में वापसी के बाद ही स्थायी युद्धविराम संभव है।

हमास द्वारा अपनाए गए सख्त रुख ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की उम्मीदों को लगभग पटरी से उतार दिया है कि 10 मार्च से रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत से पहले छह सप्ताह का अस्थायी युद्धविराम किया जाएगा। हालांकि, अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद अल-थानी और मिस्र के मध्यस्थ मेजर जनरल अब्बास कलाम के साथ लगातार चर्चा कर रहे हैं। अमेरिकी नेता इजरायली मंत्री बेनी गैंट्ज़ के साथ भी संपर्क में हैं, जो अमेरिका की यात्रा पर हैं।



मिस्र के मध्यस्थों के सामने रखे विचार

इजराइल रक्षा मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि अगर हमास संघर्ष विराम वार्ता से पीछे हटता है, तो इजराइल को अपने बंधकों को छुड़ाने के लिए चौतरफा हमला करना होगा। यह ध्यान दिया जा सकता है कि अमेरिका, कतर और मिस्र सहित मध्यस्थों की अपील के बाद इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) को रफा सीमा पर चौतरफा जमीनी आक्रमण से रोक दिया गया है।

## बांधों के वैश्विक सुरक्षा मानक के लिए मंत्रालय का आईआईएससी से समझौता

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (एजेंसियां)। जल शक्ति मंत्रालय ने बांधों के लिए अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र आईसीईडी की स्थापना के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान भारतीय विज्ञान संस्था (आईआईएससी) बेंगलुरु के साथ समझौता किया है।

आधिकारिक सूचना के अनुसार आईसीईडी बांध सुरक्षा को लेकर सामने आ रही नयी चुनौतियों के समाधान के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान कर इन चुनौतियों से निपटने की दिशा में काम करेगा। समझौते के अनुसार आईसीईडी जल शक्ति मंत्रालय की तकनीकी शाखा के रूप में कार्य करेगा और देश तथा विदेश में बांध मालिकों के लिए विशेष तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।

जल संसाधन, नदी विभाग विकास और गंगा संरक्षण, जल शक्ति मंत्रालय ने कहा है कि वैश्विक संस्थानों के बराबर क्षमता और विशेषज्ञता विकसित करने और बांध सुरक्षा में 'मेक इन इंडिया' को सशक्त बनाने के मकसद से केंद्रीय जल आयोग ने बांधों के लिए आईसीईडी की स्थापना के लिए आईआईएससी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



आईसीईडी जल शक्ति मंत्रालय की तकनीकी शाखा के रूप में कार्य करेगा

सरकार का मानना है कि इस समझौते के तहत आईसीईडी 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण की दिशा में सही प्रोत्साहन देगा और कई अविकसित और बांध सुरक्षा क्षेत्र में ज्ञान और विशेषज्ञता के प्रसार के लिए अवसर प्रदान करेगा।

## नेपाल में सड़क दुर्घटना में सात की मौत, 30 घायल

**काठमांडू,** 6 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल के धादिंग जिले में बुधवार को एक यात्री बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। द काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब काठमांडू जा रही बस हाईवे से नीचे गिर पानी में गिर गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, बचाव दल ने पांच शव बरामद किए हैं और दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावी बचाव अभियान और घायलों के लिए स्वास्थ्य उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बस चालक हरिराम हरिजन को पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। देश में दुर्घटना के सामान्य कारण सड़कों और वाहनों की खराब स्थिति और ओवरलोडिंग हैं।




**मुकाबला** *'सुपर ट्यूजडे' की जीत में बाइडेन, ट्रंप आगे*

# बाइडेन, ट्रंप में दोबारा आमना-सामना होने की संभावना बढ़ी

**वाशिंगटन, 6 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी-अपनी पार्टी की प्राइमरी में 'सुपर ट्यूजडे' की जीत के साथ आगे चल रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अमेरिकी मीडिया अनुमानों का हवाला देते हुए बताया कि अमेरिकी लेखिका मैरिएन विलियमसन और सांसद डीन फिलिप्स की चुनौती बखूबी सामना करते हुए बाइडेन ने अलबामा, मैसाचुसेट्स, मेन, उत्तरी कैरोलिना,**



अलबामा, उत्तरी कैरोलिना, ओक्लाहोमा, टेनेसी, वर्जीनिया और वर्मोंट की डेमोक्रेटिक प्राइमरी और आयोवा में पार्टी के कॉकस में जीत हासिल की है। इस बीच, ट्रम्प के दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली को हराकर ओक्लाहोमा, टेनेसी और वर्जीनिया में रिपब्लिकन प्राइमरी मुकाबलों में जीत हासिल करने का अनुमान है। घनी आबादी वाले कैलिफोर्निया और टेक्सास तथा अमेरिकी क्षेत्र अमेरिकन समोआ सहित 15 प्रांतों में मंगलवार को प्राइमरी चुनाव हुए।

## अफगनिस्तान ने लगाया हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप

**काबुल।** अफगानिस्तान के सेना प्रमुख कारी फसीहुद्दीन फितरत ने अमेरिका पर उनके देश के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अमेरिका के पायलटरहित विमान कई बार अफगानिस्तान की वायु सीमा में घुसते हैं। स्थानीय मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने बुधवार को श्री फितरत के हवाले से कहा, अमेरिकी ड्रोन कभी-कभी अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते हैं। ड्रोन कभी-कभी गश्त करते हैं और अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र पर अब भी अमेरिकियों का कब्जा है। सेना प्रमुख ने 'पड़ोसी देशों में से एक' को अमेरिका को अफगानिस्तानी हवाई क्षेत्र में अपने क्षेत्र से पायलट रहित विमानों को संचालित करने की अनुमति देने के लिए दोषी ठहराया लेकिन उस देश के नाम का खुलासा नहीं किया। ज्ञातव्य है कि अमेरिकी नेतृत्व वाली सेना ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान छोड़ दिया था, जिससे देश पर 20 साल का सैन्य कब्जा समाप्त हो गया। श्री फितरत ने अफग़ानिस्तानी सशस्त्र बलों की संख्या पांच लाख तक गिनाते हुए कहा कि इस संख्या में सेना, पुलिस और खुफ़िया कर्मी शामिल हैं। श्री फितरत ने कहा कि अफगान कार्यवाहक सरकार के पास वर्तमान में करीब 1.72 लाख सैनिकों वाली मजबूत राष्ट्रीय सेना है।

## दुनिया को जानें

# लू और बाढ़ से ग्रामीण महिलाओं बुजुर्गों की आय पर अधिक असर

**रोम,** 6 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की एक नई रिपोर्ट में बताया गया है कि लू और बाढ़ जैसी जलवायु घटनाएं ग्रामीण महिलाओं, गरीबों और बुजुर्गों की आय को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पुरुषों के नेतृत्व वाले परिवारों की तुलना में, महिला प्रधान परिवारों में गर्मी के तनाव के कारण औसतन 8 प्रतिशत आय का नुकसान होता है, जबकि बाढ़ की वजह से 3 प्रतिशत की हानि होती है। औसत तापमान में केवल 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी से पुरुषों की तुलना में उनकी कुल आय में 34 प्रतिशत की भारी हानि हो सकती है। अध्ययन में महिलाओं और पुरुषों के बीच कृषि उत्पादकता और मजदूरी में महत्वपूर्ण मौजूदा अंतरों को ध्यान में रखा गया, जिससे पता चलता है, अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो जलवायु परिवर्तन आने वाले वर्षों में इन अंतरों को बहुत बढ़ा देगा। एफएओ के महानिदेशक क्यू डोंग्यु ने बयान में कहा, जगह, धन, लिंग और उम्र पर आधारित सामाजिक मतभेदों का जलवायु संकट के प्रभावों के प्रति गांव के लोगों की संवेदनशीलता पर एक शक्तिशाली, फिर भी कम समझा जाने वाला प्रभाव पड़ता है।

# प्रादेशिकी

## जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर एसिड अटैक के दोषी को उम्रकैद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में जिला एवं सत्र न्यायालय ने बुधवार को एसिड अटैक मामले में मुख्य आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 40 लाख रुपए का जुर्माने भी लगाया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश जवाद अहमद ने फैसला सुनाया। 1 फरवरी 2022 को श्रीनगर शहर के हवाल इलाके में महिला पर एसिड हमला हुआ था। श्रीनगर के डलगेट निवासी सज्जाद अल्ताफ शेख ने एक नाबालिग लड़के के साथ मिलकर 24 वर्षीय महिला पर एसिड से हमला किया था। महिला ने शेख के शादी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिस कारण उसने हमले को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले की तत्काल जांच करने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए आईपीसी की धारा 326-ए और 120-बी के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने एक एसआईटी का गठन भी किया था।

# केन्द्र व राज्य सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के पास पहुंच रही : मुख्यमंत्री

## धामी ने बांटे नजूल नीति के 2600 पट्टे

- लाभार्थियों को सौंपे पीएम आवास के आवंटन पत्र
- उधमसिंह नगर के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया

अमर नाथ तिवारी

**देहरादून,** 6 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को उधमसिंह नगर के रुद्रपुर दौरे पर रहे। यहां उन्होंने गांधी मैदान में आयोजित जिला प्रशासन के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सीएम धामी ने नजूल नीति के तहत गरीब तबके के 2600 परिवारों को पट्टे और पीएम आवास के तहत 403 लाभार्थियों को आवास आवंटन पत्र वितरित किया।

इस दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, रुद्रपुर विधायक शिव सिंह अरोड़ा और गदरपुर विधायक अरविंद पांडे मौजूद रहे।



सीएम पुष्कर सिंह धामी एक दिवसीय दौरे पर रुद्रपुर पहुंचे जहां भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम से पूर्व, सीएम धामी ने छोटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई और स्वीप कार्यक्रम के तहत बैनर में हस्ताक्षर भी किए। इसके बाद उन्होंने नजूल नीति के तहत पट्टा पाने वाले 2600 परिवारों और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 403 आवास लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने मंच पर 25 लाभार्थियों को पट्टा और आवास के आवंटन पत्र सौंपे। उन्होंने जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। अपने संबोधन में सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि अब लोगों का अपने घर का सपना साकार होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति के पास पहुंच रही है। हमारी सरकार ने कई कठोर कानून बनाए हैं। उन्होंने कहा कि यूसीसी (विधेयक), धर्मांतरण और नकल विरोधी कठोर कानून बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों से नुकसान की भरपाई कराई जा रही है। इतना ही नहीं, नुकसान की भरपाई के लिए संपत्ति के जरिए भरपाई को वसूला जा रहा है। इसके लिए अध्यादेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने नजूल में रह रहे लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि सभी को नजूल नीति के तहत पट्टे वितरित किए जाएंगे।

# हिमाचल प्रदेश में 1 लाख करोड़ की सड़कें ही है मोदी की गारंटी : जयराम ठाकुर

**शिमला,** 6 मार्च (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का सर्वांगीण विकास ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के साथ पूरी उदारता दिखाई और विषेश राज्य का दर्ज़ा दिया। इस समय हिमाचल प्रदेश में सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 1 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं।

भारत में पहले झूठे वादों की, झूठी गारंटियों की राजनीति होती थी



आज तक हिमाचल में इस तरीके की परियोजनाएं देखने को नहीं मिली। आज अगर हिमाचल में एम्स जैसे विश्व स्तरीय संस्थान और अटल टनल जैसी सुविधाएँ हैं तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संभव हो पाई हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि बीते कल ही हमारे सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 4,000 करोड़ से ज़्यादा की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। आए दिन केंद्र सरकार की किसी न किसी योजना का लोकार्पण और शिलान्यास हिमाचल प्रदेश में होता रहता है। दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश की दो जल बिजली परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए काम करते हैं। हर भारतवासी उनका परिवार है। उनके सुख समृद्धि प्रसन्नता के लिए प्रधानमंत्री का जीवन समर्पित है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस समय देश में सिर्फ़ एक ही जन नेता ऐसा है जिसके प्रधानमंत्री बनने के लिए पूरी दुनिया से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में पहले झूठे वादों की, झूठी गारंटियों की राजनीति होती थी। नरेंद्र मोदी ने इस राजनीति को ख़त्म किया और हर वादा पूरा करने की राजनीति शुरू की। जिसे आज पूरा देश स्वीकार कर रहा है। प्रधानमंत्री के लिए इसी कार्यशैली को देखते हुए आज देश में सिर्फ़ एक ही गारंटी को देश के लोग स्वीकार कर रहे हैं और उस गारंटी का नाम है नरेन्द्र मोदी की गारंटी। जयराम ठाकुर ने विकास की दृष्टि से हिमाचल को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत समस्त केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

**सार संक्षेप**

### राजिंदर राणा ने इस्तीफा दिया

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजिंदर राणा ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया। श्री राणा पार्टी के उन बागी नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने राज्य सभा चुनाव में कथित रूप से क्रॉस वोटिंग की थी। श्री राणा ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा कि मैं प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूँ। वा सोने को वारिए जा से टूटे कान। इस ट्वीट के साथ उन्होंने अपने इस्तीफे की प्रति भी पोस्ट की है।

### कार-बस की टक्कर में पाँच लोगों की मौत

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी में सिह गाँव के निकट बुधवार सुबह एक कार और रोडवेज बस की टक्कर में कर में सवार पाँच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार कार में सवार लोग रेवाड़ी के धरूहेरा में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर चरखी-दादरी लौट रहे थे।

### पंजाब में गन हाउस चोरी मामले में दो गिरफ्तार, 12 हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गन हाउस चोरी के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने पांच राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 1 हजार से अधिक किलोमीटर पीछा करने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 21 कारतूसों के साथ 12 हथियार बरामद किए हैं।

### तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए पोर्टल शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत एक पोर्टल की शुरूआत की है। श्री खट्टर ने बुधवार कहा कि श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन, श्री हरमिंदर साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ के दर्शन कराने के लिये इस पोर्टल पर पंजीकृत श्रद्धालुओं को सरकार की ओर से निःशुल्क यात्रा करायी जायेगी। पोर्टल पर अब तक करीब 700 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने करनाल में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रभु श्रीराम लला के दर्शन के लिये करनाल से अयोध्या जाने वाली तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अन्य तीर्थ स्थानों के लिये भी धीरे-धीरे पोर्टल खोलेंगे ताकि और तीर्थयात्री जो देश में अन्य तीर्थस्थानों पर जाने के इच्छुक हैं, वे अपना पंजीकरण कर सकें। अभी पंजीकरण के लिये एक लाख 80 हजार रु सालाना से कम आय वाले तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिये यह सुविधा निःशुल्क दी जा रही है, लेकिन कई लोगों का अनुरोध है कि कुछ किराया राशि अथवा शुल्क आदि लेकर अन्य लोगों को भी इस योजना में कुछ न कुछ सुविधा दी जाए।

### सुडोकू 6488 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 |

# अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन

**रुड़क,** 6 मार्च (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदेशभर में प्रदर्शन व रैली निकाल रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी। रुड़की के नगर निगम के समीप आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष ममता पुरी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एकत्रित हुईं। नगर निगम चैक से तहसील परिसर स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष ममता पुरी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एकत्रित हुईं

कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाल कर अपना रोष प्रकट किया। इस दौरान के साथ सभी प्रदर्शनकारी कार्यकत्रियों द्वारा जमकर नारेबाजी भी की गई। प्रदर्शनकारी कार्यकत्रियों की मांग है कि या तो उन्हें 18 हजार का मानदेय दिया जाए या उन्हें नियमित किया जाए।



इस दौरान उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की ब्लॉक अध्यक्ष ममता पुरी ने कहा कि लंबे समय से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सरकार के समक्ष अपनी मांगें रख रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की बेरुखी के चलते हम लोग आंदोलन करने को मजबूर हैं। 20 फरवरी से कार्य बहिष्कार पर हैं। इसी के साथ उन्होंने कहा कि दिल्ली में दिल्ली पुलिस द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया है जोकि बहुत निंदनीय है।

# अवैध निर्माण को लेकर पूर्व मंत्री डॉ.हरक व डीएफओ को सुप्रीम की फटकार

**देहरादून,** 6 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पाखरो रेंज में पेड़ों की कटाई और अवैध निर्माण मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए उच्चतम न्यायालय ने पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत और पूर्व अधिकारी किशन चंद को कड़ी फटकार लगाई है। इसके साथ ही, देश में राष्ट्रीय उद्यानों के बफर जोन या इससे सटे सीमांत क्षेत्रों में टाइगर सफारी की इजाजत दी जा सकती है या नहीं, इसको देखने के लिए एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। वन्यजीव कार्यकर्ता और वकील गौरव बंसल ने चिड़ियाघर से बाघ लाकर सफारी के नाम पर उन्हें बफर जोन में रखने और कॉर्बेट पार्क में हुए अवैध कटान और निर्माण को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई की अनुमति देकर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को नुकसान पहुंचाने के लिए उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत और तत्कालीन प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) किशन चंद को भी फटकार लगाई। कॉर्बेट में पेड़ों की कटाई के पहलू पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह तत्कालीन मंत्री और डीएफओ के दुस्साहस से चकित है। शीर्ष अदालत ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई के कारण हुए

- कॉर्बेट में पेड़ों की कटाई के पहलू पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह तत्कालीन मंत्री और डीएफओ के दुस्साहस से चकित है



नुकसान के संबंध में पहले से ही मामले की जांच कर रही सीबीआई को तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को जंगल की बहाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में ये बिना किसी संदेह के स्पष्ट है कि तत्कालीन वन मंत्री ने खुद को कानून से परे समझा। पीठ ने कहा कि, यह मामला दर्शाता है कि कैसे डीएफओ ने पब्लिक ट्रस्ट डॉक्ट्रिन को कूड़ेदान में फेंक दिया और इससे पता चलता है कि राजनेता और नौकरशाह कैसे कानून को अपने हाथ में लेते हैं।

# हिमाचल का सेब अब यूनिवर्सल कार्टन में मंडियों में पहुंचेगा

**शिमला,** 6 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल का सेब अब यूनिवर्सल कार्टन में मंडियों में पहुंचेगा। सरकार आगामी सेब सीजन से यूनिवर्सल कार्टन में सेब को मंडियों में पहुंचाने की व्यवस्था लागू करेगी। बाकायदा इसके लिए कानून बनाया जाएगा। कानून की अवहेलना कर टेली स्कोपिक अथवा दूसरे कार्टन में सेब को मंडियों में भेजने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बागवान मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिमला में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बागवान सालों से यूनिवर्सल कार्टन पॉलिसी को लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा बागवानों की सेब को वजन के हिसाब से मंडियों में बिक्री की व्यवस्था लागू करने की मांग थी। कहा कि बीते सेब सीजन में सरकार ने वजन के हिसाब से सेब मंडियों में बिक्री की व्यवस्था लागू की। इसका फायदा बागवानों को हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बजट भाषण में सेब को यूनिवर्सल कार्टन में मंडियों में भेजने की व्यवस्था करने की घोषणा की थी। अब बागवानी विभाग मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक यूनिवर्सल कार्टन की व्यवस्था शुरू कर रहा है।

# बिना कारोबार के कैसे अरबपति बन रहे मंत्री जोशी : माहरा

**देहरादून,** 6 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने धामी सरकार पर पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा रूपी कुंए में भ्रष्टाचार की भांग घुली हुई है तथा इसमें नहाने वाले सभी भ्रष्टाचार में पूरी तरह लतपत हैं। उन्होंने आरटीआई के माध्यम से प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी की संपत्ति के खुलासे के बाद बयान जारी करते हुए कहा कि धामी सरकार के मंत्री गणेश जोशी के पास ऐसा कौन सा चिराग है जिससे वे बिना किसी कारोबार, पैतृक सम्पत्ति के रातों-रात अरबपति बनते जा रहे हैं। श्री करन माहरा ने यह भी कहा कि कुछ दिन पूर्व ही उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा राज्य के उद्यान विभाग में हुए घोटाले की जांच सीबीआई से कराये जाने के आदेश से साबित हो चुका है कि भाजपा सरकार के मंत्री गणेश जोशी हर घोटाले में लिप्त हैं तथा उनकी यह सम्पत्ति घोटालों की देन है जिसकी जांच ईडी से कराई जानी चाहिए थी परन्तु भाजपा की पूरी की पूरी राज्य सरकार घोटालों में आकंठ डूबी हुई है फिर उनकी इस संपत्ति की जांच कैसे हो सकती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि जनता के विकास का पैसा भाजपा के घोटालेबाजों की जेब में जा रहा है तथा इन घोटालेबाजों को नरेन्द्र मोदी और धामी सरकारों का पूर्ण संरक्षण प्राप्त है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का बार-बार विधवा विलाप करने वाली भाजपा सरकार में राज्य का कोई भी



- जनता के विकास का पैसा भाजपा के घोटालेबाजों की जेब में जा रहा है

विभाग भ्रष्टाचार से अछूता नही है परन्तु जब अपनी सरकार के मंत्रियों की जांच की बात आती है तो केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकारों को सांप सूंघ जाता है। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में भाजपा ने सत्ता संभाली है तब से लेकर आज तक चाहे विभागों में भर्तियां का मामला हो, चाहे निर्माण कार्यों का सभी में भाजपा नेताओं की मिलीभगत से भारी घोटालों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कृषि मंत्री गणेश जोशी को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त किये जाने की मांग करते हुए कहा कि गणेश जोशी के घोटालों एवं संपत्ति की जांच ईडी और सीबीआई से कराई जानी चाहिए।

# लोक सभा सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों के चयन के लिए भाजपा का मंथन शुरू

हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 6 मार्च (देशबन्धु)। सूबे की 4 लोक सभा सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों के चयन के लिए भाजपा ने मंथन शुरू कर दिया है। उम्मीदवारों के चयन को लेकर बीते दिनों शिमला में हुई बैठक के बाद अब पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक दिल्ली में होगी। बैठक के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को दिल्ली बुलाया गया है। इन दो नेताओं के साथ साथ भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, पार्टी के हिमाचल के लोक सभा प्रभारी श्रीकांत शर्मा व सह प्रभारी संजय टंडन भी बैठक में शामिल होंगे। इससे पहले लोक सभा चुनाव में भाजपा के संभावित उम्मीदवारों बारे फीड बैक लेने के मकसद से शिमला पहुंचे सौदान सिंह दिल्ली पहुंच गए हैं। सूत्रों के अनुसार प्रदेश की 4 लोकसभा सीटों के लिए पहले भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के नाम पर ही विचार किया जा रहा था। मगर प्रदेश में बदले सियासी घटनाक्रम के तहत अब कांग्रेस के 6 बागियों के विकल्प पर भी चर्चा हो रही है। इसमें सुधीर शर्मा और राजेंद्र राणा के नाम प्रमुख है। प्रदेश की 4 लोकसभा सीटों के लिए भाजपा नेताओं के अलावा अब कांग्रेस के बागियों के नाम भी जुड़ गए हैं। भाजपा वर्तमान राजनीतिक घटना क्रम के बाद बन रहे सियासी समीकरणों के मद्देनजर शायद ही किसी मौजूदा विधायक को लोक सभा उम्मीदवार बनाए। लिहाजा विधायकों से उइतर वर्तमान सांसदों व अन्य नेताओं को ही प्रदेश से भाजपा उम्मीदवार बनाने बारे स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में चर्चा होगी।

# मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की 22 नई शाखाओं का किया शुभारम्भ

**सहकारी बैंक की 22 नई शाखाएं**

समरकोट, झड़ग/नकराड़ी, पराला, धमांदरी, मेहंदली, जरोल, जनेहड़घाट, अप्पर कैथू, खटनोल, निहरी, चाय का डोरा, स्यांज, भराड़ी, मंडप, धार-टटोह, लोहाट, अवाह, छतराडी, हलाह, हरिपुरधार, टिम्बी और चांगो शामिल हैं



**शिमला,** 6 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहाँ हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की 22 नई शाखाओं का शुभारम्भ किया। उन्होंने बैंक की दो नई योजनाओं 'एकमुश्त समाधान योजना' और 'उच्च घनत्व सेब बागान विकसित करने के लिए ऋण योजना' का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने बैंक द्वारा आईबीपीएस के माध्यम से की जा रही 232 लिपिक पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन लिंक की शुरुआत भी की। नई शाखाओं में समरकोट, झड़ग/नकराड़ी, पराला, धमांदरी, मेहंदली, जरोल, जनेहड़घाट, अप्पर कैथू, खटनोल, निहरी, चाय का डोरा, स्यांज, भराड़ी, मंडप, धार-टटोह, लोहाट, अवाह, छतराडी, हलाह, हरिपुरधार, टिम्बी और चांगो शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एकमुश्त समाधान योजना से बैंक के डिफाल्टर ऋणधारक जो किन्ही कारणों से अपने देय ऋण की अदायगी समयानुसार नहीं कर पाये और जिनके ऋण खाते 31 दिसम्बर, 2023 को बैंक द्वारा एनपीए कीडी-। श्रेणी में दर्ज किए जा चुके है, ऐसे सभी बकाएदार ऋण धारक इस योजना के तहत अपने ऋणों की अदायगी का बैंक के साथ एकमुश्त समझौता कर निपटान के पात्र होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च घनत्व के सेब बागीचे विकसित करने के लिए ऋण योजना के तहत प्रदेश के बागवानों को उच्च घनत्व सेब के पौधारोपण में नई तकनीक के प्रोत्साहन और नई किस्मों की पैदावार के लिए प्रति बीघा 8 लाख रुपये तक की ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत ऋण धारक को अधिकतम 50 लाख रुपये तक ऋण प्रदान किया जाएगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की प्रदेश के विकास में महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि बैंक की सपनों का संचय-डिपॉजिट लिंक्कड़ बचत जमा योजना तथा सशक्त महिला ऋण योजना के सार्थक परिणाम आए हैं। सशक्त महिला ऋण योजना के तहत अभी तक 16836 महिला ऋणियों को 35 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण प्रदान किए जा चुके हैं।

# भाजपा ने संवैंधानिक मर्यादाएं लांघी : मुख्यमंत्री

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर के बस अड्डे की आधारशिला रखने के उपरान्त पक्का भरो में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमीरपुर बस अड्डे का कार्य लगभग 15 वर्षों से लम्बित था। इस अड्डे से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया और 65 करोड़ रुपये से इसका निर्माण कार्य डेढ़ वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जिले के विधायकों के साथ विकासात्मक परियोजनाओं पर कार्य कर रहे थे। उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि इन्हीं में से कुछ लोग अचानक सरकार के खिलाफ हो जाएंगे। इन लोगों ने सिर्फ सरकार या पार्टी से ही नहीं, बल्कि अपने विधानसभा क्षेत्रों के लोगों के साथ भी धोखा किया है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेता नहीं चाहते थे कि बजट पारित हो और इसके लिए वे कई अलोकतांत्रिक हथकंडे अपना रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने 5 वर्ष के लिए सरकार चुनी है और उनकी सरकार पूरे 5 साल तक जनता की सेवा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकट आर्थिक स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार ने 14 महीने के कार्यकाल के दौरान कई जन हितैषी निर्णय लिए हैं, जिससे साबित होता है कि प्रदेश सरकार आम जन की सरकार है। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता अपना कर कार्य कर रही है। सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर राजस्व में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि विकट वित्तीय बाधाओं के बावजूद प्रदेश सरकार ने 15 माह के भीतर अपनी पांच गारंटियां पूरी कर ली हैं।

# प्रादेशिकी

# आयुष के जरिए स्वास्थ्य पयर्टन सेक्टर में असीम संभावनाएं : योगी



- आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- पूरी दुनिया में बढ़ी है पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को लेकर उत्सुखता

**लखनऊ,** 6 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी।

इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने 238 करोड़ से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से यूपी में आयुष मिशन तेजी के साथ जनविश्वास का प्रतीक बनता जा रहा है।

आज लोकार्पित हुई परियोजनाएं इसका लघु उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं।

## कोरोना काल में आयुष का काढ़ा पीते दिखा पूरा विश्व

पीएम मोदी के अभियान के फलस्वरूप प्रतिवर्ष 21 जून को पूरी दुनिया योग करती दिख रही है। कोरोना काल में पूरा विश्व आयुष का काढ़ा पीते दिखा। दुनिया आज पारम्परिक चिकित्सा पद्धति को अपना रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अबतक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महा निदेशक भी होंगे। उन्होंने बताया कि यूपी आयुर्वेद की धरती रही है। भगवान धनवंतरी और सुश्रुत जिन्होंने शल्य चकित्सा के ज्ञान को इसी प्रदेश की धरती से आगे बढ़ाया, ऐसे में अब हमारा दायित्व है कि हम भी आयुष चिकित्सा पद्धति को और आगे लेकर जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में आयुष पद्धति पर आधारित कृषि बहुत उपयोगी हो सकती है। हमें इसके लिए अपने रिसर्च को बढ़ाना होगा साथ ही साथ किसानों को प्रोत्साहित करना होगा।

# देश की तरक्की में भागेदारी निभा रही हैं आज की महिलाएं

### महिला शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का वर्चुअल संवाद कार्यक्रम



**मवाना,** 6 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना के आरओ वाटर के ऊपर बने मीटिंग हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिला शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रोजेक्टर स्क्रीन लगाकर देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, स्वयं सहायता समूह व समाजसेवी आदि महिलाएं उपस्थित रही। वहां पर पालिकाध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार कौशिक, वार्ड सभासद मुकेश देवी, लिपिक लाखन सिंह, राकेश कुमार, विनोद गुप्ता, नवीन रस्तोगी, अनिल सक्सैना, मनीष शर्मा, योगेन्द्र जाटव, रचित राणा, मनीष कुमार, विनय कुमार, विशाल कुमार, सलमा खान, पूनम रस्तोगी, कमलेश दीक्षित, सोनिया सहगल, संगीता यादव, पालिका कर्मचारी वरूण रस्तोगी, सन्दीप कुमार, कुनाल समेत अनेक लोग मौजूद रहे। उधर मवाना विकास खण्ड परिसर में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## छात्र-छात्राओं ने किया रेडियो बबेन 90.8 एफएम का शैक्षिक भ्रमण

**मवाना,** 6 मार्च (देशबन्धु)। मेरठ मवाना रोड स्थित महालक्ष्मी डिग्री कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को रेडियो बबेन 90.8 एफएम का शैक्षिक भ्रमण कर तकनीकि जानकारी और रेडियो में बनने वाले कार्यक्रम की पूरी कार्य प्रणाली की गहनता से जानकारी ली। छात्र-छात्राओं ने पत्रकारिता विभाग की लाइब्रेरी, एडिटिंग रूम, इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्शन कण्ट्रोल रूम, स्मार्ट कंप्यूटर लैब, स्मार्ट रीडिंग रूम, स्मार्ट सेमिनार हॉल आदि को देखा और जानकारी प्राप्त की। तिलका पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल के निदेशक प्रो. प्रशांत कुमार ने छात्र-छात्राओं को पत्रकारिता के साथ-साथ इसके अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त करने के विषयों पर सभी के साथ गहन चिंतन और चर्चा की। कॉलेज चेयरमैन डॉ. प्रवीण मित्तल ने सभी छात्र- छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## छात्रों ने किया एसटीपीआई का किया शैक्षणिक भ्रमण



**मेरठ,** 6 मार्च (देशबन्धु)। उद्यमी भावना को छात्रों के बीच बढ़ावा देने के लिए, शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी ने उद्यमिता सेल और नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के साथ मिलकर, मेरठ में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपीआई) में एक दिवसीय ज्ञानवर्धक अनुभव यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा ने छात्रों को व्यावसायिक और प्रौद्योगिकी विचारों को समझाने में मदद की और उन्हें उद्यमी भावना से परिपूर्ण बनाने का संदेश दिया।

एसटीपीआई में, छात्रों को इंक्यूबेशन खंड की योजना के साथ मिलकर उनकी नवाचारात्मक अवधारणाओं को समर्थन करने का अवसर मिला। यहां, उन्हें चर्चा करने का मौका मिला जो इस क्षेत्र में अग्रणी व्यक्तियों के साथ हुआ। यात्रा के समापन पर, चेयरपर्सन ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की और छात्रों की सक्रिय भागीदारी और गहराई से चर्चाओं को प्रशंसा दी।

# आसाराम बापू की रिहाई को लेकर किया प्रदर्शन

**मेरठ,** 6 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को श्री योग वेदांत सेवा समिति ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने बीमार आशाराम बापू को उनकी इच्छा अनुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु एवं जल्द रिहाई हेतु डीएम को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रपति के नाम भेजे ज्ञापन में कई मांगों को उठाया गया। इस संबंध में श्री योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता सुजीत ने बताया कि झूठे आरोपों के तहत जोधपुर कारागार में रखे गये 86 वर्षीय सत आशारामजी बापू के स्वास्थ्य की स्थिति अत्यंत नाजुक है। जेल जाने से पूर्व 74 की उम्र में अतिव्यस्त जीवनशैली के बावजूद बापूजी को सिर्फ ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया व पीठ-दर्द की तकलीफ थी लेकिन 11.5 वर्ष से अधिक समय से लगातार कस्टडी के तनावयुक्त वातावरण से अब 86 वर्ष की इस वयोवृद्ध अवस्था में उनको हृदयरोग, पौरुष ग्रंथि की वृद्धि, संधिवात एव रक्ताल्पता आदि नई बीमारियों ने भी घेर लिया है। इसी के मद्देनजर बापू की रिहाई के लिए समिति के बैनर तले दर्जनों महिलाओं ने प्रदर्शन किया।




राट्रपति को भेजा ज्ञापन

# अवैध कॉलोनियों पर गरजे मेडा के छह बुलडोजर

**मवाना,** 6 मार्च (देशबन्धु)। मवाना तहसील क्षेत्र में कदम-कदम पर पनप रही अवैध कालोनियां बनाने वालों की अब खैर नहीं है। अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

बुधवार को मेरठ विकास प्राधिकरण की टीम ने छह जेसीबी लेकर अवैध कालोनियों में बनाए गए आफिस, प्लाटों की चारदीवारी व रास्तों को तहस-नहस कर दिया। सभी कॉलोनाइजरों को चेतावनी पत्र जारी करने की बात कही गई है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से कालोनाइजरों में हड़कंप की स्थिति रही।

मेरठ विकास प्राधिकरण 2031 महायोजना का विस्तार होने के बाद देहात क्षेत्र भी प्राधिकरण के क्षेत्र में आ गया है। इस क्षेत्र के अंर्तगत मवाना, बहसूमा, हस्तिनापुर, किला परीक्षतगढ़, फलावदा व रामराज कस्बे में चारों ओर अवैध कालोनियां बनाई जा रही है। कई सालों से भूमाफिया अवैध कालोनी बनाकर मध्यम परिवार के लोगों को मुंगेरी लाल के सपने दिखाकर प्लाटों की ब्रिकी कर रहे है। अधिकांश कालोनियों में कालोनाईजर 70 फीसदी प्लाट बेचने के बाद नई कालोनी बसाने में चले जाते हैं।

मेरठ विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को छह जेसीबी मशीनों से मवाना नगर के आसपास बनाई जा रही कालोनियों में बनाई गई सड़कें, प्लाटों की चार दीवारी, लगाये गये पोलों को क्षतिग्रस्त करते हुए गिरा दिया गया।



- प्लॉटों की चारदीवारी व सड़के खोद डाली गई
- रास्तों को तहस-नहस व पोल तोड़ डाले

### अवैध कॉलोनी व निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान रहेगा जारी

प्रधिकरण के अफसरों ने चेतावनी दी कि अवैध रूप से बसाई जा रही कालोनियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। बिना मानचित्र स्वीकृत कराए कालोनी नहीं बनने दी जाएंगी। अवैध कॉलोनी व निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान ऐसे ही जारी रहेगा। प्राधिकरण के जोनल आफिसर अर्पित यादव ने लोगों से अपील है कि कहीं भी भूखंड खरीदने से पहले प्राधिकरण में आकर यह अवश्य जांच लें कि उक्त कॉलोनी का नक्शा मेडा से स्वीकृत है या नहीं। मेडा से स्वीकृत कॉलोनी में भी भूखंड खरीदें।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मवाना (मेरठ)

पत्रांक : 1541 / कर विभाग / न0पा0परि0 / 2023—24 दिनांक : 06—03—2024

:: विज्ञप्ति ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् मवाना कर निर्धारण सूची में भवन कर में प्रस्तुत किये गये साक्ष्यो, पंजीकृत बैनामा/ विरासत के आधार पर उनके सामने अंकित भवन संख्या अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना—पत्र दिए गए है । उक्त नामांतरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम—1916 की धारा 147(2) के अंतर्गत सूचना जारी की जाती है, यदि आप किसी व्यक्ति को भवन नामान्तरण की कार्यवाही पर कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर कार्यालय में किसी कार्यशील दिवस में प्रस्तुत कर सकता है । वाद निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्रम सं0 | नाम क्रेता / पिता का नाम | विक्रेता | म0स0 | वर्ष | मोहल्ला | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति विद्या देवी पत्नि कर्मवीर | श्री कर्मवीर सिंह पुत्र राम किशन | 1909 | 2023—24 | तिहाई | मृत्यु वारिसान |
| 2 | श्रीमति सुंदरी पत्नि सत्येन्द्र कुमार 1/2 व सत्येन्द्र पुत्र सुन्हेरी 1/2 | श्री सुरेन्द्र पुत्र गोपी चन्द | 513/1 | 2023—24 | का०गेट | बैनामा |
| 3 | सिमरन रस्तोगी पत्नि मनोज रस्तोगी | आकांशा वेलफेयर सोसाईटी | 1228/71 | 2023—24 | का०गेट | बैनामा |
| 4 | श्री अर्श आलम व फराज पुत्र महराजुद्दीन | श्री महराजुद्दीन पुत्र शब्बीर अहमद | 2398 | 2023—24 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 5 | श्री नईम पुत्र यामीन | श्री यामीन पुत्र इस्माईल | 1144 | 2023—24 | हीरालाल | मृत्यु वारिसान |
| 6 | श्रीमति मनव्वर जहाँ पत्नि स्व० फराहीम | श्री यामीन पुत्र इस्माईल | 1143,145 9 | 2023—24 | हीरालाल | मृत्यु वारिसान |
| 7 | मुजम्मिल, मुदस्सिर, इरफान, इकराम पुत्र स्व० शमीम | श्री यामीन पुत्र इस्माईल | 1142, 1460 | 2023—24 | हीरालाल | मृत्यु वारिसान |
| 8 | श्री सलीम पुत्र स्व० यामीन | श्री यामीन पुत्र इस्माईल | 1143/1, 1460/1 | 2023—24 | हीरालाल | मृत्यु वारिसान |
| 9 | श्री रणवीर सिंह पुत्र वेदराम सिंह | श्रीमति शीला देवी पत्नि रणवीर सिंह | 587, 615 | 2023—24 | क० सिंह | मृत्यु वारिसान |
| 10 | दीपक सैनी पुत्र शीलचन्द सैनी | श्री शीलचन्द पुत्र सुन्हेरा | 614 | 2023—24 | क० सिंह | वसीयत |
| 11 | श्रीमति ललिता पत्नि शम्भू रावत | श्रीमति बिमला पत्नि कृष्णवीर व अनुज सोरभ पुत्र कृष्णवीर | 2145 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 12 | हर्ष कुमार माटा पुत्र जगदीश लाल माटा | रानी देवी पत्नि योगेन्द्र कुमार | 1179 | 2023—24 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 13 | मौ० शमशाद पुत्र शब्बीर अहमद | कटार सिंह पुत्र बलवंत | 1782 | 2023—24 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 14 | मौ० राशिद अहमद पुत्र इस्लामुद्दीन | श्रीमति वरीसा पत्नि अहमद गफ्फार | 1296/1 | 2023—24 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 15 | शाजिया पुत्र मौ० परवेज | श्री हनीफ पुत्र हमीद | 977 | 2023—24 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 16 | तबस्सुम पत्नि मौ० नौशाद 1/3 भाग | इरशाद पुत्र मौ हनीफ | 3091 | 2023—24 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 17 | उमा पनि स्व० विरेन्द्र कुमार | बिरेन्द्र कुमार पुत्र नत्थू सिंह | 2326 | 2023—24 | मुन्नालाल | मृत्यु वारिसान |
| 18 | संदीप कुमार पुत्र नन्द किशोर | प्रमोद, राकेश, विनोद, अखिलेश पुत्र वेद प्रकाश | 2648 | 2023—24 | मुन्नालाल | बैनामा व आपसी समझौता |
| 19 | कमलेश जैन पत्नि पवन कुमार व अशिष जैन पुत्र हरीश कुमार जैन | मनोज कुमार पुत्र अशोक कुमार | 1132 | 2023—24 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 20 | मनु शर्मा पत्नि मोहित शर्मा | कृपाल सिंह पुत्र धन सिंह | 1955 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 21 | आफताव हैदर पुत्र सय्यद हसन | हुसैन मिया उर्फ नायाब हैदर हसन मिया | 1431 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 22 | लीलावती पुत्र ओमपाल | रकम पाल पुत्र हरवीर सिंह | 1851 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 23 | कु० शमा जैदी पवि जब्बार 1/2 भाग | शहाबुद्दीन पुत्र सीदे | 840 1/2 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 24 | मौ० अखलाक्त, अशफाक पुत्र ताहिर | मौ० ताहिर पुत्र गफूर | 1646 | 2023—24 | तिहाई | मृत्यु वारिसान |
| 25 | शाहनवाज पुत्रः कासिम | उपेन्द्र कुमार पुत्र वेद प्रकाश | 1385 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 26 | परवेज आलम पुत्र मईनुद्दीन | सतवीर पुत्र बलदेव सिंह | 1138 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 27 | श्रीमति भागवती व उर्मिला पनि राज कुमार | राज कुमार पुत्र सुमेर सिंह | 400 | 2023—24 | हीरालाल | बैनामा |
| 28 | खतीब खान पुत्र लईकखान | शेरदीन पुत्र साबूद्दीन | 1885 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा न्यायालय आदेश |
| 29 | युसूफ, सैफुल, इस्लाम, नरुल इस्लाम व आमिर पुत्रगण इदरीश | शमीम अख्तर पत्नि इदरीश | 2444, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54 | 2023—24 | क० सिंह | वसीयत |
| 30 | नरेन्द्र कुमार व जितेन्द्र कुमार पुत्र गौरी शंकर | श्रीमति शिक्षा देवी पत्नि गौरी सिंह | 132 | 2023—24 | क० सिंह | मृत्यु वारिसान |
| 31 | श्रीमति परवीन जहाँ पत्नि जैद | श्री सरताज पुत्र खचेडू | 3835 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 32 | श्रीमति मीना व साईस्ता पत्नि मुस्तकीम | मुस्तकीम पुत्र इमामुद्दीन | 2019 | 2023—24 | क० सिंह | मृत्यु वारिसान |
| 33 | राजकुमार पत्नि शेर सिंह | प्रेम सिंह पुत्र बाबु ब्रहामण | 4883 1/4 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 34 | श्रीमति गुरमीत पत्नि संदीप | सतेन्द्र कुमार आर्य पुत्र स्व० धर्मेन्द्र कुमार आर्य व कुसुम आर्य पनि सतेन्द्र आर्य | 1644 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 35 | शमा कुरेशी पत्नि स्व० अजमल | मयंक शर्मा व रजत शर्मा पुत्र शिवदत्त शर्मा | 3738, 39, 3740 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 36 | श्रीमति शाहजहाँ पत्नि निसार | मोहम्मद फराहिम | 2751, 2752 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 37 | श्री शहजाद पुत्र इस्माईल | इस्माईल पुत्र अजीज | 2844 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 38 | अभिषेक रस्तोगी पुत्र चन्द्र शेखर श्रीमति आभा पत्नि चन्द शेखर | श्री चन्द्र शेखर पुत्र मूलचंद | 697 | 2023—24 | खैरात अली | मृत्यु वारिसान |
| 39 | श्री मोहन कुमार पुत्र शीशपाल सिंह | श्री मोनू, संजू, राकेश पुत्र दीपचन्द | 949 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 40 | श्रीमति पिंकी पत्नि प्रकाश कुमार | श्री संतरा पुत्र रामो | 1573 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 41 | श्रीमति कविता पत्नि विजेंद्र सिंह | श्री सतपाल पुत्र हरगुलाल | 593/1 | 2023—24 | क० गेट | बैनामा |
| 42 | रिफात पत्नि फिरोजखान | शकील पुत्र अबरार | 2942 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 43 | श्रीमति यास्मीन पत्नि जर्रार | नफीस अहमद पुत्र हाजी रशीद अहमद | 2305 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 44 | श्री शलभ शर्मा पुत्र दीपक बजाज | नरेन्द्र कुमार पुत्र जगसैन | 774 | 2023—24 | क० गेट | मृत्यु वारिसान |
| 45 | श्रीमति श्वेता पत्नि दीपक बजाज | श्रीमति अईरा पत्नि राम गोपाल व राम गोपाल पुत्र श्री शिवचरण | 1984 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 46 | श्रीमति सवितां पत्नि जग्गन सिंह | रोशनी पनि सेवा राम | 1712 | 2023—24 | तिहाई | बैनामा |
| 47 | कुलदीप पुत्र बाबूराम | तेजपाल सिंह कृष्णपाल पुत्र मेघराज | 1657 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |
| 48 | श्रीमति रेनू गुप्ता पत्नि कुलदीप | तेजपाल सिंह कृष्णपाल पुत्र मेघराज | 1656 | 2023—24 | क० सिंह | बैनामा |

(राजीव कुमार)
अधिशासी अधिकारी

### फिल्म प्रमोशन के दौरान मामूली रूप से जली सारा अली

**मुंबई।** ऐ वतन मेरे वतन और मर्डर मुबारक की रिलीज का इंतजार कर रही एक्ट्रेस सारा अली खान फिल्म की प्रमोशन के दौरान मामूली रूप से जल गई है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्हें जलने के बारे में बोलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में सारा को अपनी वैनिटी वैन में तैयार होते हुए दिखाया गया है। जलने के बाद उन्होंने अपने पेट पर मरहम भी लगाया। एक्ट्रेस ने वीडियो में कहा कि नमस्ते दर्शकों, जब आप दो फिल्मों का प्रमोशन एक साथ कर रहे हों तो ऐसा होना लाजमी है। प्रमोशन में व्यस्त रहने के दौरान अभिनेत्री के पेट पर गलती से गर्म कॉफी गिर गई थी। सारा ने वीडियो में आगे कहा कि अब क्या करें जल गया मेरा पेट, हो गई मैं लेट, हर किसी को इंतजार करना होगा।

कान्हा की नगरी में होली का धमाका होने लगा है तेज

# कान्हा की नगरी में होली का धूम धड़ाका होने लगा तेज

## ब्रजमंडल में रंग की होली की शुरुआत रमणरेती आश्रम की होली से होती है जो फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाई जाती है

**मथुरा,** 06 मार्च ( एजेंसियां) देश के उत्तरी हिस्से में अब भी मौसम में सर्दी का प्रभाव होने के कारण जहां अभी होली मनाने को लेकर कोई हलचल नहीं है वहीं कान्हा की नगरी में होली का धूम धड़ाका तेज होने लगा है क्योंकि कहा जाता है कि नन्द जू के आगन में हर दिन बस होली है

मन्दिरों मे तो होली बसंत के शुरू होने के साथ से ही चल रही है इस दिन विभिन्न मन्दिरों में होली का डाढ़ा गाड़ दिया जाता है और उसी दिन से गर्भगृह में श्यामाश्याम की गुलाल की होली के बाद रोज राजभोग सेवा में मन्दिरों के गर्भगृह से जगमोहन में मौजूद भक्तों में यही गुलाल प्रसाद स्वरूप डाला जाता है तथा अलग अलग तिथियों से मन्दिर के जगमोहन या चौक में होली के रसिया का गायन शुरू हो जाता है। रंग भरनी एकादशी से मन्दिरों मे श्यामसुन्दर और किशोरी जी रंग की होली खेलते हैं तथा भक्तों में भी यह रंग प्रसादस्वरूप पड़ता है।

ब्रजमंडल में रंग की होली की शुरूआत रमणरेती आश्रम की होली से होती है जो फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाई जाती है। आश्रम के वरिष्ठ संत गोविन्दानन्द जी महराज ने बताया कि इसके अन्तर्गत पहले श्यामाश्याम की फूलों की होली होती है तथा बाद में



गुलाल और टेसू के रंग की होली होती है। इस होली की विशेषता यह है कि इसमें ब्रज के महान संत कार्णि गुरूशरणानन्द महराज भी सम्मिलित होते हैं। यहां होली खेलने के बाद लोग यमुना में स्नान करते हैं और फिर आश्रम में ही प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस बार रमणरेती आश्रम की होली 14 मार्च को मनाई जाएगी। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर राजस्थान की सीमा पर पड़ने वाला श्रीनाथ जी मन्दिर ब्रज का एकमात्र मन्दिर है जहां पर श्यामाश्याम की गुलाल की होली तो बसंत से शुरू हो जाती है किंतु इस मन्दिर में रंग की होली रंगभरनी एकादशी से शुरू नही होती। मन्दिर के प्रमुख चन्दू मुखिया ने बताया कि मन्दिर में केवल होली के दिन श्यामसुन्दर और किशोरी जी पहले टेसू के गुनगुने रंग से होली खेलते हैं बाद में यही रंग प्रसाद स्वरूप चांदी की पिचकारी से भक्तों पर डाला जाता है। इस मन्दिर में रंग होली के दिन ही केवल राजभोग सेवा तक चलता है ।

शाम को ठाकुर का अनूठा श्रंगार होता है तथा इस श्रंगार को करने में सेवायत को कम से कम तीन चार घंटे लग जाते हैं। विभिन्न स्थानों की होली का 50 दिवसीय कलेन्डर जारी कर दिया गया है। नन्दबाबा मन्दिर के सेवायत आचार्य सुशील गोस्वामी के अनुसार वैसे ब्रज की होली में तेजी बरसाना की लठामार होली से होती है जो फाल्गुन शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाई जाती है। यह होली ब्रज की जीवन्त होली मानी जाती है तथा इसमें श्यामसुन्दर के सखा किशोरी जी की सहेलियों के नये कपड़ो पर रंग




डालते हैं। गोपियां रंग डालने से उन्हें रोकती हैं तथा न मानने पर उन पर लाठी से प्रहार करती हैं। इस बार यह होली 18 मार्च को खेली जाएगी किंतु इसके एक दिन पहले ही लड्डू होली खेली जाएगी। 19 मार्च को नन्दगांव की लठामार होली खेली जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित रंगोत्सव ब्रज की होली का अब अटूट अंग बन गया है। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद ,पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय होली में ब्रज की विभिन्न होलियों का प्रस्तुतीकरण किया जाता है । पर्यटन अधिकारी डी0के0 शर्मा के अनुसार इस बार इसकी व्यापक तैयारी की जा रही है।यह आयोजन 18 मार्च से शुरू होकर एक दिन बरसाना में तथा अगले दिन नन्दगांव में होगा। राधाबल्लभ मन्दिर के मुख्य सेवायत मोहित मराल गोस्वामी ने बताया कि 20 मार्च यानी रंगभरनी एकादशी से वृन्दावन की होली शुरू होती है इसमें राधाबल्लभ मन्दिर से श्यामसुन्दर किशोरी जी की सवारी निकलती है।

पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम

## हरिद्वार में महाशिवरात्रि से पहले कांवड़ियों की उमड़ी भीड़, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**हरिद्वार,** 6 मार्च (एजेंसियां)। महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को है। इसको लेकर देवभूमि में अलौकिक नजारा देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में शिवभक्त हर की पौड़ी से जल भरकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए जा रहे हैं। स्थानीय लोग शिवभक्तों का जोरदार स्वागत कर रहे हैं। कांवड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने रूट डायवर्जन कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। कावड़ यात्रा को देखते हुए हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। महाशिवरात्रि और कांवड़ मेले को देखते हुए आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। मेला क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरे के जरिए निगरानी की जा रही है। पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।



## ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेन्ट में पर्थला की टीम ने ट्रॉफी किया अपने नाम



**ग्रेटर नोएडा,** 6 मार्च (देशबन्धु)। दादरी ब्लॉक के राजा राव उमराव सिंह भाटी (क्रांतिकारी) के ग्राम-कठेहरा में प्रताप सिंह क्रिकेट एकेडमी में प्रथम ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी व दयाराम जाटव (प्रदेश अध्यक्ष) हिंदुस्तान आवाम मोर्चा व देवा भाटी जिला पंचायत सदस्य, राज नागर जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रहे। इस टूर्नामेंट में 32 टीमों ने हिस्सा लिया। गुरुवार को बादलपुर एव नोएडा के पर्थला गांव के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें प्रथला की टीम ने फाइनल मैच में विजयी हुई। 51000 हजार व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया पर्थला की टीम ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और बादलपुर की टीम के सामने 20 ओवर में 230 रन का लक्ष्य रखा, जिसमें बादलपुर की टीम 177 रन पर आलआउट हो गई। 18 ओवर में इस मैच का प्लेयर आफदा मैच पर्थला के रोहित यादव रहे। इस दारन सबसे अधिक रन दीपू ने 73 रन व रोहित यादव ने 61 का योगदान दिया। इस मौके पर गाँव कठेहरा के टीकम सिंह पूर्व प्रधान, राव श्याम ठेकेदार, सेवाराम, करतार भाटी उर्फ बिल्लू भाटी, राकेश पूर्व प्रधान मनीष भाटी बी.डी.सी.,अनिल भाटी, मनोज चौधरी भाजपा नेता, संजीव भाटी, संदीप भाटी ,दिनेश भाटी, विनोद भाटी, विकास भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

## वर्कप्लेस पर महिलाओं को करना पड़ता है लिंग और वेतन में भेदभाव का सामना : सर्वे

**मुंबई,** 6 मार्च (आईएएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले डीबीएस बैंक इंडिया और क्रिसिल की महिला और वित्त सीरीज के दूसरे सर्वे में यह बात सामने आई है कि देश के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में कार्यस्थलों पर वेतन अंतर और लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

10 शहरों में 800 से अधिक वेतनभोगी और स्व-रोजगार करने वाली महिलाओं के बीच किए गए सर्वे में उम्र, आय, वैवाहिक स्थिति, पेशेवर आकांक्षाएं और व्यक्तिगत जीवन शैली आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार किया गया।

सर्वे में कहा गया है कि कार्यस्थल पर महिलाएं लैंगिक असमानताओं के साथ वेतन में भी अंतर का सामना करती हैं। सर्वे में वेतन अंतर 23 प्रतिशत तक था, जबकि लिंग पूर्वाग्रह 16 प्रतिशत था। 69 प्रतिशत वेतनभोगी महिलाओं के लिए, नौकरी चुनते समय वेतन और करियर में उन्नति शीर्ष कारक थी, जबकि 42 प्रतिशत स्व-रोजगार वाली महिलाओं ने स्वतंत्रता और लचीले काम के घंटों को प्राथमिकता दी। दिलचस्प बात यह है कि वेतनभोगी महिलाओं के बीच रिमोट




**महानगरों में रहने वाली 42 प्रतिशत वेतनभोगी महिलाओं को वेतन पर बातचीत करते समय चुनौतियों का सामना करना पड़ा।**

वर्किंग उच्च प्राथमिकता नहीं थी, केवल 3 प्रतिशत ही इस बात से सहमत थीं कि यह आवश्यक है। सर्वे में बताया गया कि 10 लाख से 25 लाख रुपये सालाना के बीच कमाने वाली अर्ध-संपन्न महिलाओं ने 18 प्रतिशत के वेतन अंतर और 12 प्रतिशत के लिंग पूर्वाग्रह की सूचना दी, जबकि 41-55 लाख रुपये प्रति वर्ष की वेतन वाली समृद्ध महिलाओं ने 30 के वेतन अंतर और 30 प्रतिशत के लैंगिक भेदभाव की बात कबूली। महानगरों में रहने वाली 42 प्रतिशत वेतनभोगी महिलाओं को वेतन पर बातचीत करते समय चुनौतियों का सामना करना पड़ा, हालांकि यह अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग था।

कोलकाता में 96 प्रतिशत वेतनभोगी महिलाओं ने कहा कि उन्हें अपने वेतन पर बातचीत करने में किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ता है, जबकि अहमदाबाद में केवल 33 प्रतिशत को ऐसा लगता है।

डीबीएस बैंक के प्रबंध निदेशक किशोर पोदुरी ने कहा कि महिलाएं वैश्विक कार्यबल का आधा हिस्सा हैं और भारत में कर्मचारी आधार का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा हैं। सर्वे के निष्कर्ष उन्हें व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से आगे बढ़ने में मदद करने के लिए कई मुद्दों का समाधान कर सकते हैं। सर्वे में कहा गया है कि वेतनभोगी अविवाहित महिलाएं (26 प्रतिशत) अपने विवाहित समकक्षों ( 16 प्रतिशत) की तुलना में मार्गदर्शन और करियर विकास के अवसरों की अधिक सराहना करती हैं। स्वास्थ्य, भोजन और आराम से संबंधित जीवनशैली के मोर्चे पर, मेट्रो शहरों में 66 प्रतिशत महिलाएं व्यापक वार्षिक स्वास्थ्य जांच से गुजरती हैं, 32 प्रतिशत सप्ताह में एक से अधिक बार बाहर भोजन करती हैं या खाना ऑर्डर करती हैं। जबकि, 24 प्रतिशत नॉन-ऑफिस स्क्रीन-टाइम पर प्रतिदिन चार घंटे से अधिक समय बिताती हैं। इसके अलावा 32 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने पिछले साल 3-5 यात्राएं की। यह उनके अविवाहित समकक्षों की तुलना में लगभग दोगुनी थी। जबकि, 47 प्रतिशत अपनी आय का 70 प्रतिशत से अधिक खर्च कर रही थीं।

## 'ज़िन्दगी' पर देखिए महिलाओं की दमदार कहानियाँ और परफॉर्मेंसेस

नई दिल्ली मार्च 6 (एजेंसियां)। इस महीने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जोरदार तरीके से स्वागत करते हुए, ज़िंदगी अपने नये कैम्पेन #TumseMain के साथ महिलाओं की आवाज को बुलंद करने के लिये तैयार है। ज़िंदगी ताकत, बहादुरी और निडरता से भरा कंटेन्ट दिखाने के लिये प्रतिबद्ध है। यह चैनल दर्शकों को उन महिलाओं की शक्ति जानने के लिये आमंत्रित कर रहा है, जो दूसरी महिलाओं का सहयोग करती हैं। इसमें दिखेगा कि एक महिला के सहयोग से दूसरी महिला को ज्यादा ताकतवर, बहादुर




और निडर होने का एहसास कैसे मिलता है। इस कैम्पेन की जान उन शोज का सावधानी से तैयार किया गया लाइनअपहै, जिनमें महिलाओं के बेहतरीन परफॉर्मेंसेस हैं। इनमें सबसे आगे है सबा क़मर का शो ''चीख''। यह मन्नत की कहानी है, जिसकी भूमिका सबा निभा रही हैं। उसके प्रभावशाली जीजा पर उसके दोस्त नायब की हत्या का आरोप लगा है। अब मन्नत को इंसाफ चाहिये। इधर 'रक़ीब से' में सानिया सईद का किरदार हादिक़ा कियानी के किरदार सकीना को सुरक्षा और आश्रय देने के लिये सारी अड़चनों को पार करता है। सकीना घरेलू हिंसा के कारण अपना घर छोड़ देती है और चाहती है कि मकसूद का परिवार उसे अपना ले।

## अनुपम खेर की पोस्ट पर कंगना ने लिखा, 'सारे सेक्सी लोग मार्च में पैदा हुए हैं'

**मुंबई,** 6 मार्च (एजेंसियां)। फिल्म तेजस में नजर आने वाली एक्ट्रेस कंगना रनौत ने कहा कि सभी सेक्सी लोग मार्च के महीने में पैदा होते हैं। अनुभवी एक्टर अनुपम खेर अपना जन्मदिन 7 मार्च को मनाते हैं। बुधवार को जन्मदिन से एक दिन पहले एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने फॉलोअर्स को अपने जन्मदिन के मौके पर एक बड़ी खुशखबरी देने का वादा



करते नजर आ रहे हैं। मार्च में अपना जन्मदिन मनाने वाली कंगना ने एक्टर की पोस्ट पर लिखा कि सारे सेक्सी लोग मार्च में पैदा हुए हैं। कंगना के साथ उनकी आने वाली दूसरी निर्देशित फिल्म इमरजेंसी में काम करने वाले अनुपम ने एक्ट्रेस को जवाब देते हुए लिखा कि हाहाहाहा, लेकिन आप सबसे सेक्सी हैं। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर आधारित इमरजेंसी 14 जून 2024 को रिलीज होगी।

# आगरा में हाथियों और भालुओं से मिली मिस वर्ल्ड इक्वाडोर सैंड्रा अलवाराडो

**आगरा,** मार्च 6 (एजेंसियां)। मिस वर्ल्ड इक्वाडोर-2024 सैंड्रा अल्वाराडो ने वन्यजीव संरक्षण शिक्षा दौरे के लिए भारत में वाइल्डलाइफ एसओएस के हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र एवं आगरा भालू संरक्षण केंद्र का दौरा किया और एनजीओ की देखरेख में रह रहे हाथी और भालुओं से मुलाकात की।

उनका दौरा भारत में वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में मशहूर हस्तियों के सहयोग देने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ। सैंड्रा अल्वाराडो 23 वर्ष की थी, जब उन्हें मिस वर्ल्ड-2024 में इक्वाडोर के आधिकारिक प्रतिनिधि का ताज पहनाया गया था। सैंटो डोमिंगो में जन्मी और पली-बढ़ी सैंड्रा ने पिछले साल वकील के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

सैंड्रा 'एल रिनकोन डेल फुतुरो' की एम्बेसडर भी हैं, जो एक सामुदायिक संगठन है, जिसका मानना है कि एक्शन गिव्स पॉवर टू आउट वॉयस। संगठन बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएं कराता है। अपनी विज़िट के दौरान, उन्हें बचाव







**सैंड्रा अल्वाराडो 23 वर्ष की थी, जब उन्हें मिस वर्ल्ड-2024 में इक्वाडोर के आधिकारिक प्रतिनिधि का ताज पहनाया गया था। सैंटो डोमिंगो में जन्मी और पली-बढ़ी सैंड्रा ने पिछले साल वकील के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।**

सुविधा केंद्र में बचाए गए हाथियों के इतिहास को समझने का अवसर मिला। एनजीओ के समर्पित प्रयासों की बदौलत इन हाथियों को दुर्व्यवहार और क्रूरता से मुक्त जीवन जीने का दूसरा मौका मिला है। सैंड्रा ने हाथी के देखभाल विशेषज्ञों और पशु चिकित्सकों से भारत में एशियाई हाथियों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों के बारे में अमूल्य जानकारी ली। उन्हें बचाए गए हाथियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को समझने का भी अवसर मिला। उन्होंने वाइल्डलाइफ एसओएस के रिफ्यूज टू राइड अभियान के बारे में भी जाना, जिसका उद्देश्य भारत में हाथियों की सवारी के आकर्षण के पीछे की काली वास्तविकता के बारे में पर्यटकों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। हाथियों के साथ अपना दिन बिताने के बाद, सैंड्रा ने आगरा भालू संरक्षण केंद्र का दौरा करने में भी रुचि व्यक्त की, जो स्लॉथ भालुओं के लिए दुनिया का सबसे बड़ा पुनर्वास केंद्र है, जहां वर्तमान में लगभग 100 बचाए गए स्लॉथ भालुओं का आवास है। वहां उन्हें भारत में क्रूर डांसिंग भालू व्यापार के बारे में पता चला और कैसे वाइल्डलाइफ एसओएस ने 400 साल पुरानी बर्बर प्रथा को खत्म किया और इन भालूओं को पुनर्वास केंद्र में एक नया जीवन दिया। सैंड्रा अल्वाराडो ने कहा कि वाइल्डलाइफ एसओएस हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र, आगरा भालू संरक्षण केंद्र की यात्रा मेरे लिए गहरा अनुभव था। मैं सभी से वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए संस्था के प्रयासों में मदद करने का आग्रह करती हूं। मुझे विश्वास है कि लोगों के लिए भारत में हाथियों की काली सच्चाई को समझना बहुत महत्वपूर्ण है। वाइल्डलाइफ एसओएस की सह-संस्थापक और सचिव गीता शेषमणि ने कहा कि सैंड्रा अल्वाराडो का हमारे अभयारण्यों का दौरा करना सम्मान की बात है। वन्यजीव संरक्षण के लिए उनका समर्थन और समर्पण वास्तव में सराहनीय है, उनकी विज़िट भारत में एशियाई हाथियों और स्लॉथ भालुओं की दुर्दशा पर प्रकाश डालने में मदद करेगी।

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 2.47 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.28 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.15 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.53 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.52 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 1.91 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.79 प्रतिशत |
| मारुति | 0.82 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.43 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.33 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का बढ़ा कद

## मूडीज ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर किया 6.8 प्रतिशत

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (एजेंसियां)। मूडीज द्वारा जीडीपी पूर्वानुमान में सुधार और ब्लूमबर्ग बॉन्ड इंडेक्स में भारत को शामिल किए जाने से वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का महत्व बढ़ गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने चालू वित्तवर्ष 24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, जबकि पहले अनुमान 6.1 प्रतिशत था।

ब्लूमबर्ग ने मंगलवार को ब्लूमबर्ग इमर्जिंग मार्केट (ईएम) स्थानीय मुद्रा सरकारी सूचकांक में भारत एफएआर बांड को शामिल करने की घोषणा की। ब्लूमबर्ग एलपी के संस्थापक माइकल आर ब्लूमबर्ग ने कहा कि यह भारत के वित्तीय बाजारों के विकास में एक महत्वपूर्ण मार्कर है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में भारत का लगातार उभरना इस दशक के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक विकासों में से एक होने का वादा




करता है और ब्लूमबर्ग अधिक निवेशकों को भारत से जोड़कर इसे मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि ब्लूमबर्ग का इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड को शामिल करने का निर्णय जेपी मॉर्गन के उभरते बाजार बॉन्ड इंडेक्स में भारत को शामिल करने के जेपी मॉर्गन के फैसले के बाद आया है। ब्लूमबर्ग बॉन्ड इंडेक्स में भारत के शामिल होने से 5 अरब डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। वैश्विक वित्तीय घराने भारत की मजबूत वृद्धि के बारे में बात कर रहे हैं। डीबीएस ग्रुप रिसर्च के एमडी और मुख्य अर्थशास्त्री तैमूर बेग और डीबीएस ग्रुप रिसर्च के वरिष्ठ अर्थशास्त्री नाथन चाउ ने कहा कि भारत कई मायनों में अच्छे स्थानों पर है। भू-रणनीतिक से लेकर जनसांख्यिकी तक वैश्विक निवेशकों के लिए भारत को अनुकूल रूप से देखने के लिए कई प्रेरक कारक हैं।

## *आरबीआई का क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को अधिक नेटवर्क विकल्प देने के आदेश*

### निर्देश सर्कुलर की तारीख से छह महीने तक रहेगा प्रभावी



***मुंबई।*** *भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को जारी एक निर्देश में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले (बैंकों और गैर-बैंकों) को अमेरिकन एक्सप्रेस, मास्टरकार्ड एशिया, डायनर्स क्लब और रुपे जैसे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी व्यवस्था या समझौता करने से रोक दिया है जो उन्हें दूसरे कार्ड नेटवर्कों की सेवाओं का लाभ उठाने से रोकते हैं। आदेश में यह भी कहा गया है कि अपने पात्र ग्राहकों को जारी करते समय कार्ड जारी करने वाली कंपनियां कई कार्ड नेटवर्क में से चुनने का विकल्प प्रदान करेंगी। मौजूदा कार्डधारकों के लिए यह विकल्प अगले नवीनीकरण के समय प्रदान किया जा सकता है। आरबीआई ने कहा कि यह निर्देश इस सर्कुलर की तारीख से छह महीने तक प्रभावी रहेगा। आरबीआई ने कहा कि कार्ड जारीकर्ता और कार्ड नेटवर्क मौजूदा समझौतों में संशोधन या नवीनीकरण के समय और निष्पादित होने वाले नए समझौतों में इन आवश्यकताओं का पालन सुनिश्चित करेंगे।*

# भारत ने कृषि उत्पादों के निर्यात में की वृद्धि

## श्री अन्न-बाजरा को बढ़ावा देने के लिए भी किए जा रहे ठोस प्रयास

**नई दिल्ली**, 6 मार्च (एजेंसियां)। इराक, वियतनाम, सऊदी अरब और यूके जैसे प्रमुख बाजारों में भारत के कृषि उत्पादों के निर्यात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अप्रैल-नवंबर 2023 में क्रमशः 110, 46, 18 और 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह पता चला।

एपीडा ने कहा कि उसकी दूरंदेशी रणनीति में कुछ उत्पादों पर निर्भरता कम करने और मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने के लिए ताजे फल, सब्जियां, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और पशु संबंधी प्राथमिकता वाले उत्पादों पर केंद्रित पहल के साथ भारत की निर्यात टोकरी का विस्तार करने की दिशा में बदलाव शामिल है।

निर्यातकों से मिले फीडबैक के जवाब में एपीडा तुर्की, दक्षिण कोरिया, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और जापान जैसे उभरते बाजारों के नए मेलों में भागीदारी शुरू करने का भी नेतृत्व कर रहा है। इस सक्रिय दृष्टिकोण का उद्देश्य भारतीय निर्यातकों के लिए अधिक बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाना और सतत विकास के अवसरों को बढ़ावा देना है।

यूरोप, लैटिन अमेरिका और एशिया जैसे प्रमुख बाजारों में विस्तार पर ध्यान देने के साथ, एपीडा का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए वैश्विक



सुपरमार्केट के साथ छोटी साझेदारी बनाना है। इसके अलावा, संगठन अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग के जरिए समुद्री प्रोटोकॉल स्थापित करके निर्यात की परिवहन लागत को कम करने पर काम कर रहा है। एपीडा के एक बयान के अनुसार, स्वस्थ और अधिक विविध खाद्य परिदृश्य विकसित करने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप श्री अन्न-बाजरा को बढ़ावा देने के लिए भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष, अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष-2023 के दौरान विशेष ध्यान देने के साथ एपीडा ने श्री अन्न ब्रांड के तहत विभिन्न प्रकार के मूल्यवर्धित उत्पादों के विकास और एकीकरण की दिशा में काम किया है। इस रणनीतिक पहल ने पास्ता, नूडल्स, नाश्ता अनाज, आइसक्रीम, बिस्कुट, एनर्जी बार और स्नैक्स सहित विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्माण और मुख्यधारा में लाने का नेतृत्व किया है।

## सरसों तेल सस्ता, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली**,6 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल सस्ता हो गया जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 72 रिंगिट उबलकर 4121 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 सेंट की तेजी के साथ 45.40 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 220 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।



**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल 300 रुपए, मूंग दाल 300 रुपये और उड़द दाल 200 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद : आईसीआरए

**नई दिल्ली**, 6 मार्च (एजेंसियां)। आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियों और इंजन विफलताओं का सामना करने के बावजूद भारतीय विमानन उद्योग आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयां छूने के लिए तैयार है। प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की हालिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है। आईसीआरए ने अपनी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय 8-13 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो कोविड-पूर्व स्तर से कहीं ज्यादा है।

रिपोर्ट के अनुसार, विकास की यह गति वित्त वर्ष 2025 तक जारी रहने की उम्मीद है, जो हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ अवकाश और व्यावसायिक यात्रा दोनों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 में अनुमानित 7-12 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ भारतीय विमान सेवा कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में जोरदार उछाल की उम्मीद है।



- **अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में भी जोरदार उछाल की संभावना**

आईसीआरए ने बताया कि इस प्रकार यह महामारी से पहले के स्तरों को पार कर जाएगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विमानन उद्योग का शुद्ध घाटा वित्त वर्ष 2022-23 में 170-175 अरब रुपये से घटकर वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 में 30-40 अरब रुपये पर आने की उम्मीद है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच, आईसीआरए ने भारतीय विमानन उद्योग पर एक स्थिर दृष्टिकोण बनाए रखा है। आईसीआरए लिमिटेड की उपाध्यक्ष और सेक्टर प्रमुख (कॉर्पोरेट रेटिंग) सुप्रियो बनर्जी ने कहा कि उद्योग ने मूल्य निर्धारण शक्ति में सुधार देखा है।

### सार संक्षेप

## वित्त आयोग आर्थिक सलाहकार के लिए आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सोलहवां वित्त आयोग-प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर आर्थिक सलाहकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-14 (संयुक्त सचिव स्तर) पर आर्थिक सलाहकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। आर्थिक सलाहकार के पद के लिए पात्रता, नौकरी की जिम्मेदारियां, परिलब्धियां और आवेदन पत्र अपनी वेबसाइट सर्कुलर पर अपलोड कर दिया है।

## बीरा 91 ने विनिर्माण के लिए 25 मिलियन डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** बीरा 91 की मूल कंपनी बी9 बेवरेजेज लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह टाइगर पैसिफिक कैपिटल से 25 मिलियन डॉलर की नई फंडिंग जुटा रही है। टाइगर पैसिफिक कैपिटल का मुख्यालय न्यूयॉर्क और हांगकांग में है। एक बयान में कहा गया है कि नया निवेश कंपनी द्वारा जुटाए गए 50 मिलियन डॉलर का हिस्सा है, जिसमें उसके मौजूदा निवेशक, जापान की किरिन होल्डिंग्स और न्यूयॉर्क की टाइगर पैसिफिक कैपिटल की भागीदारी है। बीरा 91 के संस्थापक और सीईओ अंकुर जैन ने कहा कि बीरा 91 सभी बाजारों में विकास को बढ़ावा देने और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए अगला कदम उठा रहा है। यह नई साझेदारी कंपनी की बैलेंस शीट को काफी मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि इस पूंजी के साथ हम उत्तर प्रदेश सहित नए क्षेत्रों में अपने विनिर्माण पदचिह्न का विस्तार करेंगे। कंपनी के देश में छह बड़े विनिर्माण संयंत्र हैं। बीरा 91 अब हेनेकेन एबी-इनबेव और कार्ल्सबर्ग जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बाद भारत की चौथी सबसे बड़ी बीयर कंपनी है और 9 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से इसने मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि का अनुभव किया है। कंपनी देश की सबसे बड़ी बीयर-केंद्रित पब चेन, द बीयर कैफे की भी मालिक है। टाइगर पैसिफिक कैपिटल के संस्थापक रन ये ने कहा कि हम भारत में उभरती कंपनियों, विशेष रूप से नए भारतीय उपभोक्ताओं की अनूठी समझ और एक मजबूत स्थानीय विनिर्माण पदचिह्न के साथ बीरा 91 जैसे ब्रांडों के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं।

## टाटा पावर ने ईवी चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए

**मुंबई।** टाटा पावर ने बुधवार को कहा कि उसने मुंबई में एक हजार से अधिक ईवी चार्जिंग पॉइंट लगाने की उपलब्धि हासिल कर ली है, जो हरित ऊर्जा से संचालित हैं। टाटा पावर ने कहा कि उसने चरणबद्ध तरीके से पूरे महाराष्ट्र में अपने हरित ऊर्जा पदचिह्न का अतिरिक्त चार हजार चार्जिंग पॉइंट तक विस्तार करने की योजना की रूपरेखा तैयार की है। वर्तमान में, मुंबई में एक हजार से अधिक ग्रीन चार्जिंग पॉइंट हैं। इनमें से 44 सार्वजनिक, 385 आवासीय सोसायटियों में, 58 वाणिज्यिक स्थानों जैसे मॉल, होटल, कार्यस्थल आदि में और 531 फ्लीट चार्जिंग पॉइंट हैं।

# वैश्विक रुख से नए शिखर पर शेयर बाजार

- **सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,085.99 अंक पर**
- **निफ्टी 0.53 प्रतिशत उछलकर 22,474.05 अंक पर बंद**

**मुंबई,** 6 मार्च (एजेंसियां)। फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के अमेरिकी संसद में होने वाले वक्तव्य से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बैंकिंग, आईटी और टेक समेत आठ समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 408.86 अंक अर्थात 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,085.99 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर 22,474.05 अंक पर रहा।

वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में हुई भारी बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाया। इससे बीएसई का मिडकैप 0.65 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,699.89 अंक और स्मॉलकैप 1.91 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,343.57 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3940 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 904 में तेजी जबकि 2954 में गिरावट रही वहीं 82 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में 35 कंपनियों में लिवाली जबकि शेष 15 में बिकवाली हुई।

**बीएसई सेंसेक्स 6 मार्च 2024**

**अधिकतम उछाल**

खुला 73,587.70 | बंद 74,085.99 | पिछला बंद 73,677.13 | बदलाव: 408.86 (0.55%)

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| कोटक बैंक | 1,758.30 | 2.47 |
| एक्सिस बैंक | 1,125.75 | 2.28 |
| भारती एयरटेल | 1,193.85 | 2.15 |
| सन फार्मा | 1,603.65 | 1.87 |
| एम एंड एम | 1,968.70 | 1.53 |
| टाइटन | 3,809.85 | 1.52 |
| एचसीएल टेक | 1,644.25 | 1.52 |
| टीसीएस | 4,065.30 | 1.34 |
| एल एंड टी | 3,643.65 | 0.90 |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1,096.80 | 0.80 |

KBK Infographics

बीएसई के आठ समूहों में लिवाली जबकि शेष में बिकवाली हावी रही। इस दौरान एफएमसीजी 0.22, वित्तीय सेवाएं 0.07, हेल्थकेयर 0.32, आईटी 0.66, ऑटो 0.27, बैंकिंग 0.99, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.35 और टेक समूह के शेयर 0.87 प्रतिशत चढ़ गए। वहीं, कमोडिटीज 0.76, ऊर्जा 0.79, इंडस्ट्रियल्स 0.82, दूरसंचार 0.77, यूटिलिटीज 0.83, तेल एवं गैस 0.85, पावर 1.07, रियल्टी 1.40 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 2.03 प्रतिशत की गिरावट रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.29, जर्मनी का डैक्स 0.18 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.70 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान का निक्केई 0.02 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.26 प्रतिशत फिसल गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 89 अंक उतरकर 73,587.70 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर तक 73,321.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 74,151.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में कोटक बैंक 2.47, एक्सिस बैंक 2.28, भारती एयरटेल 2.15, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.53, एचसीएल टेक 1.52, टीसीएस 1.34, एलटी 0.90, आईसीआईसीआई बैंक 0.80, इंफोसिस 0.69, आईटीसी 0.39, रिलायंस 0.26, एचडीएफसी बैंक 0.05 और एसबीआई 0.02 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, अल्ट्रासिमको 1.91, एनटीपीसी 1.79, मारुति 0.82, टाटा मोटर्स 0.43, टाटा स्टील 0.33, पावरग्रिड 0.23, टेक महिंद्रा 0.11 और विप्रो ने 0.05 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# भारतीय कर्मचारियों के वेतन में औसतन 9.6 फीसदी की बढ़ोतरी होने की संभावना : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**, 6 मार्च (एजेंसियां)। भारत में कर्मचारियों को 2023 में वास्तविक वृद्धि के समान 2024 में औसतन 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है। बुधवार को एक नई रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

ईवाई फ्यूचर ऑफ पे 2024 रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में नौकरी छोड़ने की दर घटकर 18.3 प्रतिशत (2022 में 21.2 प्रतिशत से) हो गई और अगले कुछ वर्षों में धीरे-धीरे गिरावट आने वाली है, क्योंकि कंपनियां लागत प्रबंधन और कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता दे रही हैं।

टोटल रिवार्ड्स, एचआर टेक्नोलॉजी एंड लर्निंग, पीपल एडवाइजरी सर्विसेज, ईवाई इंडिया के पार्टनर और लीडर अभिषेक सेन ने कहा, हालांकि इंडिया इंक में कुल मिलाकर औसत वेतन वृद्धि पिछले साल की तुलना में स्थिर है, लेकिन ई-कॉमर्स, वित्तीय सेवाओं और पेशेवर सेवा फर्मों जैसे कुछ क्षेत्र 2024 में महत्वपूर्ण वेतन वृद्धि के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में ई-कॉमर्स में सबसे अधिक




- **2023 में नौकरी छोड़ने की दर घटकर 18.3 प्रतिशत हो गई**

वेतन वृद्धि 10.9 प्रतिशत होने की उम्मीद है, इसके बाद वित्तीय सेवाओं में 10.1 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि होगी। इस वर्ष व्यावसायिक सेवाओं का वेतन 10 प्रतिशत बढ़ने वाला है।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 35 से 40 प्रतिशत प्रौद्योगिकी कार्यबल डिजिटल प्रतिभा से बना है, यह आंकड़ा भविष्य में और अधिक महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है। डिजिटल कौशल में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), और ब्लॉकचेन कौशल की अत्यधिक मांग है।

# हायर सलाना भारत में करती है 90 लाख उत्पादों का विनिर्माण

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (एजेंसियां)। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने मेक इन इंडिया और मेड फॉर इंडिया के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शित करते हुए भारतीय बाजार में परिचालन के 20 वर्षों में देश में दो विनिर्माण संयंत्रों में फ्रीज, वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडिशनर टेलीविजन जैसे 90 लाख उत्पादों का विनिर्माण कर रही है। हायर इंडिया की 20वीं वर्षगांठ पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के अध्यक्ष एन एस सतीश ने कहा, आज हायर इंडिया के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम भारत में अपनी 20वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हमें इस मील के पत्थर पर बेहद गर्व है क्योंकि यह हमारे ग्राहकों, भागीदारों और कर्मचारियों के साथ हमारे समर्थन और गहरे संबंध को दर्शाता है जिन्होंने हमारी सफलता के हर कदम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पूरी यात्रा के दौरान, हम ग्राहक-प्रेरित नवाचार, मेक इन इंडिया और मेड फॉर इंडिया के प्रति समर्पण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित हुए हैं। उपभोक्ता और देश के प्रति प्रतिबद्ध एक जिम्मेदार ब्रांड के रूप में, हमने ऐसे समाधान पेश करने की दिशा में काम किया है जो ग्राहकों की रोजमर्रा की जिंदगी को सुविधा, आराम के साथ बेहतर बनाते हैं और टिकाऊ होते हैं।




हमारी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, हमारी नई दृष्टि, अधिक सृजन, अधिक संभावनाएं को उजागर करना गर्व से भरा क्षण है।

# भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ 18 से

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय स्टार्टअप के सबसे बड़े उत्सव स्टार्टअप महाकुंभ 18 से 20 मार्च 2024 को भारत मंडपम और प्रगति मैदान में आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्टार्टअप ईकोसिस्टम के भीतर सम्मानित महिलाओं के महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करते हुए उनकी मेजबानी करेगा।

**स्टार्टअप ईकोसिस्टम के भीतर सम्मानित महिलाओं के भूमिका को करेगा उजागर**

इनवेस्ट इंडिया की एमडी एवं सीईओ निवरुति राय, नायका की संस्थापक एवं सीईओ फाल्गुनी नायर, एस4एस टेक्नोलॉजीज की सह संस्थापक निधी पंत, नैसकॉम की अध्यक्ष देबजानी घोष, ममाअर्थ की सह संस्थापक गजल अलघ, अवाना क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी फंड की फाउंडिंग पार्टनर अंजली बंसल, फैबली की सह संस्थापक एवं सीईओ शिवानी पोद्दार, एडिवो डायग्नोस्टिक्स की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गीतांजलि राधाकृष्णन,हाइपरफेस की सह संस्थापक एवं सीओओ एश्वर्या जयशंकर और इंडियन एंजेल नेटवर्क (आईएएन) की सह संस्थापक पद्मजा रूपारेल सहित अन्य लोग नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवसायों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और उद्यमशीलता यात्रा को आगे बढ़ाने पर अपनी विशेषज्ञता को साझा करेंगे।




**हमारा लक्ष्य युवा महिलाओं में उद्यमिता की भावना प्रेरित और पोषित करना और नवाचार के साथ नेतृत्व करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है : अर्चना जहांगीरदार**

इन सत्रों का उद्देश्य स्टार्टअप की गतिशीलता और लचीलेपन को प्रदर्शित करना है, जो भारत के स्टार्टअप ईकोसिस्टम के वैश्विक कद को बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। अपने अनुभवों के माध्यम से, ये लोग प्रतिस्पर्धी और नवीनतम कारोबारी वातावरण बनाने के लिए आगे का रास्ता तैयार करेंगे। सुश्री घोष ने कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ में, हम सर्फि स्टार्टअप का प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।

## *इंजीनियरिंग में महिला छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की घोषणा*

***नई दिल्ली।*** *शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस (आईओई) दिल्ली-एनसीआर ने आज 2024 में इंजीनियरिंग स्कूल के बी.टेक प्रोग्राम में प्रवेश लेने वाली पांच मेधावी महिला छात्रों के लिए 4 लाख रुपए की नई स्कॉलरशिप शुरू करने की घोषणा की है। चयनित छात्रों को यूनिवर्सिटी में उनके चार साल के इंजीनियरिंग प्रोग्राम के प्रत्येक वर्ष के लिए एक लाख रुपए वार्षिक की वित्तीय मदद दी जाएगी। नई स्कॉलरशिप उन स्कॉलरशिप के अलावा है जो यूनिवर्सिटी पहले से ही आने वाले छात्रों को प्रदान कर रही है। स्कॉलरशिप और आवेदन प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।*

# खेल जगत

## यह 'दबाव में वापसी' वाली सीरीज़ : रोहित

**धर्मशाला।** रांची टेस्ट में इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रनों के जवाब में भारतीय टीम एक समय 177 रन पर सात विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। वे इंग्लैंड के स्कोर से अब भी 176 रन पीछे थे और क्रीज़ पर ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव की जोड़ी थी। पहले के लिए यह सिर्फ़ दूसरा टेस्ट मैच था, वहीं दूसरा एक विशुद्ध स्पिनर की हैसियत से खेल रहा था। लेकिन दोनों के बीच 76 रनों की साझेदारी हुई और दोनों ने सुनिश्चित किया कि इंग्लैंड की बढ़त 50 रन से अधिक ना हो। इसके बाद जो हुआ, वह तो इतिहास था। भारत ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 145 रनों पर ऑलआउट कर पांच विकेट की आसान जीत हासिल की और सीरीज़ में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। यह सीरीज़ में पहली बार नहीं था। इससे पहले भारतीय टीम ने विशाखापटनम और राजकोट टेस्ट में भी कठिन परिस्थितियों में वापसी करते हुए जीत हासिल की थी।



# मोदी सरकार का 'खेलो इंडिया' खोल रहा युवाओं के लिए नौकरियों के द्वार

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय खिलाड़ियों को केंद्र सरकार की तरफ से बड़ा तोहफा दिया गया है। खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसको लेकर जो घोषणा की, वह सभी खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी लेकर आया है।

अनुराग ठाकुर ने इस बात की घोषणा कर दी

- खेलो इंडिया गेम्स का साल 2018 में पहली बार आयोजन किया गया था
- 5 साल पहले सरकार की तरफ से शुरू हुआ खेलो इंडिया अभियान देश के करोड़ों लोगों के बीच मशहूर

कि अब खेलों इंडिया अभियान के तहत खेलने वाले खिलाड़ी सरकारी नौकरी पाने के लिए योग्य होंगे। सोशल मीडिया एक्स प्लेटफॉर्म पर अनुराग ठाकुर ने एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी।

इस पोस्ट में अनुराग ठाकुर ने स्पष्ट लिखा है कि इसके जरिए सरकार की कोशिश है कि वह खेल महाशक्ति के रूप में भारत का निर्माण करे। इसके साथ ही इसके जरिए एथलीटों को समर्थन मिले ताकि वह खेलों के साथ जुड़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो सके।

दरअसल इस घोषणा का सबसे ज्यादा फायदा पंजाब और हरियाणा को मिलने वाला है क्योंकि यहां से सबसे ज्यादा खिलाड़ी निकलकर सामने आते हैं और ओलंपिक खेलों में अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते और मेडल हासिल करते हैं। केंद्र सरकार की तरफ से खेलो इंडिया के तहत नौकरी की घोषणा यहां के युवाओं को खेल के

### खिलाड़ियों के लिए केन्द्र सरकार का तोहफा



प्रति और भी प्रोत्साहित करने वाला होगा। जहां एक तरफ पंजाब और हरियाणा के प्रदर्शनकारी केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हुए हैं। वहीं केंद्र सरकार इन राज्यों के युवाओं के भविष्य को खेल के माध्यम से संवारने की पुरजोर कोशिश में लगी हुई है। वैसे देश के युवाओं की खासकर जिनका खेलों के प्रति आकर्षण ज्यादा है, उनके लिए सरकार की यह व्यवस्था उनके भविष्य के निर्माण के लिए सबसे सशक्त माध्यम बनने वाला है। खेलो इंडिया गेम्स का साल 2018 में पहली बार आयोजन किया गया था। ऐसे में अब इसमें एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब इस खेलो इंडिया गेम्स में मेडल जीतने वाले एथलीट के लिए सरकारी नौकरी के लिए अप्लाई करने के दरवाजे खोल दिए गए हैं। पहले ये खिलाड़ी नौकरी पाने के लिए योग्य नहीं थे। ऐसे में अब खेलो इंडिया के तहत जिसमें यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, पैरा गेम्स और विंटर गेम्स शामिल है, इसके खिलाड़ी सरकारी नौकरी के लिए योग्य होंगे। सरकार की तरफ से पहले भी खेल गतिविधि को बढ़ावा देने और युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करने के लिए कई योजनाओं को चलाया गया है। इसके साथ ही सरकार की तरफ से इसके लिए हजारों करोड़ रुपए के निवेश की भी घोषणा की जा चुकी है। 5 साल पहले सरकार की तरफ से शुरू हुआ खेलो इंडिया अभियान देश के करोड़ों लोगों के बीच मशहूर है। इस खेलो इंडिया अभियान के जरिए हजारों खिलाड़ियों ने अब तक प्रशिक्षण हासिल किया, प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इसके साथ ही देश के एथलीटों ने खेलो इंडिया की वजह से ही ओलंपिक से लेकर एशियन गेम्स और पैरा एशियन गेम्स में भारत के लिए मेडल जीते। सरकार के इन प्रयासों का ही नतीजा रहा कि सामान्य युवा ही नहीं पैरा खेलों में शामिल होने वाले खिलाड़ियों ने भी कुछ वर्षों में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन विश्व के मंच पर किया है। टोक्यो पैरालम्पिक 2021 में तो देश के पैरा खिलाड़ियों ने 19 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इसके बाद हांगझोऊ पैरा एशियाई खेलों में हमारे देश के खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड 111 पदक जीते।एशियाड को मिलाकर यह 7वीं बार है, जब भारत ने 50 से अधिक पदक जीते हैं। वहीं, एशियाड में भारत ने इस बार अब तक सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सबसे अधिक 29 मेडल एथलेटिक्स में जीते हैं। इसमें 6 गोल्ड, 14 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं धीरे-धीरे सरकार के प्रयासों से यह खेलो इंडिया खेल नहीं बल्कि एक जन आंदोलन बन गया है। पिछले पांच साल में सरकार ने 11 खेलो इंडिया खेलों का सफल आयोजन करा लिया है। क्योंकि मोदी सरकार भारत को खेलों में सुपर पावर बनाने के प्रयास में लगी हुई है। खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत सरकार की तरफ से 3,000 खिलाड़ियों को तैयार किया जाता है। जिस पर प्रति खिलाड़ी सरकार 6 लाख से ज्यादा रुपए खर्च करती है। इसके साथ ही खेलो इंडिया अभियान के लिए देशभर में सरकार 1,000 के करीब केंद्र खोल चुकी है।

# नंबर-1 पर काबिज बुमराह, हेजलवुड और लियोन को भी मिली बढ़त



**दुबई,** 6 मार्च (एजेंसियां)। आईसीसी ने नई टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और नाथन लियोन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच में अपने प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में शीर्ष भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के काफी करीब पहुंच गए हैं।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रांची में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से बाहर रहने के बावजूद टेस्ट गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि, न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में अपने प्रदर्शन के दम पर जोश हेजलवुड (एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर) और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (दो स्थान ऊपर छठे स्थान पर) पहुंच गए हैं। वेलिंगटन में शुरुआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 172 रन की जीत में इस ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने कुल 14 विकेट लिए। हेज़लवुड ने प्रत्येक पारी में न्यूजीलैंड के दो विकेट चटकाए, जबकि लियोन ने कुल मिलाकर 10 विकेट चटकाए जिससे बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा। बल्लेबाजी चार्ट में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज कैमरून ग्रीन शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। उनके नाबाद शतक के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 172 रनों से हराया था। पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ग्रीन 22 पायदान ऊपर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वेलिंगटन में शून्य और 9 के स्कोर के बावजूद न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं। जबकि स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन रैंकिंग में नीचे खिसक गए हैं। स्मिथ 31 और शून्य के स्कोर के बाद एक स्थान नीचे तीसरे नंबर पर आ गए हैं। 2014 के बाद पहली बार वह 800 रेटिंग अंक से नीचे गए हैं। लाबुशेन सिर्फ तीन रन बनाने के बाद दिसंबर 2019 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं।

**भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार**

# उत्तराखण्ड को देवभूमि के साथ ही खेल भूमि के रूप में भी जाना जाए: रेखा



**नैनीताल,** 06 मार्च (एजेंसियां)। केबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने बुधवार को हल्द्वानी के गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और किशोर एवं महिला संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रयास कर रही है कि उत्तराखंड को देवभूमि के साथ ही खेल भूमि के रूप में भी जाना जाए। श्रीमती आर्या ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में विभिन्न निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही होने पर कार्यवाही की जायेगी। श्रीमती आर्य ने बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, स्विमिंग पूल समेत पूरे कांप्लेक्स का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को जल्द खेल विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम के रखरखाव के विषय में भी विशेष निर्देश दिए। साथ ही जल्द से जल्द खेलों को प्रारम्भ करने के लिए विभागीय अधिकारियों को कहा। उन्होंने टेबल टेनिस कोर्ट की खराब हालत पर नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। क्रिकेट स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि विभाग क्रिकेट स्टेडियम में जल्द से जल्द क्रिकेट कराने के लिए गंभीर है और इसके लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा कर जल्द इसकी शुरुआत की जाएगी।इसके पश्चात जनपद प्रभारी मंत्री ने किशोर व महिला संप्रेषण गृह का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों व महिलाओं से बातचीत की और उनका हालचाल जाना।

# मेरे क्रिकेट करियर में हमेशा परिवार का रहा साथ: अश्विन

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (एजेंसियां)। अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने उस घटना का खुलासा किया है, जब राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ उन्हें तीसरे टेस्ट के दौरान परिवार में मेडिकल इमरजेंसी के कारण घर वापस जाना पड़ा था।

अश्विन को फैमली मेडिकल इमरजेंसी स्थिति के कारण तीसरे टेस्ट मैच में दूसरे दिन के खेल के बाद मैच से हटना पड़ा।

अश्विन ने राजकोट में तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली के रूप में अपना 500वां टेस्ट विकेट लिया था और इस उपलब्धि पर दूसरे सबसे तेज 500 विकेट लिए थे। हालांकि, तीसरे दिन प्लेइंग-11 से बाहर रहने के बाद अश्विन तीसरे टेस्ट के चौथे दिन टीम में फिर से शामिल हो गए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो द क्रिकेट मंथली के साथ एक इंटरव्यू में अश्विन ने इस घटना पर प्रकाश डाला और इसे अपने करियर का सबसे घबराहट वाला क्षण बताया। अश्विन ने कहा कि पूरा परिवार क्रिकेट पर और मेरे करियर को सुविधाजनक बनाने के लिए बना है। यह



- तीसरे दिन प्लेइंग-11 से बाहर रहने के बाद अश्विन तीसरे टेस्ट के चौथे दिन टीम में फिर से शामिल हुए

आसान नहीं है। यह उनके लिए बहुत कठिन रहा है। यह उनके लिए एक बड़ा रोलर-कोस्टर रहा है। मुझे यकीन है कि अधिकांश माता-पिता और परिवार ऐसे ही हैं, लेकिन मेरे माता-पिता का जीवन मेरे क्रिकेट से और भी अधिक जुड़ा हुआ है। अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट पर पहुंचने की अविश्वसनीय उपलब्धि पर चर्चा करते समय विशेष रूप से अपने माता-पिता, पत्नी और मां का उल्लेख किया।

अनुभवी स्पिनर ने इस सफर में अपने परिवार द्वारा किए गए त्याग को स्वीकार किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान अश्विन ट्रेस्ट प्रारूप में अपना 100वां मैच खेलेंगे।

राजकोट में चल रही श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में अश्विन 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले 9वें और अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। जो मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, कुंबले ग्लेन मैक्ग्रा, कॉर्टनी वाल्श और नाथन लियोन जैसे गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए। इसके अलावा, उन्होंने घरेलू टेस्ट में 350 विकेट की बाधा को तोड़ दिया और कुंबले को पीछे छोड़ते हुए भारत के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने 99 टेस्ट मैचों में 507 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट लिए हैं।

## सार संक्षेप

### ओलिंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर : निशांत देव ने लुईस रिचर्डसन को हराया

**बस्तो अर्सिजियो।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ने ओलिंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग के मुकाबले में आज ब्रिटेन के मुक्केबाज लुईस रिचर्डसन को 3-1 हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। निशांत ने राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता रिचर्डसन के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए पहला राउंड 4-1 से जीता इसके बाद भारतीय मुक्केबाज ने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए दूसरा राउंड भी 5-0 से जीत लिया। निशांत ने तीसरे राउंड में अपनी बढ़त को बरकरार रखने के लिए रक्षात्मक रवैया अपनाया और आखिर में विभाजित फैसले से जीत हासिल की। एशियाई चैंपियनशिप में छह बार के पदक विजेता शिव थापा को 63.5 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन रुस्लान अब्दुल्लाव से हार का सामना करना पड़ा।

### इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दाव

**धर्मशाला।** इंग्लैंड ने पिच का मिजाज पढ़ने का प्रयास करते हुए गुरुवार यानि आज भारत के खिलाफ होने वाले पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को धर्मशाला की पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने पिच मिजाज भांपने का प्रयास करते हुए पिछले चौथे टेस्ट वाली टीम में केवल एक बदलाव करते हुए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

### पेरिस ओलंपिकः भारत पुरुष हॉकी अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा

**लुसाने।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पेरिस ओलंपिक 2024 अभियान की शुरुआत करेगी। बुधवार को एक समारोह में, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब इकराम और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने लुसाने में ओलंपिक हाउस में कार्यक्रम की घोषणा की। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला भारत के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह 2023 हॉकी विश्व कप में निर्धारित समय में 3-3 से बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में उनकी दिल दहला देने वाली हार से उबरने का मौका है।

# केजरीवाल ने एशियाई खेलों में पदक लाने वाले 11 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एशियन गेम्स-2022 में पदक जीत कर भारत का नाम रौशन करने वाले राजधानी के 11 खिलाड़ियों एवं तीन कोच को सम्मानित किया। श्री केजरीवाल ने कैश इंसेंटिव स्कीम के तहत स्वर्ण पदक लाने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़, सिल्वर को 75 लाख और कांस्य को 50 लाख रुपए का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खिलाड़ियों को हर स्तर पर मदद करेगी। हमने दिल्ली में देश की सबसे बेहतरीन खेल नीति बनाई है और अब इसमें कुछ और सुधार करेंगे। उन्होंने कहा कि पदक जीतने के बाद तो हर कोई खिलाड़ियों को सम्मान देने के



लिए आगे आता है, लेकिन जब ये खिलाड़ी संघर्ष कर रहे होते हैं, तब उनकी मदद करने कोई नहीं आता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार प्ले एंड प्रोग्रेस और मिशन एक्सिलेंस स्कीम के तहत आर्थिक मदद देकर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए तैयार करती है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने पूरी दुनिया में भारत और दिल्ली का नाम रौशन किया है। आप लोग साल दर साल दिल्ली और देश के लिए पदक ला रहे हैं। हमारे साथ-साथ पूरे देश को आप पर गर्व है। आप लोगों ने इसके लिए बहुत संघर्ष, त्याग और तपस्या की है, तब जाकर यह सब हासिल किया है। हमारी कोशिश है कि हम आपके संघर्ष में आपका जितना सहयोग कर सकते हैं, उतना सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तो हमारी कोशिश यही थी कि हम ज्यादा से ज्यादा उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करें। हमने जानकारी जुटाई तो पता चला कि देश के कई राज्यों में खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छी नीति है। हमने उन सभी नीतियों से दिल्ली में देश की सबसे बेहतरीन नीति बनाने की कोशिश की।

# मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर विदर्भ फाइनल में

### सलामी बल्लेबाज अथर्व तायड़े ने 39 रन, करुण नायर ने 105 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली

**नागपुर,** 06 मार्च (एजेंसियां)। गेंदाबाजों और बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ सेमीफाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश को 62 रनों से हराकर रणजी ट्रॉफी 2023-24 के फाइनल में पहुंच गया है। जहां उसकी भिड़ंत 10 मार्च को 41 बार की चैंपियन मुंबई होगी। विदर्भ की टीम ने भी दो बार खिताब जीता है। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में पहली पारी में विदर्भ की शुरुआत खराब रही थी। सलामी बल्लेबाज अथर्व तायड़े ने 39 रन करुण नायर ने 105 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली थी और पूरी टीम 170 रन पर सिमट गई थी। कप्तान अक्षय महज एक रन और टीम के तीन खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए थे। मध्य प्रदेश के लिए आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी का



मुजाहिरा करते हुए 15 ओवरों में 49 रन देकर चार विकेट लिए थे कुलवंत और वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट मिले। अनुभव अग्रवाल और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया था। इसके बाद हिमांशु मंत्री की शतकीय पारी की मदद से मध्य प्रदेश ने पहली पारी में 252 रन बनाए। मंत्री ने 265 गेंदों में 126 रन बनाए। विदर्भ के लिए उमेश यादव ने और यश ठाकुर ने तीन-तीन विकेट लिये। अक्षय को दो विकेट मिले। आदित्य सरवटे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में विदर्भ ने वापसी की। यश राठौर के 200 गेंदों में 141 रन की शतकीय पारी। जिसमें उन्होंने 18 चौके और दो छक्के लगाये। अक्षय ने कप्तानी पारी खेलते हुए 139 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 77 रन बनाए। अमन ने 59 रनों का योगदान दिया। विदर्भ की टीम 402 रन पर ऑल आउट हुई। मध्य प्रदेश को जीत के लिए 320 रन का लक्ष्य मिला था। विदर्भ की ओर से शानदार बल्लेबाजी करने वाले यश राठौर को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। मध्यप्रदेश की ओर से अनुभव अग्रवाल ने पांच विकेट लिये। कुलवंत खेजरोलिया और कुमार कार्तिकेय को दो-दो विकेट मिले। आवेश खान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



# मुझे नहीं पता कि 'बैजबॉल' का मतलब क्या है: रोहित

### भारत ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त ली

**धर्मशाला,** 6 मार्च (एजेंसियां)। भारत दौरे पर आई इंग्लैंड की टीम का हाल बहुत बुरा है। सीरीज के पहले मैच में दमदार जीत के बाद इंग्लिश टीम हार की हैट्रिक लगा चुकी है जबकि सीरीज पर पहले ही कब्जा कर चुकी टीम इंडिया की नजर इस बढ़त को और बढ़ाने पर है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि एचपीसीए में गुरुवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के साहसी दृष्टिकोण और खेलने की आक्रामक मानसिकता की प्रशंसा करने के बावजूद वह अभी भी बैजबॉल शब्द को लेकर उलझन में हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि एचपीसीए में गुरुवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के साहसी दृष्टिकोण और खेलने की आक्रामक मानसिकता की प्रशंसा करने के बावजूद वह अभी भी बज्बॉल शब्द को लेकर उलझन में हैं। इस बीच रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के धर्मशाला में आक्रामक रवैये को अपनाकर खेलने के मंसूबों की सराहना करने के बावजूद इंग्लिश टीम के बैजबॉल शब्द के प्रति हैरानी जताई। जब से ब्रेंडन मैकुलम ने इंग्लैंड के मुख्य कोच और बेन स्टोक्स ने कप्तानी संभाली है। टेस्ट क्रिकेट के प्रति उनके दृष्टिकोण, जिसे बैजबॉल कहा जाता है, ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया है।

**टेस्ट क्रिकेट के प्रति उनके दृष्टिकोण, जिसे बैजबॉल कहा जाता है, जिसने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया है**

हालांकि, भारत ने रांची में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली। यह मैकुलम के प्रमुख भूमिका निभाने के बाद इंग्लैंड के लिए पहली टेस्ट श्रृंखला हार थी। रोहित शर्मा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि बैज़बॉल का क्या मतलब है। मैंने किसी को गलत या बेपरवाह बल्लेबाजी करते नहीं देखा है। इंग्लैंड ने पिछली बार की तुलना में बेहतर क्रिकेट खेला है। लेकिन मुझे अभी भी नहीं पता कि बैज़बॉल का क्या मतलब है। इतना ही नहीं उन्होंने इंग्लिश बल्लेबाज बेन डकेट के एक बयान का जवाब दिया। जब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने आक्रामक क्रिकेट के लिए यशस्वी जायसवाल की प्रशंसा की, तो रोहित उन्हें तेजतर्रार ऋषभ पंत की याद दिलाने से खुद को नहीं रोक सके, जो अपने साहसी स्ट्रोकप्ले के लिए जाने जाते थे। डकेट ने तीसरे टेस्ट में कहा था कि जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें कुछ श्रेय लेना चाहिए कि वे दूसरे लोगों के टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके से अलग खेल रहे हैं।